राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-225
लखनऊ, गुरुवार 04 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





एनडीए के खाते में जाएंगी उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें : ब्रजेश पाठक 03

बीजेपी का सामना नहीं कर सकता इंडिया गठबंधन : राजनाथ 12


## संक्षिप्त समाचार

### दम घुटने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कपड़ा दुकान में बुधवार को तड़के भयानक आग लगने से ऊपरी मंजिल पर रह रहे एक ही परिवार के सात सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि यह घटना बुधवार को तड़के तीन बजे हुई, जिसमें तीन महिलाओं, दो पुरुषों और दो बच्चों सहित सात सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सभी शवों को सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना पाकर पुलिस फायर ब्रिगेड और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। दुर्भाग्य से उस समय तक सात लोगों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आगे कहा कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला है और विशेषज्ञ टीम की जांच के बाद इसका पता लगाया जाएगा।

### बॉक्सर विजेन्द्र सिंह कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा है। बॉक्सर विजेन्द्र सिंह कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने बुधवार को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विजेन्द्र सिंह ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा की नीतियों से प्रभावित हो कर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान विदेशों में बढ़ा है। जब से मोदी सरकार देश में आई तब से देश के खिलाड़ियों का मान बढ़ा है। उनका मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह उनकी राजनीतिक घर वापसी है। उल्लेखनीय है कि विजेन्द्र सिंह 2019 में कांग्रेस के टिकट पर दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े थे लेकिन भाजपा के रमेश बिधूड़ी के सामने हार का सामना करना पड़ा था। विजेंदर सिंह हरियाणा से ताल्लुक रखते हैं और जाट समुदाय का बड़ा चेहरा हैं।

### संजय सिंह छह महीने बाद तिहाड़ जेल से रिहा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 6 महीने बाद आज तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हो गए। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (2 अप्रैल) को उन्हें दिल्ली शराब नीति केस में जमानत दी थी। लीगल प्रोसेस की वजह से कल रिहाई नहीं हो पाई थी। संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह जमानत की प्रक्रिया पूरा करने के लिए बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची थी। कोर्ट ने 2 लाख रुपए के जमानती बॉन्ड और इतने ही अमाउंट की सिक्योरिटी पर जमानत दे दी। संजय सिंह की पत्नी ने 2 लाख का बॉन्ड भरा। कोर्ट ने संजय सिंह की जमानत के लिए तीन शर्तें रखीं। पहला- वे जेल से बाहर जाकर आबकारी नीति केस से जुड़ी कोई बयानबाजी नहीं करेंगे। दूसरा- अपना पासपोर्ट सरेंडर करेंगे। दिल्ली से बाहर जाने पर जांच एजेंसी को बताएंगे और अपनी लाइव लोकेशन शेयर करेंगे। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, संजय सिंह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने जाएंगे।

### कैंसर के लिए पहली घरेलू जीन थेरेपी का शुभारंभ आज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को कैंसर के लिए देश की पहली घरेलू जीन थेरेपी का शुभारंभ करेंगी। राष्ट्रपति भवन के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू 4 अप्रैल को मुंबई का दौरा करेंगी। इस दौरान वह आईआईटी बॉम्बे में कैंसर के लिए भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी लॉन्च करेंगी।

### राज्यसभा के 12 निर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद भवन में राज्यसभा के 12 निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने वालों में केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरुगन, धर्मशीला गुप्ता, मनोज कुमार झा, संजय यादव, गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, सुभाष चंदर, हर्ष महाजन, जी.सी. चन्द्रशेखर, अशोक सिंह, चंद्रकांत हंडोरे, मेधा विश्राम कुलकर्णी और साधना सिंह शामिल हैं।

---

सीएम ने फतेहपुर सीकरी में भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के समर्थन में लगाई जनचौपाल, कहा

# जेल जाने से डर रहे हैं अपराधी

▸ सपा-कांग्रेस को प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे : सीएम योगी

समृद्धि न्यूज

**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को फतेहपुर सीकरी में अपनी रौ में नजर आए। एक तरफ उन्होंने उत्तर प्रदेश के अपराधियों पर प्रहार किया तो दूसरी तरफ इंडी गठबंधन को भी खूब लताड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र कर लोगों से ही फिर एक बार मोदी सरकार की हामी भरवाई तो विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस को प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी, सांसद व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के समर्थन में विशाल जनचौपाल को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले अधिकांश क्षेत्रों में सूर्य अस्त होने



के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। सामान्य नागरिकों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। अपराधी सोचते थे कि पिछली सरकारों की तरह ही यह सरकार भी रहेगी, लेकिन सरकार ने कहा कि हम जीरो टालरेंस की नीति पर चलेंगे। तुम अपराध बंद करो या कीमत चुकाने को तैयार रहो। ज्यादातर अपराधी जमानत तुड़वाकर जेल में चले गए। अब तो कह रहे हैं कि हमें जेल भी न भेजें। अब वहां भी जाने से डर रहे हैं। कानून का डर माफिया व अपराधियों पर न हो तो यह गरीबों, व्यापारियों व सामान्य नागरिकों का जीना मुहाल कर देंगे। यूपी में हर दूसरे दिन दंगा होता था। कांग्रेस व सपा की दंगा-कर्फ्यू पॉलिसी को जिस प्रदेश ने झेला है, वहां अब दंगा-कर्फ्यू नहीं चलेगा। यह प्रदेश अब उपद्रव बर्दाश्त नहीं करेगा, बल्कि परंपरागत उत्सव के साथ जुड़ेगा। उत्सव प्रदेश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन है तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो दल को मिलाना चाहते हैं, लेकिन उनके दिल नहीं मिल पा रहे हैं। इंडी गठबंधन में जो लोग हैं, उनकी स्थिति भी आप देख रहे होंगे। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने सभी सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए, लेकिन कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी, फिर भी वे गठबंधन का हिस्सा हैं। केरल में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं किया, लेकिन वे इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। यही हाल महाराष्ट्र समेत अलग-अलग क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। इनको प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। कांग्रेस का प्रत्याशी सपा में और सपा का प्रत्याशी कांग्रेस में जा रहा है। तब किसी प्रकार जोड़तोड़ कर चुनावी अखाड़े में यह दांव आजमा रहे हैं। वहीं मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को आशीर्वाद देने के लिए आश्वस्त हैं। 18वीं लोकसभा के परिणाम के बारे में जनता आश्वस्त है। हमारी तैयारी सिर्फ यही है कि हमारा प्रत्याशी कितने अधिक वोटों से लीड लेकर संसद में पहुंचता है।

### भाजपा की जीत को लेकर कोई संदेह नहीं : सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के परिणाम स्पष्ट हैं और किसी को भी भाजपा की जीत को लेकर कोई संदेह नहीं है। हमारी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा का चुनाव बहुत स्पष्ट है। ये पहले ही दो ध्रुवों में विभाजित हो चुका है। इस बार फैमिली बनाम नेशन फर्स्ट, तुष्टीकरण बनाम राष्ट्रवाद, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस के बीच मुकाबला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन की हालत खराब है, उन्हें ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सूरसदन में प्रबुद्धजनों को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने पार्टी के प्रत्याशी, वर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के समर्थन में प्रचार किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 18वीं लोकसभा का चुनाव पहला ऐसा चुनाव है जिसके परिणाम के बारे में उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम कहीं किसी को कोई संदेह नहीं है। हर तरफसे एक ही आवाज आ रही है। आगरा में जीत सुनिश्चित है, मगर इस जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना है। प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे सभी प्रधानमंत्री मोदी के प्रतिनिधि बनकर घर घर जाएं और जनता को एक-एक वोट की ताकत समझाएं। उन्होंने कहा कि देश के सम्मान, सुरक्षा और युवा, किसान, महिला, व्यापारी और समाज के प्रत्येक तबके के लिए जो कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में हुए हैं। उन कार्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए जनता तीसरा कार्यकाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देने जा रही है।

# परिवारवाद को बढ़ावा देना इंडी गठबंधन का मकसद : शाह

समृद्धि न्यूज

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुजफ्फरनगर में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के समर्थन में आयोजित जनसभा में विपक्ष पर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) का मकसद परिवार के लोगों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है। जबकि मोदी का मकसद देश के किसान, गरीब, मजदूर, दलित और आदिवासी को मजबूत बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करना है।

अमित शाह ने बुढ़ाना स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा में कहा कि इस चुनाव में जो घमंडिया गठबंधन इकट्ठा हुआ है, उसमें 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले, भ्रष्टाचार करने वाले लोग एकत्र हुए हैं। जिस दिन मोदी ने मेरठ में रैली की उसी दिन विपक्षी गठबंधन ने भ्रष्टाचारी रैली आयोजित की और उसमें भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने की बात की। घमंडिया गठबंधन, जिसमें अखिलेश यादव की पार्टी और कांग्रेस है, ये कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या



में राम मंदिर बने। कांग्रेस ने 70 साल तक राम जन्मभूमि के मुद्दे को अटका कर, लटकाकर और भटकाकर रखा। मोदी ने केस भी जीता, भूमि-पूजन भी किया और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि मोदी ने गरीब एवं किसानों के उत्थान के लिए बहुत सारे कार्य किए हैं। मोदी ने गुड़ और गन्ने के इस क्षेत्र में गन्ने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाकर ढेर सारे बदलाव किए हैं। बसपा शासन में 19 चीनी मिलें बंद हुईं, अखिलेश के शासन में 10 चीनी मिलें बंद हुईं लेकिन भाजपा के शासन में 20 से अधिक चीनी मिलों को शुरू किया गया और 5 नई चीनी मिलें बनाने का काम भी हमारी सरकार ने किया है। भुगतान की जहां तक बात है, आज 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। ये चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।

### मुख्तार अंसारी मौत मामला : मानवाधिकार आयोग में केस दर्ज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में मौत के मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की शिकायत तथा जेल अधीक्षक बांदा की रिपोर्ट के क्रम में केस संख्या 6183/24/12/2024 जेसीडी दर्ज कर लिया है जेल अधीक्षक बांदा ने प्रक्रिया के अनुसार जेल में कैदी की मृत्यु पर मानवाधिकार आयोग को अपनी रिपोर्ट भेजी थी, वहीं अमिताभ ठाकुर ने आयोग से इस मृत्यु के संदिग्ध होने की शिकायत की थी। मुख्तार अंसारी और उनके परिवार के लोग एक लंबे समय से उन्हें धीमी गति से विष दिए जाने और जेल में हत्या का षडयंत्र किए जाने की आशंका व्यक्त कर रहे थे।

# लखनऊ एयरपोर्ट से 30 तस्कर कस्टम सिक्योरिटी से हुए फरार

▸ यूएई से 3.5 करोड़ के अवैध सोने व सिगरेट की छड़ें लेकर आ रहे थे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी में चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों की हिरासत से 30 तस्कर भाग गए हैं।

लखनऊ पुलिस ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ मिलकर उन सभी आरोपियों की बड़े पैमाने पर तलाश शुरू कर दी है, जिनका अभी तक पता नहीं चल सका है। मिली जानकारी के अनुसार राजस्व खुफिया निदेशालय से मिली सूचना के बाद हवाई अड्डे पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था कि 36 यात्री संयुक्त अरब अमीरात से 3.5 करोड़ रुपये के अवैध सोने और सिगरेट की छड़ें लेकर आ रहे थे। हिरासत में लिए गए यात्री सोमवार को शारजाह-लखनऊ फ्लाइट से उतर गए। कस्टम अधिकारियों ने उनके पास से 25 लाख रुपये जब्त किये थे। सभी को एयरपोर्ट परिसर के भीतर कड़ी केंद्रीय सुरक्षा मैं रखा गया था। मामला खुला तो काफी वक्त बीतने के बाद लखनऊ पुलिस को जानकारी दी गई। लेकिन सभी स्मगलर्स फरार हो चुके हैं।

### बिल्डर रमेश गंगवार के ठिकानों पर आईटी की रेड

**लखनऊ।** नामी सरकारी ठेकेदार और बिल्डर रमेश गंगवार के पूरे यूपी में कई ठिकानों पर बड़ी रेड हुआ है। सूत्रों के अनुसार इनकम टैक्स विभाग की कई टीम राजधानी लखनऊ, बरेली समेत कई शहरों में बिल्डर के ठिकानों और निजी स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दे रही हैं। बताया जा रहा है कि ठेकों में लेनदेन के दौरान बड़ी टैक्स हेराफेरी किये जाने के इनपुट को लेकर ये कार्रवाई हुई है। राजधानी में गोमतीनगर विस्तार इलाके में रमेश गंगवार के सरस्वती अपार्टमेंट स्थित फ्लैट में रेड की गई है।बताया जा रहा है कि रमेश गंगवार के यूपी से लेकर दिल्ली तक कई आईएएस से कनेक्शन हैं। उनपर लाभ पहुंचकर बिड लेने को लेकर भी आरोप लगते रहे हैं।

# एसटीएफ को मिली कामयाबी : सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले का मुख्य आरोपी राजीव गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले मुख्य आरोपी राजीव नयन को गिरफ्तार कर लिया है। पांच आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं गुरुग्राम के जिस रिजॉर्ट में अभ्यर्थियों को पेपर पढ़वाया गया था, उसकी भी गिरफ्तारी हो चुकी है। उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ मेरठ की यूनिट ने बुधवार को मुख्य आरोपी राजीव नयन को गिरफ्तार कर लिया है।

राजीव नयन मिश्रा पुत्र स्व. दीनानाथ मिश्रा प्रयागराज के थाना





मेजा ग्राम अमोरा का रहने वाला है। वर्तमान में वह भरतनगर जेके रोड भोपाल में रह रहा था। आरोपी राजीव थाना कंकरखेड़ा मेरठ के केस क्राइम 166/24 अन्तर्गत धारा 420/467/468/471/120बी आईपीसी 2/3/7/8/9 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम में वांछित चल रहा था। इसी मामले में अभियुक्त राजीव को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में प्रकाश में आया है कि गुड़गांव के अलावा राजीव ने रीवा के भी एक रिसोर्ट में अपने गैंग के साथ अभ्यर्थियों को पेपर पढ़वाया था। पूर्व में यह एनएचएम घोटाले में ग्वालियर और यूपी टेट पेपर लीक में कौशांबी से जेल जा चुका है। पेपर लीक मामले में अब तक मेरठ एसटीएफ की टीम 54 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है । इस मामले में एसटीएफ ने गुरुग्राम से रिसॉर्ट मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया था। इसी व्यक्ति के रिसॉर्ट में एक हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पेपर पढ़वाया गया था।

# केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

▸ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दायर की थी याचिका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। फिलहाल, फैसले को सुरक्षित रख लिया गया है। केजरीवाल ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। फिलहाल, फैसला



सुरक्षित रख लिया गया है। केजरीवाल ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की। इसके बाद हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को अपना जवाब पेश किया। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी अपना पक्ष रख रहे हैं। सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ पीएमएलए की धारा 50 के तहत कोई सामग्री नहीं है। ईडी ने पहला समन 30 अक्टूबर 2023 को भेजा गया है और 9वां समन 16 मार्च 2024 को भेजा गया। पहले और आखिरी समन के बीच छह महीने बीत गए। बिना किसी सबूत के केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। सिंघवी ने कहा कि यह केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार करने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। पहला वोट डाले जाने से पहले ही केजरीवाल और उनकी पार्टी को तोड़ने की कोशिश है। उनके पास कोई सबूत नहीं हैं, सिर्फ सरकारी गवाहों के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

### केमिकल फैक्टरी का बॉयलर फटा, सात लोगों की मौत, 27 घायल

**हैदराबाद।** संगारेड्डी जिले में बुधवार शाम भीषण अग्निकांड हुआ। हतनुरा मंडल के चंदापुर गांव के बाहरी इलाके में स्थित एसबी ऑर्गेनिक इंडस्ट्री में बॉयलर फटने से आग लग गई। विस्फोट से इमारतें नष्ट हो गईं। इस घटना में उद्योग के संचालक और निदेशक रवि समेत चार अन्य कर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 27 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए हैं और आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल इलाज चल रहा है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

# बसपा के 12 सीटों पर प्रत्याशी घोषित लखनऊ से सरवर मलिक को टिकट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बसपा ने बुधवार को लखनऊ लोकसभा सीट सहित 12 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। लखनऊ से पार्टी ने सरवर मलिक को उम्मीदवार बनाया है। बहुजन समाज पार्टी ने बुधवार को लखनऊ लोकसभा सीट सहित 12 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

पार्टी ने लखनऊ से सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय और मथुरा से सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी तरह सपा का रही मैनपुरी सीट



से गुलशन देव शाक्य, खीरी से अंशय कालरा रॉकीजी, उन्नाव से अशोक कुमार पांडेय को प्रत्याशी बनाया गया है मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को उम्मीदवार बनाया गया है। कन्नौज से इमरान बिन जफर, कौशाम्बी से शुभ नारायण, लालगंज से इंदू चौधरी और मिर्जापुर से मनीष त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में करोड़ों रुपए की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी अलका अरोड़ा समेत अन्य की 8.80 करोड़ की चल-अचल संपत्तियों को जब्त किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तत्कालीन मुख्य अभियंता जगदीश अरोड़ा और उनकी पत्नी अलका अरोड़ा, मैसर्स इंटीग्रल स्क्रू इंडस्ट्रीज के मालिक अनिल कुमार अग्रवाल व मैसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से संबंधित कुल 8.80 करोड़ रुपये कीमत की विभिन्न चल-अचल संपतियों को अनंतिम रूप से जब्त किया गया है।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से हर चुनाव में बन रहे नए रिकॉर्ड : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे रणनीति बनाने और बूथ जीतने के लिए अनुभवी कार्यकर्ताओं से सलाह लें। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और महिलाओं के व्हाट्सएप ग्रुप बनाने पर भी जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को नमो ऐप के माध्यम से उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण लोकसभा-विधानसभा के हर चुनाव में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। मोदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का ये जोश देखकर मुझे तो प्रसन्नता होती



है, लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका ये जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी वोटरों के सीधे संपर्क में होते हैं, उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं तो वो आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप उन्हें जो भी बता रहे होते हैं तो उन्हें लगता है ये मोदी बता रहा है। आप उन्हें जो भी गारंटी देते हैं तो आप पर भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं, तो गांरटी में ताकत है। इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं।

सहयोग

ऑस्ट्रेलियाई नौसेना प्रमुख भारत दौरे पर, साउथ ब्लॉक में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

# ऑस्ट्रेलिया संग द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को और मजबूत करेगा भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के दौरे पर आये रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी के चीफ वाइस एडमिरल मार्क हैमंड का बुधवार को भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने स्वागत किया। उन्होंने साउथ ब्लॉक लॉन में नौसेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। हैमंड ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर औपचारिक पुष्पांजलि अर्पित की। दोनों नौसेना प्रमुखों के बीच चर्चा में द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क हैमंड 02 से 06 अप्रैल तक भारत की आधिकारिक



यात्रा पर हैं। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर औपचारिक पुष्पांजलि अर्पित करके अपने दौरे की शुरुआत की। साउथ ब्लॉक पहुंचने पर भारतीय नौसेना की ओर से पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान आज नई दिल्ली में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के साथ बातचीत की। दोनों नौसेना प्रमुखों के बीच चर्चा में द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें बढ़ी हुई परिचालन व्यस्तताएं, प्रशिक्षण आदान-प्रदान और सूचना साझा करना शामिल है। ऑस्ट्रेलियाई नेवी चीफ नई दिल्ली में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान से भी मिले। बातचीत में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने, आपसी विश्वास को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों पर चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच सहयोग के भविष्य के रास्ते तय करते हुए आला प्रौद्योगिकियों और रक्षा उद्योग में सहयोग के रास्ते तलाशे गए। वह चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और रक्षा सचिव गिरधर अरमाने से भी मुलाकात करेंगे।

मार्क हैमंड कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान और मुंबई में पश्चिमी नौसेना कमान का दौरा करके संबंधित कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे। वह देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत, मुंबई में इंटीग्रेटेड सिम्युलेटर कॉम्प्लेक्स नेवल डॉकयार्ड और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) का भी दौरा करेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया हिंद-प्रशांत में कई समसामयिक समुद्री सुरक्षा मुद्दों पर समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। दोनों देश हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन, पश्चिमी प्रशांत जैसे कई द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर मिलकर काम कर रहे हैं।

पिछले माह विशाखापत्तनम में हुए बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन के दौरान रॉयल ऑस्ट्रेलियाई जहाज एचएमएएस वाररामुंगा भी शामिल हुआ था। इस समुद्री अभ्यास के बाद रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रमुख की यह यात्रा दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत और लंबे समय तक चलने वाले द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करती है।

# अवैध रूप से किये गए बालू भंडारण को एसडीएम ने किया जब्त

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा क्षेत्र में शारदा व घाघरा नदी समेत इधर उधर के गावों में खुलेआम हो रहे अवैध बालू व मिट्टी खनन को लेकर मिली शिकायतों के बाद एसडीएम राजेश कुमार ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ईसानगर के मजरा शिवपुर तिराहे पर घाघरा नदी से बड़े पैमाने खनन कर डंप की गई बालू के अवैध भंडारण को जब्त कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान मौके पर जिला खनन अधिकारी सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

धौरहरा क्षेत्र में घाघरा व शारदा नदी में बेखौफ़ होकर बगैर ठेका बालू मिट्टी के कारोबारियों द्वारा किए जा रहे अवैध खनन की लगातार हो रही शिकायतों के बाद बुधवार को ईसानगर क्षेत्र में घाघरा नदी के घाट से बालू का अवैध खनन कर किए गए भंडारण को एसडीएम राजेश कुमार ने शिवपुर तिराहे पर छापेमारी कर पकड़ लिया जहां डंप की गई करीब 260 घनमीटर अवैध बालू भंडारण को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी। जिला खनन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि जांच मे उक्त बालू का अवैध भंडारण जगदीश वर्मा निवासी चिंतापूरवा का बताया गया है। यही नहीं बताया जाता है कि सैकड़ों ट्रालियों से घाघरा व शारदा नदी के कछार से



क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर डंप कर बालू व मिट्टी को बरसात के समय अच्छे दामों मे बिक्री कर कारोबारी मालामाल होकर राजस्व को बड़े स्तर पर चूना लगा रहे है। वही मामले को लेकर आरोपी जगदीश वर्मा का कहना है कि बालू की बिक्री करने जैसी कोई बात नही है। वह बाईपास पर स्वयं का मकान बनवाने के लिए बालू लाये है। इस बाबत एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि मौके पर जिला खनन अधिकारी आवश्यक जांच कर समुचित कार्रवाई कर रहे हैं। लोक सम्पत्ति को जो भी नुकसान पहुंचाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल कुछ भी हो शारदा व घाघरा नदी में पड़े पैमाने पर हो रहे अवैध खनन को लेकर जहां कारोबारी मालामाल हो रहे है वही बड़े स्तर पर सरकारी राजस्व को चूना भी लगा रहे है। इस बाबत क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि कुछ प्रभावशाली लोग इस धंधे से जुड़े हुए है जिनके अंदर किसी तरह का कोई डर दिखाई नहीं पड़ता।अब देखना यह होगा कि दोनों बड़ी नदियों में किया जा रहा खनन पूर्णतया बन्द होगा या पूर्व की भांति होता रहेगा।

# प्लाईवुड के चौकीदार का संदिग्ध अवस्था में मिला शव, हत्या की आशंका

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खमरिया थाना क्षेत्र के मूसेपुर में स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में चौकीदारी का काम कर रहे मोहम्मदापुर निवासी व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है वही परिजन चौकीदार की हत्या होने की आशंका व्यक्त की है।

बुधवार को मूसेपुर में स्थित एक प्लाईवुड पर चौकीदार का काम कर रहे बदलू गौतम निवासी मोहम्मदापुर



का शव देखकर हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुचे खमरिया थाना प्रभारी निरीक्षक मनबोध तिवारी व धौरहरा सीओ पी.पी सिंह ने जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं मृतक चौकीदार के परिजनो ने शरीर पर चोट के निशान देखते हुए बदलू की हत्या किए जाने की आशंका जताई है,फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## खबरें एक नजर में

### पुरुष चिकित्सालय में तैनात गार्ड को पितृ शोक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** जिला पुलिस चिकित्सालय में तैनात गार्ड अभिषेक के पिता जी का निधन मंगलवार की रात हो गया था। इसके बाद जिला पुरुष चिकित्सालय में सीएमएस डॉ आरके कोली के निर्देश पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर और सभी कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान डॉ रोहित पाठक, डॉ कर्मवीर सिंह, देवनंदन श्रीवास्तव, अनुष त्रिवेदी, मनमोहन मौर्य, सुरेंद्र कश्यप, पंकज शुक्ला, राजेन्द्र मिश्रा, विशाल व अमित सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### ट्रक-ई रिक्शा की टक्कर से बच्ची की मौत

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर रोड़ पर कुनैठिया के पास एक ई-रिक्सा दुर्घटना ग्रस्त हो गया। ई रिक्शा से सवारी लेकर गोला की ओर आ रहा था, जिसमे पीछे से एक ट्रक नं0 UP50BT5192 द्वारा टक्कर मार दी गयी है। उक्त दुर्घटना मे एक बच्ची शालू पुत्री नीरज भारती उम्र करीब 9 वर्ष निवासी सिकन्द्राबाद थाना नीमगांव जनपद खीरी की मौके पर ही मृत्यु हो गयी है। सूचना पर उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह मय हमराह संग पहुँच कर मौके पर जाकर देखा और शव का पंचायतनामा भरकर पीएम की कार्यवाही नियमानुसार की। उक्त दुर्घटना मे नीरज भारती पुत्र रामआसरे उम्र करीब 30 वर्ष, पिंकी पत्नी नीरज भारती उम्र करीब 28 वर्ष निवासीगण सिकन्द्राबाद थाना नीमगांव जनपद खीरी,सोनम देवी पत्नी कमलजीत उम्र 22 वर्ष,मालती पत्नी सुधीर उम्र करीब 35 वर्ष, व आकांक्षा पुत्री सुधीर उम्र करीब 10 वर्ष निवासीगण ग्राम तुषौरा थाना गोला जनपद खीरी घायल हो गयी जिन्हे इलाज हेतु जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया गया। दुर्घटना कारित करने वाले ट्रक मय ड्राइवर को पुलिस द्वारा कब्जे मे लेकर विधिक कार्यवाही की गई।

### मृतक बच्चों के परिजनों से मिले शासन के अधिकारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा एम.के.एस. सुंदरम और महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में मृतक बच्चों के परिजनों से मिल कर सांत्वना प्रकट। दोनों अधिकारी कल देर शाम ही बाराबंकी पहुंच गए और पोस्टमार्टम हाउस पहुँचकर हालात का जायजा लिया और घायलों के लिए समुचित चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए उपचार की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एक बस में शैक्षिक भ्रमण से लौट रहे कंपोजिट विद्यालय के चार बच्चों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी और 25 बच्चे घायल हो गए थे। हादसे की सूचना मिलते ही ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार तथा एसपी दिनेश कुमार सिंह तत्काल मौके पर पहुँच गए थे और घटना की जानकारी कर घायलो के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। उल्लेखनीय है कि सूरतगंज ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय, हरक्का के बच्चे मंगलवार की सुबह प्राइवेट बस से शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ चिड़ियाघर गए थे। शाम को जब बच्चे वापस लौट रहे थे तभी बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी।

### गोमती नदी में मिला शव



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र के बेहटा गांव में के पास में गोमती नदी में उतरता दिखा अज्ञात युवक का शव होलिया नीली टी-शर्ट व काली पैंट में ग्रामीणों ने देखा तो 112 को सूचना दी मौके पर पहुंची 112 थाना लोनी कटरा फोर्स की मदद से सबको बाहर निकलवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के जिला मुख्यालय भेजा थाना अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी का कहना है कि शव की पहचान अभी तक नहीं हुआ है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खरीद प्रक्रिया पर सतत निगरानी के लिए क्रय केन्द्र पर नोडल अधिकारी तैनात

- डीएम की अपील, गेहूं को साफ एवं सुखाकर क्रय केन्द्रों पर बिक्री के लिए लायें किसान
- 100 कुन्तल तक गेहूं बिक्री के लिए सत्यापन से मुक्ति, बटाईदारों से भी होगी गेहूं खरीद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में जनपद लखीमपुर-खीरी में गेहूँ खरीद का शासन द्वारा 250700.00 मी. टन लक्ष्य आंवटित किया गया है। जनपद में 01 मार्च, 2024 से गेहूँ क्रय प्रगतिमान है। जिलाधिकारी द्वारा कृषकों को गेहूँ विक्रय में सुविधा एवं गेहूँ खरीद प्रणाली को पारदर्शिता के दृष्टिगत प्रत्येक क्रय केन्द्र पर नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जो कि खरीद प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखेंगे।

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत में गेहूँ का समर्थन मूल्य 2275 रु0/कु0 निर्धारित है। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कृषक बन्धुओं से अनुरोध किया है कि है अपने गेहूँ को साफ एवं सुखाकर क्रय केन्द्रों पर विक्रय हेतु लायें एवं न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठायें। किसी भी बहकावे में न आकर सरकारी क्रय केन्द्रों पर ही लाकर अपना गेहूँ विक्रय करें। सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी । कृषकों के सुविधा के दृष्टिगत क्रय केन्द्रों पर भी निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था है।

डिप्टी आरएमओ संतोष कुमार पटेल ने बताया कि जनपद में आज 02 अप्रैल 2024 को लखीमपुर मण्डी में 07 कृषकों से गेहूँ क्रय किया गया। कृषक द्वारा विक्री हेतु 100.00 कुन्तल तक गेहूँ सत्यापन से मुक्त है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में बटाईदारों से भी गेहूं क्रय किया जायेगा। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ विक्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय हेतु कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई. पोर्टल पर मैप्ड एवं सक्रिय होना जरूरी है। गेहूँ के मूल्य का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे कृषक बन्धुओं के आधार लिंक बैंक खाते में 48 घण्टे के भीतर किया जायेगा

### गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन जरूरी : डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय हेतु कृषक बन्धुओं को खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in अथवा विभाग के मोबाइल एप up kisan mitra पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीकृत किसानों से ही गेहूँ क्रय किया जायेगा। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ विक्रय हेतु पूर्व में पंजीकरण करा चुके कृषकों को गेहूँ विक्रय हेतु पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु उक्त पंजीकरण को संशोधित कर पुनः लॉक कराना होगा। यदि कृषक पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो जनपद में स्थापित कन्ट्रोलरुम मो0नं0 6396239116 या सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं। पंजीयन की प्रक्रिया 01 जनवरी, 2024 से शुरू है। जनपद में तदद्दिनांक तक कुल 5440 कृषकों का गेहूँ विक्रय हेतु पंजीयन हुआ है।



### सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र की लीला का हुआ संजीव मंचन

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।** संत श्रीतुलसीदास की कर्म स्थली श्रीराम वाटिका धाम में चल रहे संत तुलसीदास महोत्सव मे जनकल्याण के लिए आयोजित 27 लक्ष श्रीराम नाम महायज्ञ मे छठे दिन महन्त योगेश्वर दास उर्फ तपसी महराज, यज्ञ अधिष्ठाता श्री श्री 108 बाबा श्री रामदास जी महाराज व यज्ञाचार्य युधिष्ठिर जी महाराज के निर्देशन में वैदिक मंत्रोंउच्चार के बीच आहूतिया डाली गयी। रात्रि रासलीला में रासविहार, मयूर नृत्य, राजा हरिश्चंद्र के सत्य की परीक्षा की लीला का संजीव मंचन किया गया। जिसे देखने के लिए क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग रामवाटिका मे पहुँचे। संत श्रीतुलसीदास की कर्म स्थली श्रीराम वाटिका धाम में चल रहे श्री संत तुलसीदास महोत्सव एवं 27 लक्ष श्रीराम नाम महायज्ञ मे छठे दिन मंगलवार को सुबह से ही लोग आहूतिया देने के लिए पहुचे। वैदिक मंत्रोंउच्चार के बीच आहूतिया डाली गयी। इसके बाद बरसाना मथुरा से आई श्री श्यामा श्याम मिलन रासलीला संस्थान के कलाकरो ने रात में रासलीला के दौरान सत्य वादी राजा हरिश्चंद्र की परीक्षा की लीला का मंचन किया। इस दौरान संरक्षक भगवती प्रसाद अग्रवाल, प्रबंधक रामकुमार शर्मा, भगौती प्रसाद शुक्ला,समालिया प्रसाद मिश्र, अचल अवस्थी, योगेंद्र मिश्र, श्यामबाबू शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### उचक्कों ने एटीएम छीनकर उड़ाए 25 हजार

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** अति व्यस्तम मसौली चौराहे पर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा मे एटीएम से पैसा निकलाने गये युवक का एटीएम छीन कर भागे उचक्के ने थोड़ी ही देर मे एटीएम कार्ड से 25 हजार की नगदी साफ कर दी। पीड़ित युवक ने थाना मसौली मे घटना से संबंधित तहरीर दी है। बताते चले थाना व कस्बा मसौली के मोहल्ला मस्ताननगर निवासी सलमान पुत्र पुत्तन मसौली चौराहा स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा मे लगे एटीएम मशीन से पैसा निकलवाने गया था एटीएम मशीन से पैसा निकाल कर जैसे बूथ से बाहर निकला कि एक अज्ञात युवक ने झपटा मार कर एटीएम कार्ड लेकर भाग निकला सलमान द्वारा शोर मचाने पर उक्त युवक एक अन्य एटीएम कार्ड छोड़कर फरार हो गया इतनी ही देर मे पीड़ित युवक के मोबाईल पर आये मैसेज से 25 हजार की नगदी निकल गयी। पीड़ित ने थाना मसौली मे दिनदहाड़े घटना की तहरीर थाना मसौली मे दी है।

# कम राशन देने का विरोध करने पर कार्डधारक को कोटेदार ने धमकाया

**उचौलिया खीरी।**

एसडीएम से शिकायत

थाना उचौलिया क्षेत्र अंतर्गत गांव बरनैया में राशन डीलर द्वारा कम राशन देने और विरोध करने पर गाली गलौज व लाठी डंडों से मारने की कोशिश की गई। गांव बरनैया निवासी सफी मोहम्मद पुत्र सिरताज ने जनसुनवाई के माध्यम से शिकायत की है कि वह 26 मार्च सुबह 10:00 बजे अपने गांव के उचित राशन दर विक्रेता राजेंद्र प्रसाद पुत्र अशर्फी लाल के यहां राशन लेने गया था। उसने आरोप लगाते हुए बताया है कि वह पहले से ही राशन भरी बोरियों को तौलने लगा। तब कार्ड धारक ने कहा कि मेरे पास मेरी अपनी बोरी है आप मेरी बोरी में ही राशन तौल कर दें। तब कोटेदार ने कहा मैं अंगूठा लगवाने पर तुम्हारी बोरी में चार किलो प्रति यूनिट के हिसाब से ही राशन दूंगा। प्रार्थी ने कहा कि सरकार प्रति यूनिट 5 किलो राशन दे रही है मुझे उतना ही चाहिए। जिसके बाद राजेंद्र प्रसाद पुत्र असर्फी लाल, प्रशांत मिश्रा पुत्र राजेंद्र प्रसाद, माहेश्वरी मिश्रा पत्नी राजेंद्र प्रसाद व रंजना मिश्रा पत्नी राजेंद्र प्रसाद प्रार्थी को मां बहन की गंदी-गंदी जाति सूचक गालियां देने लगे जब प्रार्थी ने इसका विरोध किया तो उपरोक्त लोग लाठी डंडा लेकर आ गए प्रार्थी के चिल्लाने पर आस पड़ोस के लोगों ने बचा लिया। प्रार्थी ने कोटेदार पर एसडीएम और जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# पछुआ हवा चलने से सूख रही गेहूं की फसल

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



किसानों को हो रहा नुकसान

तेज रफ्तार पकड़ चुकी पछुआ हवा खेतों में लहलहा रही गेहूं की फसल पर आफत बनकर टूट पड़ी खेतों में पकने की कगार पर खड़ी गेहूं की फसल पछुआ हवा चलने के कारण अचानक सूख गई। सबसे अधिक परेशानी पिछैती गेहूं वाले किसानों को हुई है। गेहूं की बालियों में दाने भरपूर मात्रा में ग्रोथ भी नहीं कर पाए थे लेकिन पछुआ हवा ने उसे भी सुखा कर रख दिया।

हवा के दौरान किसान फसल में सिंचाई करें तो मुश्किल,न करें तो नुकसान। यह दुविधा उनके लिए गले की फांस बन गई है। किसानों का कहना है कि यदि हवा ज्यादा दिन तक चली तो स्थिति अधिक गंभीर हो जाएंगी। मंगलवार/बुधवार को तेज पछुआ हवा चली। गेहूं की फसल इस स्टेज पर है कि इसमें सिंचाई करनी लाजिमी है। क्षेत्र के हजारों हेक्टेयर रकबे में गेहूं की खेती हुई है। किसानों के सामने दिक्कत यह है कि यदि सिंचाई करते हैं तो निकल चुकी गेहूं की फसल की जड़ हवा में हिल सकती है। जड़ हिलने पर गेहूं का दाना पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाएगा। किसानों के सामने दूसरी समस्या यह है कि यदि सिंचाई करने से परहेज करें तो जमीन में नमी नहीं होगी। यदि नमी नहीं होगी तो फिर फसल में गेहूं के दाने पूरे विकास नहीं हो पाएंगे। यहीं नहीं पछुआ हवा गेहूं के दाने में बने दूध को सूखा देगा। किसानों की माने तो अगेती हो या पछेती सभी गेहूं को पछुआ हवा ने एकदम सुखा दिया है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग पांच घर जलकर खाक

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कारणों से आग लगने से एक ही परिवार के पांच घर जलकर राख हो। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से हजारों की नकदी समेत गृहस्थी का अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। वही आग लगे के दौरान सिलेंडर में विस्फोट होने से दो लोग चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत टेनवा मजरे जबदी गांव निवासी मोल्हे के छप्पर नुमा घर में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पड़ोस में मोल्हे के पुत्र श्यामू ,अनिल,अर्जुन, व बहू पुष्पा देवी पत्नी रामू के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से घर में रखी करीब 30 हजार रुपए की नगदी, कपड़ा बर्तन,अनाज समेत अन्य गृहस्थी का सामान भी जल कर राख हो गया। चीख पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने कड़ी महक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में लगभग 5 लाख का रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। वहीं आग लगने से घर में रखे गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया जिससे आग बुझा रहे गांव के ही 50 वर्षीय पुतान और 60 वर्षीय गुरु प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें गंभीर हालत में इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया जहां से पुतान की हालत गंभीर देख उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने घटना का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

### परिषदीय स्कूल के छात्रों को पास आउट होने पर दी शुभकामनाएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय करोरा में कक्षा पांच में पास हुए बच्चों को सम्मान के साथ उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई। मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय करौरा में ग्राम प्रधान रिंकी देवी की अध्यक्षता व प्रधानाध्यापक संगीता तिवारी के संयोजन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कक्षा चार के बच्चों ने कक्षा पांच के बच्चों को माला पहनाकर विदाई दी। सभी बच्चों को विद्यालय इंचार्ज प्रधानाध्यापिका संगीता तिवारी ने पुरस्कार एवं रोली चंदन लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संगीता तिवारी ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे। नए सत्र में पांच बच्चों का नामांकन किया गया नवीन बच्चों को रोली चंदन माला पहनाकर विद्यालय में स्वागत किया गया।

# सगे भाइयों में हुई मारपीट, परिवार के आधा दर्जन लोग घायल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम अमदहा मे बुधवार की दोपहर मे घर के जल निकासी की नाली को लेकर दो सगे भाइयो मे हुई मारपीट मे दोनो पक्षों के करीब आधा दर्जन से अधिक लोग लहुलुहान हो गये। पुलिस ने दोनो पक्षों से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बताते चले कि अमदहा निवासी सगे भाई जमील पुत्र बुद्धू के घर की नाली जलील के सहन मे होकर बहती है जिसको बंद करने के लिए सगे भाइयो मे आये दिन विवाद हुआ करता था। बुधवार को जमील उक्त नाली की सफाई कर रहा था कि जलील अपनी पत्नी सुरैय्या व पुत्री नूर बानो, गजाला व मुस्कान के साथ टूट पड़े जमील के शोर मचाने पर पिता को बचाने दौड़ी हिना, कनीज बानो व किस्मतूल पर हमलावर हो गये और देखते ही देखते दोनो ओर से लाठी डंडा एव ईट गुम्मा चलने लगे लोगो के बींच बचाव के बाद दोनो पक्ष थाना मसोली जाते समय हाइवे पर स्थित मसौली चौराहे पर फिर एक बार भिड़ गये और बींच चौराहे पर जमकर फिल्मी अंदाज मे मार पीट हुई जिसमे दोनो पक्षों से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये मौक़े पर पहुंची मसौली पुलिस ने दोनो पक्षों से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर सीएचसी बड़ागांव मे चिकत्सीय परीक्षण कराया है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम अमदहा मे दोनो सगे भाइयो के बीच नाली को लेकर विवाद हुआ है जिसमे घायलों का सीएचसी बड़ागाव मे चिकित्स्यीक परीक्षण कराकर दोनो पक्षों से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हमारा मतदान, लोकतंत्र की शान, जागरूकता कार्यक्रम कर दिलाई मतदान की शपथ

- बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान ने आयोजित किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**





स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल के छात्र, शिक्षकों और अभिभावकों ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। छात्रों ने नारे लगाए- हमारा मतदान, लोकतंत्र की शान,
आन बान शान से,
सरकार बनाएं मतदान से।

कार्यक्रम में युवा मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने मतदान शपथ पढ़कर सभी को शपथ दिलाया और कहा कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।

इस शपथ कार्यक्रम में डेढ़ सैकड़ा महिलाएं और पुरुषों ने भाग लिया। रत्नेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने जरूरी है। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, सरिता यादव, पूनम रत्नाकर, सरोज, सरस्वती, जियालाल सहित व्यवसाई मो रफी अंसारी, रमेश चन्द्र वर्मा, जानकी यादव सहित डेढ़ सैकड़ा महिलाये और पुरूष और डेढ़ सौ की संख्या में छात्रों ने भाग लिया।

### मतदाता जागरूकता के लिए 122 केन्द्रों पर आयोजित हुआ सास-बहू-ननद सम्मेलन



- तीन हजार से अधिक सास और बहुओं ने किया प्रतिभाग

**बाराबंकी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु जिला प्रशासन जनपद का वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार की परिकल्पना पर आधारित सास बहू सम्मेलन कार्यक्रम के तहत आज 122 केन्द्रों पर सास-बहू- ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 3412 प्रतिभागियो के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को मतदान के महत्व को रेखांकित किया गया और उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सूरतगंज परियोजना की आंगनबाड़ी केंद्र बीकेपुर गांव की सास श्रीमती कमला ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में वह अपनी बहू नीतू के साथ वोट डालने एक साथ जाएंगे और मोहल्ले की सभी महिला मतदाताओं को भी इसके लिए जागरूक करेंगी। इसी प्रकार बनीकोडर परियोजना की हथौंदा आंगनबाड़ी केंद्र में बहु पूनम ने अपनी ननद नेहा और सास के साथ वोट डालने की बात कही। सम्मेलन के दौरान सभी को बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

# अनिरुद्ध ने हासिल की एमबीबीएस की डिग्री, मिल रहीं बधाइयां

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के छोटे से गांव ताले सिंह का पुरवा मजरे अंसारी गांव निवासी अनिरुद्ध सिंह के पुत्र आकाश विक्रम सिंह ने एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री हासिल कर हैदरगढ़ के साथ समूचे जिले का नाम रोशन किया है। उनके इस बड़ी सफलता के बाद परिवार में खुशी का माहौल है, तो वहीं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने आकाश विक्रम सिंह की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक ताले सिंह का पुरवा से निकलकर आकाश विक्रम सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत व लगन के बलबूते एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री हासिल कर सफलता का परचम लहराते हुए अपने माता- पिता के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आकाश विक्रम सिंह ने हाल ही में डॉ राम मनोहर लोहिया आर्युविज्ञान संस्थान लखनऊ से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। बताते चले कि एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाले आकाश विक्रम सिंह शुरुआत से ही पढ़ाई में बहुत तेज थे। इन्होंने सिटी मांटेसरी स्कूल कानपुर रोड लखनऊ से हाइस्कूल में 91 प्रतिशत तो वहीं इंटरमीडिएट में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर मेधावी छात्र रहें। इसके बाद उन्होंने 2019 में नीट की परीक्षा में 662 अंक हासिल कर 3739 वीं रैंक हासिल कर उनका डॉ राम मनोहर



लोहिया आर्युविज्ञान संस्थान लखनऊ में उनका चयन हुआ है। जहाँ पर उन्होंने पढ़ाई कर एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाले आकाश विक्रम सिंह के पिता अनिरूद्ध सिंह एक प्राइवेट कंपनी में उच्च पद पर तैनात हैं, तो वही माता श्रीमती रानी सिंह गृहिणी है। बेटे की इस बड़ी सफलता के बाद माता-पिता के साथ बाबा लखन सिंह व दादी श्रीमती कौशल्या सिंह काफी गदगद हैं। छोटे से गांव से निकलकर एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री हासिल करने वाले आकाश विक्रम सिंह के इस सफलता के बाद भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह, प्रधान अंसारी अलगू सिंह, प्रधान चौबीसी गौरव सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, अध्यक्ष पूर्व प्रधान संघ व ग्राम प्रधान ककरी सचिन सिंह, प्रधान थलवारा कुंवर रामानंद सिंह, प्रधान जमीन हुसैनाबाद सोनू सिंह, प्रधान भिखरा नीरज सिंह, प्रधान भटगवां रविंद्र प्रताप सिंह, प्रधान संतोष सिंह, प्रधान अभय प्रताप सिंह गुड्डू, आशीष सिंह, दीपक सिंह, शेखर मिश्रा, एडवोकेट देवेन्द्र, मिश्रा, अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि आकाश विक्रम सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत के बलबूते जो सफलता हासिल की है। वह क्षेत्र को गौरवान्वित कर देने वाली है एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर उन्होंने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधान चौबीसी गौरव सिंह ने कहा कि आकाश विक्रम सिंह की इस सफलता से युवाओं को सीख लेनी चाहिए अगर मजबूत इरादे हो तो कोई भी छात्र बाद से बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है उन्होंने आगे कहा कि एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री हासिल करने वाले आकाश विक्रम सिंह के साथ हमारी शुभकामनाएं हैं वह और भी आगे तरक्की करें।

# एनडीए के खाते में जाएंगी उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें : ब्रजेश पाठक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरे देश में मोदी की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन फ्लॉप शो साबित होगा। श्री पाठक ने कहा समाजवादी पार्टी को प्रत्याशी ढूढें नही मिल रहे हैं।

हार का डर इस कदर हावी है कि वे बार-बार प्रत्याशी बदल रहे हैं। जो प्रत्याशी घोषित करते हैं वे लड़ने से मना कर देते हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में विपक्ष को जीरो सीटें मिलेंगी। आज उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ जुड़ करके भाजपा को अपना समर्थन और आशीर्वाद दे रही है। प्रदेश की सभी 80 सीटों पर राजग गठबंधन को विजय मिलेगी। श्री पाठक ने बुधवार को गौतमबुद्धनगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षो मे हुए गरीब कल्याण के कार्यो और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीत का परिणाम है कि आज राजग गठबंधन के सभी प्रत्याशियों को समाज के सभी वर्गो का भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश मे कोई भी दल भाजपा गठबंधन का मुकाबला नही कर पा रहा है। श्री पाठक ने कहा विपक्ष हताश और निराश है।

# श्याम सरण नेगी ने आजाद भारत में डाला था सबसे पहले वोट

## चुनाव आयोग ने मतदान के लिए की भारी कवायद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 19 अप्रैल से मतदान शुरू हो रहा है। लोगों को चुनाव में मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। खास तौर पर पहली बार वोट डालने वालों से अपील की जा रही है कि वे मताधिकार का जरूर इस्तेमाल करें। सवाल जेहन में आता होगा कि आजाद भारत में सबसे पहला वोटर कौन था। किसने सबसे पहले वोट दिया था। आजाद भारत में पहली बार मतदान करने



वाले शख्स का नाम था श्याम सरण नेगी।

नेगी ने 25 अक्टूबर 1951 को पहली बार मतदान किया था और आजाद भारत के पहले वोटर बने थे। फरवरी 1952 में भारत में पहला आम चुनाव हुआ था लेकिन नेगी ने खास वजहों से 1951 में ही मतदान कर दिया था। श्याम सरण नेगी का जन्म जुलाई 1917 में हिमाचल प्रदेश के किन्नौर के कल्पा में हुआ था। 10 साल की उम्र में स्कूल गए और यहां पांचवीं तक की पढ़ाई पूरी की थी। नौवीं तक की पढ़ाई के लिए रामपुर में की। उम्र ज्यादा होने के कारण उन्हें 10वीं कक्षा में प्रवेश नहीं मिला। श्याम सरण नेगी ने 1940 से 1946 तक वन विभाग में वन गार्ड के तौर पर नौकरी की और उसके बाद शिक्षा विभाग में चले गए। कल्पा लोअर मिडल स्कूल में अध्यापक की नौकरी की।श्याम शरण नेगी ने पहला वोट 25 अक्टूबर 1951 को ब्रिटिश शासन के समाप्ति के बाद हुए पहले चुनाव में दिया था। आम चुनाव 1952 में हुए थे लेकिन वह 1951 में ही मतदान कर इतिहास रच चुके थे। किन्नौर के कल्पा में भारी बर्फबारी होने के कारण यहां पहले ही मतदान प्रक्रिया कराई गई। श्याम सरण नेगी ने सबसे पहले पहुंचकर वोट डाला था। पूरे देश में फरवरी 1952 में पहला लोकसभा चुनाव हुआ था। श्याम सरण नेगी किन्नौर के मूरंग स्कूल में अध्यापक थे और चुनाव में उनकी ड्यूटी लगी थी। उन्होंने अधिकारियों से वोट डालकर ड्यूटी पर जाने की इजाजत मांगी। वह सुबह 6.25 बजे मतदान स्थल पहुंचे। नेगी की गुजारिश पर चुनाव अधिकारियों से वोट डालने की अनुमति मिली और इस तरह वे आजाद भारत के पहले मतदाता बन गए।

### 2014 नेगी बने थे चुनाव आयोग के ब्रांड एंबेसडर

2014 में मतदान को प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग ने नेगी को ब्रांड एंबेसडर बनाया था और उन्होंने लोगों को आम चुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए एक गूगल वीडियो में अभिनय किया था। उन्होंने कहा, युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आगे आना चाहिए क्योंकि मताधिकार का प्रयोग करके चुनाव में भाग लेना न केवल हमारा अधिकार है बल्कि हमारा कर्तव्य है। 2022 में 34वीं बार वोट डालने के तीन दिन बाद भारत के सबसे बुजुर्ग मतदाता श्याम शरण नेगी का 5 नवंबर, 2022 को हिमाचल प्रदेश के कल्पा स्थित उनके घर पर निधन हो गया। वह 106 वर्ष के थे। एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेगी को श्रद्धांजलि दी थी। कल्पा स्थित उनके गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया था।

## खबरें एक नजर में

### जनसेवा केंद्र में सेंध लगाकर चोरी, पड़ोसी ने दी जानकारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र में स्थित एक जन सेवा केंद्र पर मंगलवार की रात को चोर सेंध लगाकर हजारों रुपए की नकदी समेत अन्य सामान उठा ले गए। बुधवार की सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। नगराम थाना क्षेत्र के असलम नगर गांव निवासी परमजीत अपने दोस्त राजेंद्र प्रसाद के साथ मिलकर कनौजिया मार्केट में जन सेवा केंद्र चलाते हैं। प्रतिदिन की भांति वह मंगलवार की शाम जन सेवा केंद्र बंद करके अपने घर चले गए। बुधवार की सुबह पड़ोसी मेडिकल दुकानदार प्रमोद रही ने उन्हें दुकान में चोरी होने की जानकारी दी। जब वे सहज जन सेवा केंद्र पर पहुंचे तो देखा कि सहज जन सेवा केंद्र में पीछे की दीवार में सेंध लगा है। सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। चोर मेज की रैक में रखी 55 हजार रुपए की नकदी सहित अन्य सामान उठा ले गए। जिसके बाद उन्होंने चोरी की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर चोरों के खोजबीन में जुट गई है। नगराम थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

### कुत्ते को बांधकर दी गई तालिबानी सजा, वीडियो वायरल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें कुत्ते को बांधकर तालिबानी सजा दी जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद अब आरोपितों पर कार्रवाई की मांग उठने लगी है। सोशल मीडिया में सार्वजनिक हो रहा वीडियो गोमती नगर थाना क्षेत्र स्थित लोधपुर उजरियांव गांव का बताया जा रहा है। यहां पर एक व्यक्ति जो बाइक के पीछे रस्सी से कुत्ते को बांध दिया है। वहीं, महिला उस कुत्ते को डंडे से पीट रही है। पीटने के बाद बाइक में बांधकर कुत्ते को घसीटा। आरोपित युवक और महिला दोनों पति-पत्नी बताये जा रहे हैं। गोमतीनगर थाना की पुलिस ने इस वीडियो को संज्ञान में लेकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

### लखनऊ में नौकर ने बच्ची से किया दुष्कर्म

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में बुधवार को नौकर के नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस मामले में तहरीर लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने बताया कि बिजनौर थाना इलाके में रहने वाले परिवार ने एक तहरीर दी है। इसमें बताया कि उनके घर पर करीब 20 वर्ष से एक युवक बतौर नौकर काम कर रहा है। पूरा परिवार उस पर भरोसा करता था। उसके ही भरोसे पर अपनी बच्ची को छोड़कर काम पर जाते थे। रोजाना की तरह बुधवार को भी परिवार काम पर गया। इसी दौरान नौकर ने उनकी बच्ची से दुष्कर्म किया। इसका उसने वीडियो भी बनाया जो आउट होने पर घरवालों को जानकारी हुई। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है। बच्ची को शारीरिक परीक्षण कराया गया है।

### महंत नृत्य गोपाल दास को मेदांता अस्पताल से मिली छुट्टी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी अयोध्या के महंत नृत्य गोपाल दास को मेदांता अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। उन्हें पेशाब संबंधी समस्या के चलते 31 मार्च को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेदांता के निदेशक डॉ. राकेश कपूर और क्रिटिकल केयर मेडिसिन के निदेशक डॉ. दिलीप दुबे के नेतृत्व में सुपर-विशेषज्ञों की टीम ने संक्रामक रोग सलाहकार डॉ. सौरव पॉल के साथ मिलकर काम किया। गहन जांच के बाद अब उन्हें स्थिर स्थिति में छुट्टी दे दी गई है।

### पड़ोसी से गाली-गालौज व मारपीट में पिता-पुत्र पर केस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज के मऊ गांव निवासी मोहित ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते सोमवार की दोपहर ढाई बजे के करीब पड़ोसी सोनू गौतम को दरवाजे पर लगे सरकारी नल को तेज तेज चलाने से मना किया तो वो आगबबूला हो गया ओर गाली-गालौज करते हुये सार्वजनिक रूप से अश्लील हरकते करने लगा मौके पर पहुंचे उसके पिता राजू भी बेटे सोनू को मना करने की बजाय मारपीट पर आमदा हो गये ओर गाली-गालौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पिता-पुत्र की दबंगई व गाली-गालौज करने का मगंलवार को सोशल मीडिया वीडियों वायरल होने के बाद अफसरों ने फटकार लगायी तब जाकर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी बेटे सोनू को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर हिन्दू महासभा तैयार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा पूरी तरह तैयार है। तैयारियों के बीच उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों में देवरिया से ताल ठोंक रहे अशोक कुमार श्रीवास्तव ने आज यहां कुर्सी रोड स्थित हिन्दू महासभा के प्रदेष कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी से मुलाकात कर चुनावी तैयारियों पर चर्चा की और बताया कि हिन्दू महासभा की नीतियों और विचारों को लेकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पार्टी की ओर से नामांकन करने के लिये एबी फार्म टिकट लेने पहुंचे देवरिया प्रत्याशी के साथ मुलाकात के बाद प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न लोकसभा चुनाव क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे विभिन्न प्रत्याशियों ने प्रचार-प्रसार जोरों के साथ शुरू कर चुके है और पार्टी को पूरा भरोसा है कि इस बार लोकसभा चुनाव में हिन्दू महासभा बेहतर प्रभाव डालने में सफल होगी। श्री त्रिवेदी ने बताया कि कई सालों बाद हिन्दू महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देशभर के विभिन्न राज्यों में पार्टी के प्रत्याशी चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे है।

# भ्रामक व भड़काऊ विज्ञापनों पर लगी रोक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशित कराये जाने वाले भड़काऊ, भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक लगा दी गयी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन के दौरान किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार, किसी अन्य संगठन या व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशन वाले विज्ञापनों की सामग्री को राज्य व जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराना आवश्यक है। आवेदक को विज्ञापन के प्रकाशन के प्रस्तावित तिथि से न्यूनतम 02 दिन पूर्व एमसीएमसी समिति के समक्ष आवेदन करते हुए विज्ञापन प्रमाणित कराया जाना अनिवार्य होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने संविधान के अनुच्छेद-324 में निहित प्राविधानों और इस संदर्भ में प्राप्त अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्देशित किया है कि कोई भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार, कोई अन्य संस्थान, व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन या मतदान से एक दिन पहले एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराये बगैर प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करवाया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जायेगा कि भड़काऊ, गुमराह करने वाले, घृणास्पद विज्ञापनों के कारण न कोई प्रतिकूल घटना घटित हो और न ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति हो। क्योंकि ऐसे विज्ञापन निर्वाचन की अंतिम तिथि में सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को दूषित कर देते है, ऐसी स्थिति में प्रभावित दलों या उम्मीदवारों को स्पष्टीकरण देने या खण्डन करने का भी अवसर नहीं मिलता।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन के प्रथम चरण से लेकर सप्तम चरण के मतदान दिवस और मतदान दिवस से एक दिन पहले की प्रतिबंधित दिवसों की समय सारिणी निर्धारित कर दी है। निर्वाचन के प्रथम चरण का मतदान दिवस 19 अप्रैल को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस18 एवं 19 अप्रैल है। द्वितीय चरण का मतदान दिवस 26 अप्रैल को है, इस चरण केप्रतिबंधित दिवस 25 एवं 26 अप्रैल है। तृतीय चरण का मतदान दिवस 07 मई को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 06 एवं 07 मई है।

चतुर्थ चरण का मतदान दिवस 13 मई को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 12 एवं 13 मई है। पांचवे चरण का मतदान दिवस 20 मई को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 19 एवं 20 मई है। छठवें चरण का मतदान दिवस 25 मई को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 24 एवं 25 मई है। सातवें चरण का मतदान दिवस 01 जून को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 31 मई और 01 जून निर्धारित है।

### उत्तर प्रदेश में सक्रिय हैं प्रवर्तन एजेंसियां व उड़नदस्ते

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध मदिरा, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 02 अप्रैल तक 106.45 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी जब्त किये गये, इसमें 1,896 लाख रुपये से अधिक धनराशि, 3689.18 लाख रुपये कीमत की 777703.30 लीटर शराब, 4168.82 लाख रुपये कीमत की 6849530.13 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 0.43 लाख रुपये के मुफ्त उपहार एवं 112.96 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 02 अप्रैल को193.18 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया।

# लोकसभा चुनाव में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की होगी अहम भूमिका

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने कहा कि लोकसभा 2024 के चुनाव में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की भूमिका अहम होने जा रही है। संयुक्त परिषद के पदाधिकारी मतदाता जागरण अभियान के माध्यम से प्रदेश के कर्मचारियों से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़े हुए संगठन, विभिन्न फील्ड वर्कर्स एसोसिएशन, प्रदेश की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से सीधे संपर्क में है।

प्रदेश में कार्यरत ढाई लाख से अधिक आशा बहुएं प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत के घर घर में घुसी हुई हैं।आशा बहू और ग्रामीण जनता, विशेष कर महिलाओं के साथ उनका कंफूसिया रिश्ता है। आशा बहुएं प्रजापत तंत्र में अपनी भूमिका के माध्यमसे चुनाव को कोई भी मोड़ दे पाने में सक्षम है। खाद्य रसद विभाग के कर्मचारी राशन वितरण के माध्यमसे प्रदेश के 80 लाख से भी अधिक गरीब परिवारों से सीधे जुड़े हुए हैं। गरीब परिवारों राशन वितरण एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य के दौरान खाद्य रसद विभाग के कर्मचारी 80 लाख परिवारों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए लोकसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका मे हो सकते हैं। समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग के आश्रम पद्धति विद्यालयों मे कार्यरत संविदा शिक्षक, माध्यम एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों के साथ सीधे जुड़े हुए हैं। आश्रम पद्धति विद्यालय, आवासीय विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में आदिवासी, जनजाति एवं समाज के निचले तबके के परिवारों के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि इन बच्चों के माध्यमसे जनजाति विकास एवं समाज कल्याण विभाग में 1000 से भी संविदा शिक्षक संपूर्ण आदिवासी, जनजाति एवं अंत्योदय योजना के अंतर्गत जीवन यापन कर रहे परिवारों से सीधे जुड़े हुए हैं। यह शिक्षक भी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मतदाता जागरूकता अभियान में सम्मिलित है। मुख्यमंत्री ने आउट सोर्स कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी तय करने की घोषणा किया था। कई वार्ताओं के कार्यवृत्त मे भी न्यूनतम मजदूरी तय करने का निर्देश लिखित रूप में आया है।

# साहित्यिक व सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव नजराना-ए-अवध का हुआ उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज लखनऊ में 3 अप्रैल को साहित्यिक व सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव नजराना-ए-अवध के चार दिवसीय समारोह के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक/सचिव प्रो. निशि पांडे द्वारा सम्मानित मुख्य अतिथि प्रो. मांडवी सिंह, कुलपति भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ) का भव्य स्वागत गर्मजोशी और सम्मान के साथ किया गया ।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ गणमान्य अतिथि एवं महाविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया और फिर स्वागत परंपरागत प्रो, निशि पांडे द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्राओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। प्रो. निशि पांडे ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि के आत्मवृत से सभा को अवगत कराया एवं सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और आगंतुकों का उनकी उपस्थिति और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन से छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य में कामयाबी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और फिर राष्ट्रगान के साथ उद्घाटन सत्र का समापन हो गया। उद्घाटन सत्र के उपरांत प्रथम दिवस में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला का आरंभ हुआ। जिसमे अनेक विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों जैसे आई आई टी, आई आई एल एम, महाराजा बिजली पासी महाविद्यालय, नवयुग कन्या महाविद्यालय लखनऊ, स्टडी हाल महाविद्यालय आदि के छात्र एवं छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का आरम्भ समूह नृत्य से हुआ।

उसके बाद टर्नकोट, रिगार्ड बिफोर डिस्कार्ट, एकल नृत्य, अंग्रेजी और हिंदी दोनों ही भाषाओं में काव्य लेखन एवं लघुकथा लेखन प्रतियोगिताएं कराई गई । उत्सव के समापन पर दिए गए अपने धन्यवाद प्रस्ताव में, प्राचार्या प्रो. बीना राय ने गर्व और कृतज्ञता व्यक्त की।

### रंजिश में दबंगों ने देवर-भाभी को पीटा, एक गिरफ्तार

**लखनऊ ।** निगोहां गांव निवासी अनीता ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते मगंलवार की शाम चार बजे के करीब पुरानी रंजिश में विपक्षी रामखेलावन रावत, गीता, रामदुलारी, सचिन ने लाठी डंडो से लैस होकर घर आ धमके ओर गाली-गालौज करते हुये विरोध करने पर देवर शिव कुमार की बुरी पिटाई कर लहूलुहान कर मरणासन्न कर दिया,चीख पुकार सुनकर जब वो देवर को बचाने दौड़ी तो आरोपियो ने उसकी भी बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मौके से भाग निकलें। जिसके बाद परिजन गम्भीर रूप से घायल शिवकुमार व उसकी भाभी अनीता को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये,जहां डाक्टरो ने देवर की हालत गम्भीर देख डाक्टर ने ट्रामा रेफर कर दिया।जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिये एम्बुलेंस की मदद से ट्रामा लेकर गयें। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर चार आरोपियो पर गैर इरादन हत्या के प्रयास,जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी रामखेलावन को गिरफ्तार कर अन्य की तलाश शुरू कर दी गयी हैं।



**मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार कार्यालय में लखनऊ- कानपुर-एक्सप्रेसवे के निर्माणाधीन मार्गो पर यातायात व्यवस्था सुगम व सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।**

### ईद-उल-फितर की नमाज से पहले गरीब, कमजोर भाइयों को जरूर याद रखें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्र के निस्वार्थ सेवक, सामाजिक नेता और पिछड़े वर्ग के लोगों को उनके सबसे कठिन समय में समर्थन देने वाले राष्ट्रीय कार्य कर्ता संगठन के प्रमुख एम. अफाक ने कहा कि रमजान के दो दशक पूरे हो चुके हैं। और तीसरे दशक की दो ताक रातें भी बीत चुकी हैं, हमारे जवान भाई जिन्हें इन रातों में इबादत करनी चाहिए, वे रातें अपनी गफलत में गुजार देते हैं अल्लाह और रसूल को भी भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस माह में एक रात ऐसी है जो हजारों महीनों से बेहतर है, इसे शबे कद्र कहा जाता है, कद्र की रात पिछले पांच रातों में से एक रात होती है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को शेष विषम रातों के महत्व को समझकर विशेष इबादत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दस दिन की अवधि बहुत महत्वपूर्ण है । इसमें अच्छी तरह से इबादत करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि यह रात सम्मान के मामले में बाकी रातों से ज्यादा है, इसीलिए इसे लैलातुल कद्र कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इस रात इबादत करने से पिछले गुनाह माफहो जाते हैं। पिछले दशक की पांच विषम रातों में इसे ढूंढ़ने का आदेश दिया गया है, उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को इन विषम रातों में विशेष इबादत का इंतजाम करना चाहिए. गरीबों की मदद की जाए तो बेहतर है, ताकि हमारे गरीब ईद में समान रूप से भाग ले सकें, क्योंकि इस समय बहुत ज्यादा बेरोजगारी है। और हमारा फर्ज है कि अल्लाह ने जो दौलत हमें दी है, उस से हम कमजोरों की मदद करें और ईद-उल-फितर की वाजिब नमाज पढ़ें, तो हमें ज्यादा सवाब मिलेगा।

नामांकन

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा उम्मीदवार के नामांकन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा

# देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार काम कर रहे पीएम मोदी

### आईसीयू में पड़ी हैं, विपक्षी पार्टियां, ऑक्सीजन की जरूरत नहीं

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को यहां कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस एक्सपायरी डेट की दवा हैं। विपक्षी पार्टियां अब आईसीयू में पड़ी हैं, जिन्हें अब ऑक्सीजन देने की जरूरत नहीं है। क्योंकि इन पार्टियों को अगर दोबारा ऑक्सीजन मिली तो ये लोग फिर मिलकर देश को लूटने का काम करेंगे। राहुल, अखिलेश और बहन मायावती के लिए अगले 2047 वर्ष तक वेकेंसी खत्म है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करती है। भाजपा लोक कल्याण के लिए काम करती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के उज्जवल भविष्य और विकसित भारत के लिए लगातार काम कर रहे हैं। सबका साथ और सबका विकास भाजपा की नीति है। भाजपा की सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। गरीब का कल्याण हमारी सरकार का एजेंडा है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सपा सरकार में बिजली आती नहीं थी और अब बिजली जाती नहीं हैं। सपा सरकार में गरीब के खेत पर कब्जा करने वालों का बोलबाला था। विपक्ष के नेताओं ने कहा कि हम कोरोना का टीका नहीं लगवाएंगे और जनता ने उन्हें चुनाव में कमल के फूल का टीका लगा दिया। इस बार कांग्रेस मुक्त भारत और सपा-बसपा मुक्त उत्तर प्रदेश बनाना है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा उम्मीदवार के नामांकन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बुलंदशहर से भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह जिले में तीसरी बार कमल खिलाएंगे। उन्होंने कहा कि बुलंदशहर बाबूजी कल्याण सिंह की कर्म भूमि रही है। बुलंदशहर को कल्याण सिंह का आशीर्वाद मिलता रहा है। भाजपा उत्तर प्रदेश में 80 सीट जीतेगी। सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाई है और इस बार हर बूथ पर 370 वोट अतिरिक्त लेने का लक्ष्य भी पार्टी ने रखा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने सपा, बसपा और कांग्रेस का सफाया करने का मन बना लिया है।

### इंडी गठबंधन के पास न नेता, न नीति और न नीयतः भूपेंद्र सिंह चौधरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी बुधवार को बागपत के बड़ौत में पहुंचे। उन्होंने एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय के शुभारंभ हवन यज्ञ में आहुति देकर किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत राज्यमंत्री केपी मलिक, बीजेपी विधायक योगेश धामा, रालोद विधायक डॉ. अजय तोमर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।उन्होंने कहा कि यूपी में न तो विपक्षी इंडी गठबंधन के पास नेता बचे



हैं, न नीति है और न पारदर्शी तरीके से काम करने की नीयत है। सपा मुखिया को अपने घोषित प्रत्याशियों पर भी भरोसा नहीं है। दो-दो तीन-तीन बार उम्मीदवार बदल रहे हैं। कांग्रेस के पास अपनी परंपरागत कही जाने वाली सीट पर तो उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि अब तो चाचा भी लड़ने से इनकार कर चुके हैं। फिर भी बदायूँ में परिवार ही बरकरार रहेगा। कार्यकर्ता तो जवानी कुर्बान करने के लिए ही बना है। उसके लिए इनके पास केवल और केवल ठेंगा ही है। एक तरफअखिलेश यादव पीडीए का नारा दे रहे हैं। इस नारे का असली फुल फार्म परिवार डवलपमेंट अथारिटी है। अखिलेश को अपने परिवार के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। श्री चौधरी ने कहा की पूरा कार्यालय हमारी गतिविधियों का राजनीतिक दृष्टि से केंद्र है।

# सार्वजनिक व निजी स्थानों से हटाई गई प्रचार-प्रसार सामग्री

समृद्धि न्यूज

### 29 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 61,88,454 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 37,49,479 तथा निजी स्थानों से 24,38,975 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 4,04,687, पोस्टर के 17,52,809, बैनर के 10,78,726 एवं अन्य 5,13,257 मामलों में कार्यवाही की गयी।निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 3,14,873, पोस्टर के 11,15,099, बैनर के 6,14,581 एवं अन्य 3,94,422 मामलों में कार्यवाही की गयी।अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 810 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,521 मामलों में कार्यवाही की गयी।

# चोर पुलिस के छुपा-छुपी में चोर पास और पुलिस हुई फेल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद के संबंध में पूछने पर बोले नगर कोतवाल राजेश सिंह गिरफ्तारी होने पर आपको सूचित किया जाएगा आगे जब उनसे कहा गया ना तो उनके पास अरेस्ट स्टे है और ना ही उनको स्टे मिला पाया है इस पर उन्होंने कहा कि इसके बारे में हमें थोड़ी सोचना है इसके बारे में तो वह सोचे जिसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज है उन्होंने कहा कि आप के सवाल पूछने का ढंग हमें पसंद आता है इससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि मुलजिम को समय दिया जा रहा है कि वह किसी तरह हाई

**▸ प्रकरण : गोंडा नगर पालिका परिषद, अध्यक्ष उजमा राशिद, जिन पर जिलाधिकारी के आदेश पर दर्ज है 419 /420/ 467/ 468 व 471 का मुकदमा**

कोर्ट से स्टे ले आए और हम मीडिया के सामने यह कह दे की कोर्ट ने स्टे दे दिया है यहां एक बार फिर यही कहना पड़ रहा है कि यदि किसी साधारण आदमी के विरुद्ध



ऐसी गंभीर धाराएं 419/ 420/ 467/ 468/ 471 लगी होती तो शायद इसी नगर कोतवाली की पुलिस इतना दबिश दे देती कि वह खुद ही आ करके थाने में खड़ा हो जाता सूत्रों के द्वारा ऐसा भी बताया जा रहा है की नगर पालिका अध्यक्ष इसी जिले में मौजूद है लेकिन नगर कोतवाली की पुलिस उन्हें ढूंढ पाने में असफल साबित हो रही है इससे तो साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कितनी काबिल है हमारे नगर कोतवाली की पुलिस।

### एसपी के आदेश पर पति-पत्नी के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज

**इटियाथोक/गोण्डा।** दुकान बेचने के नाम पर क्रेता से लाखों रुपए लेकर अनुबंध पत्र लिखने के बाद भूमि सहित दुकान को अपनी पत्नी के नाम स्थानांतरित करने के आरोपी दंपति पर एसपी के निर्देश पर जालसाजी व विश्वासघात का केस दर्ज किया गया है इटियाथोक थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर लालनगर निवासी विश्वनाथ भारती ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि लखनीपुर गांव निवासी मोहम्मद हारुन पुत्र सुबराती से गाटा संख्या 505/0.874 हेक्टर में से 37.209 वर्गमीटर भूमि को खरीदने के लिए सात लाख रुपए में सौदा तय किया था। तयशुदा रकम में पचास हजार रुपए कम होने पर विक्रेता ने पूर्ण रकम लेने के बाद भूमि सहित दुकान की रजिस्ट्री करने की बात कही और छः लाख पचास हजार रुपए लेकर गवाहों के समक्ष 4 सितंबर 2023 को अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर व अंगूठा लगाकर निर्धारित समय पर बकाया रकम लेकर जमीन की बैनामा करने का वादा किया। बकाया रकम की व्यवस्था होने के बाद कई बार मौखिक रूप से कहने व लीगल नोटिस भेजने के बाद भी आरोपी टाल मटोल करता रहा। 16 फरवरी 2024 को अचानक पता चला कि भूमि सहित दुकान आरोपी हारून ने अपनी पत्नी हसीना खातून के नाम 1 जनवरी 2024 को दान कर दी है। आरोपित के धन और जमीन दोनों हड़प करने की मंशा को देखकर मामले की पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार त्रिवेदी ने बताया कि एसपी के निर्देश पर जालसाजी व विश्वासघात का मामला दर्ज किया गया है।

# वन माफियाओं ने 72 घंटे में काट डाले चार बेशकीमती सागौन के पेड़

**▸ वन विभाग ने की खानापूर्ति**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



टिकरी रेंज में 72 घंटा के अंदर लकड़ी माफियाओं ने चार बेश कीमती सागौन काटकर किया धराशाई कार्रवाई के नाम पर वन विभाग नेकी खानापूर्ति जब से बनाधिकारी गोंडा पंकज शुक्ला ने चार्ज संभाला तब से टिकरी रेंज जंगल की अवैध कटान की सारी सीमाओं को पार किया चुनाव आचार संहिता लगते ही बन विभाग आया फुल फॉर्म में जिस पर पकड़ी गई आधा दर्जन लकड़ी की गाड़ियों को छोड़ा और अवैध कटान में भी हुई बढ़ोतरी टिकरी रेंज में वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से कटान माफियाओं के हौसले बुलंद डीएफओ गोंडा के संभालने से नहीं संभल पा रहा टिकरी रेंज की अवैध कटान।

# ग्राम सचिवालय बदहाली का शिकार, जिम्मेदार बेखबर

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते विकासखंड कर्नलगंज के कई ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए से बने पंचायत सचिवालय बदहाली का शिकार हैं और उनमें कंप्यूटर व अन्य उपकरण,बिजली व इंटरनेट का कनेक्शन अभी तक ना होने के साथ ही सचिवालय का अक्सर ताला बंद रहने और संचालन ना होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला कर्नलगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रूदौलिया व मसौलिया से जुड़ा है। यहाँ लाखों रुपए की लागत से बने ग्राम सचिवालय में अक्सर ताला लटकता रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से सचिवालय बनकर तैयार हुआ है तब से इसका संचालन नहीं हुआ। बता दें कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों को आय, निवास, जाति, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिला व तहसील मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। गांव में ही उन्हें प्रमाण पत्र उपलब्ध हो जाए,इसकी व्यवस्था प्रत्येक गांव के पंचायत सचिवालय में की गई है। कई पंचायत सचिवालयों में कंप्यूटर



आदि की व्यवस्था न होने के कारण गांव में ही आय जाति व निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य अभिलेख उपलब्ध कराने का सरकारी दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। यही नहीं अधिकांश पंचायत सचिवालय में बिजली व इंटरनेट का कनेक्शन भी नहीं है। इससे ग्राम पंचायत रूदौलिया,मसौलिया व अन्य पंचायत भवन में ग्रामीणों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। इन पंचायत सचिवालयों में ई-गवर्नेंस सहित अन्य सुविधाएं मिलने की बात तो दूर ग्राम प्रधान व सचिव बैठक करना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। बता दें कि ग्राम सचिवालयों में ग्रामीणों के सुविधा हेतु आनलाइन निवास, आय, जाति, खसरा-खतौनी आदि मुहैया कराने के लिये पंचायत सहायक की नियुक्ति की है। लेकिन गांवों में न तो सचिव जाते हैं और ना ही ग्राम सचिवालयों में पंचायत सहायक ही बैठते हैं। यही नहीं अधिकांश गांवों के कम्प्यूटर,डोंगल एक प्राईवेट आफिस में रखकर पूरे विकास खण्ड का संचालन किया जा रहा है। सूत्र तो यह बताते हैं कि पंचायत सहायक का मानदेय भी कागजों में निकाला जा रहा है। यही नहीं लोगों के सुविधा हेतु लाखों रुपए खर्च कर फर्नीचर से लेकर कम्प्यूटर बिजली,पानी तक व्यवस्थित करवाने के लिए बजट आवंटित किया है। जहां ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व सचिव बैठ कर ग्रामीणों के आवश्यकता अनुसार सरकारी योजनाओं की सुविधा उपलब्ध कराए जिससे ग्रामीणों को ब्लाक का चक्कर ना लगाना पड़े। लेकिन सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी छोटे छोटे कार्यों हेतु ग्रामीणों को ग्राम सचिवालय से लेकर ब्लाक का महीनों चक्कर काटना पड़ता है। मामले में खंड विकास अधिकारी से जानकारी करने हेतु सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया लेकिन उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।



### बालाजी जागरण में झूमे भक्त

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** खरगूपुर के शिव मंदिर गांधी चौराहे पर श्री बालाजी महाराज मेहंदीपुर धाम के 13वां हवनोत्सव एवं विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। भजनों की शुरुआत भजन गायक विशाल श्रीवास्तव ने गणेश वंदना से किया। उसके बाद लखनऊ से आये भजन गायक अंशू गोस्वामी ने बालाजी को अपने भजनों से खूब रिझाया।फिर सुप्रसिद्ध भजन गायिका ज्योति गोस्वामी ने भी भजनों की हाजिरी लगाई। उन्होंने गाया, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में... श्री बालाजी सरकार तेरी डंका बाजे मेहंदीपुर में..राम सियाराम सियाराम जय जय राम ...आदि कई भजनों की प्रस्तुति दी। इनके अलावा सुधीर सोनी, आशीष रूद्र और अनुभव यादव ने भी भजनों की हाजिरी लगाई। एवं राजा छलिया झांकी ग्रुप द्वारा श्री गणेश जी राम दरबार हनुमान जी आदि कई झांकियां दिखाई गई। प्रांगण में श्री मेंहदीपुर बालाजी का दरबार बहुत ही मनमोहक सजा रहा।दरबार की साज सज्जा सुशील राठौर और म्यूजिक में मनीष मोदनवाल का ग्रुप रहा। रात्रि जागरण में गोन्डा से श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार के सदस्य,गौरव रस्तोगी,बीनू कुशवाहा,चन्दन आर्य, प्रखर तिवारी शामिल हुए। कमेटी द्वारा श्री बालाजी का भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के दौरान कमेटी के राज कपूर मोदनवाल,अमरीष कुमार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कूट रचित दस्तावेज तैयार करके राशन खारिज कर रहा था उचित दर विक्रेता

**▸ दर्ज हुई धोखाधड़ी की प्राथमिकी**

**मोतीगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड मुजेहना के ग्राम पंचायत बेसहूपुर के निवासी सुधीर कुमार की शिकायत पर कोटेदार सहित उनके पुत्र पर धोखा धडी का मुकदमा मोती गंज थाना में दर्ज किया गया है। विपिन कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद चौबे व इनके पुत्र अमरेश कुमार व अंकेश कुमार निवासी ग्राम बेसहूपुर, थाना मोतीगंज पर गांव के सुधीर कुमार पुत्र बद्री प्रसाद निवासी ग्राम बेसहूपुर थाना मोतीगंज का रहने वाला है ग्राम सभा के सरकारी राशन की दुकान का कोटेदा है जिसके चलते उसने विपक्षी सं0 1 ने कार्ड संख्या 218341121017 जो मिठाई लाल के नाम दर्ज है जो अनुसूचित जाति का है उसने जाल साजी व कूट रचित दस्तावेज तैयार करके उक्त राशन कार्ड



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म -I)
(b) Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई): Date (दिनांक): 02/04/2024 Time (समय): 16:23 बजे
(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ): Entry No. (प्रविष्टि सं.): 043 Date & Time (दिनांक और समय): 02/04/2024 16:23 बजे
4. Type of Information (सूचना का प्रकार): लिखित
5. Place of Occurrence (घटनास्थल):
1. (a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा): पश्चिम, 03 किमी Beat No. (बीट सं.):
(b) Address (पता): राशन की दुकान ग्राम बेसहूपुर, थाना मोतीगंज
(c) In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर है तो): Name of P.S. (थाना का नाम): District(State) (जिला (राज्य)):



N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म -I)
FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)
प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 154 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत)
1. District (जिला): गोंडा P.S. (थाना): मोती गंज Year (वर्ष): 2024
FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0090 Date & Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक/समय): 02/04/2024 16:23
2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
| --- | --- | --- |
| 1 | भा द स 1860 | 419 |
| 2 | भा द स 1860 | 420 |
| 3 | भा द स 1860 | 467 |
| 4 | भा द स 1860 | 468 |
| 5 | भा द स 1860 | 471 |

3.(a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):
1. Day (दिन): Date From (दिनांक से): Date To (दिनांक तक):
Time Period (समय अवधि): Time From (समय से): Time To (समय तक):

में अपने पुत्र अमरेश कुमार व अंकेश कुमार का नाम दर्ज करके फर्जी अंगूठा लगाकर राशन निकालते रहें व इसी तरीके से कोटेदार / विपक्षी सं0 1 द्वारा राशन कार्ड संख्या 218320045677 जो मोहर अली पुत्र बेचू के नाम दर्ज है व जो 2018 में मृत्यु हो चुकी है उसके बाद कोटेदार द्वारा राशन वितरण रजिस्टर एवं पी.वी. मशीन पर मोहर अली पुत्र बेंचू का फर्जी अंगूठा लगाकर राशन दिनाँक 22.4.22 का राशन निकालते रहे। प्रार्थी ने उक्त तथ्य व कूट रचना के बारें में थाना स्थानीय व श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, गोण्डा को प्रार्थना पत्र व्यक्तिगत एवं जरिये रजिस्ट्री डाक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दिया जिस पर अब तक कोई कार्यवाही न होने पर प्रार्थी श्रीमान जी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रहा है। अतः सादर प्रार्थना है विपक्षीगण के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना हेतु थानाध्यक्ष महोदय मोतीगंज गोण्डा को आदेशित करने की कृपा की जावे। जिस के क्रम में न्यायालय के आदेश पर थाना मोतीगंज में मुकदमा अपराध संख्या - 0090/2024 धारा - 419, 420, 467, 468, 471, विपिन कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद व अमरेश कुमार व अंकेश कुमार पुत्रगण विपिन कुमार के ऊपर पंजीकृत हुआ।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दो घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** छपिया थाना क्षेत्र में मसकनवा -बभनान मार्ग स्थित दीन नगर के पास एक बाइक पर सवार हो कर बी ए में दाखिला लेने जा रहे तीन युवक को सामने से आ रही गन्ना लदी ट्रक ने टक्कर मार दिया जिस में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दो युवकों को गम्भीर रुप से घायल अवस्था मे अयोध्या मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। छपिया थाना क्षेत्र के अगया माफी टैरवा निवासी 19 वर्षिय विजय वर्मा पुत्र माया राम वर्मा ,20 वर्षिय अभिषेक सोनी पुत्र लल्लू, 21 वर्षिय अरविंद गुप्ता पुत्र राम धनी तीनो एक ही बाइक पर सवार हो कर एक महाविद्यालय में बी ए में दाखिला लेने के लिए जा रहे थे। सामने से आ रही गन्ना लदी ट्रक ने टक्कर मार दिया जिस में तीनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए तीनो को नजदिकी समुदायिक केंद्र पर ले जाकर भर्ती कराया। इलाज के दौरान विजय वर्मा की मौत हो गई। अरविंद गुप्ता और अभिषेक को इलाज के लिए अयोध्या मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया । घटना की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। माया राम वर्मा पत्रकार है। काफी दिनों से पत्रकारिता कर रहे है। पत्रकार के बेटे की मौत की खबर मिलते ही पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। श्रम जीवी पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष कैलास नाथ वर्मा पोस्टमार्टम हाउस पहुँचे पिता माया राम वर्मा को ढाढस बंधाया और पूरी मदद किया।

### यज्ञसेनी वैश्य हलवाई समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक सौहार्द और प्रेम का प्रतीक पर्व रंगोत्सव के अवसर पर नगर के मीराखेलपुरा स्थित श्री यज्ञसेनी वैश्य हलवाई धर्मशाला में श्री यज्ञसेनी वैश्य हलवाई समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं नन्हें-मुन्नों ने शिरकत किया। इस दौरान सभी एक दूसरे से गले मिलकर भाईचारा का संदेश दिया और होली की बधाई देते हुए नजर आए। श्री यज्ञसेनी वैश्य हलवाई समाज का होली मिलन समारोह नगर के मीराखेलपुरा स्थित श्री यज्ञसेनी वैश्य हलवाई धर्मशाला में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता हलवाई समाज के अध्यक्ष रामगुलाम यज्ञसेनी ने जबकि संचालन महामंत्री बृजेश कुमार यज्ञसेनी ने किया। सर्वप्रथम प्रबन्ध कार्यकारिणी ने सभी पदाधिकारियों के साथ श्री यज्ञसेन भगवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन अर्चन किया। इसके बाद होली मिलन समारोह की औपचारिक शुरुआत हुई। सभी स्वजातीय बंधुओं ने आपस में होली मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जनपद के शिवपुर से भाजपा के ब्लॉक प्रमुख सुधीर कुमार यज्ञसेनी ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिये। होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। कहा कि यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए।श्री यज्ञसेनी वैश्य हलवाई समाज के अध्यक्ष रामगुलाम यज्ञसेनी ने स्वजातीय बन्धुओ से कहा कि होली सिर्फ त्यौहार ही नहीं है अपितु पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का भी त्यौहार है। वहीं महामंत्री बृजेश कुमार यज्ञसेनी ने कहा कि होली आपसी द्वेष और अहंकार मिटाने वाला त्योहार है। यह प्रेम की जीत का पर्व है। होली मिलन समारोह के अवसर पर सहभोज का भी आयोजन किया गया जिसमें जनपद के सुदूर अंचलों के साथ ही पड़ोसी देश नेपाल के भी स्वजातीय बंधु शामिल हुए। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मदन गोपाल यज्ञसेनी, ऑडिटर राजकुमार यज्ञसेनी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र यज्ञसेनी युवराज, सभासद गुदड़ी सीताराम यज्ञसेनी, खुन खुन यज्ञसेनी, सुमन , मनोज, नवल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# नींद में खलल पड़ी तो कोतवाली के मुंशी ने होमगार्ड को भगाया

**▸ जवानों ने प्रदर्शन कर एसपी को सौंपा शिकायती पत्र**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली नगर में तैनात एक होमगार्ड ने सुबह ड्यूटी पूरी कर हस्ताक्षर बनाने के लिए मुंशी से रजिस्टर की मांग की तो नींद में खलल पड़ने पर मुंशी नाराज हो गया। उसने देर से आने की बात कहते हुए भगा दिया। साथ ही रपट करने की धमकी दी। इससे नाराज होमगार्ड जवानों ने बुधवार को एसपी कार्यालय में प्रदर्शन कर शिकायती पत्र सौंपा, एसपी ने जांच के निर्देश दिए हैं।कोतवाली नगर में सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव की तैनाती है। उनकी



ड्यूटी प्रतिदिन रात नौ से सुबह पांच बजे तक लगाई जाती है।

होमगार्ड जवान का कहना है कि बिना शास्त्र के वह पूरी रात ड्यूटी करता है इसके लिए रजिस्टर में हस्ताक्षर बनाना पड़ता है। होमगार्ड जवान सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 2 मार्च को वह ड्यूटी कर सुबह 5ः00 बजे हस्ताक्षर बनाने के लिए कोतवाली पहुंचा तो रात्र ड्यूटी के मुंशी ओंकार सिंह सो रहे थे रजिस्टर की मांग करने पर मुंशी नाराज हो गए और कहने लगे कि अभी हम सोए हैं और तुम लोग सोने में परेशान कर देते हो। यहां से जो नहीं तो रिपोर्ट लिखकर सबका पैसा काट दूंगा। होमगार्ड जवान ने घर दूर होने और अन्य समस्या बताई तो मुंशी और भड़क गया। होमगार्ड जवानों ने कोतवाली में सूचना दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर बुधवार को होमगार्ड जवान शंकर जिला अध्यक्ष की अगुवाई में कंपनी कमांडर राजकुमार सिंह, शोभाराम चौरसिया महामंत्री, मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत मिश्रा की अगुवाई में सभी ने पुलिस अधीक्षक और डीएम कार्यालय में सांकेतिक धरना दिया।

उधर जिला कमांडेंट होमगार्ड ने पत्र लिखकर पुलिस अधीक्षक से जांच करवाने की मांग की है। एसपी ने जांच के बाद कार्यवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान होमगार्ड जवान गंगा प्रसाद दुबे, सर्वेश पाठक, बेचू लाल यादव, हरिशंकर राय समेत अन्य मौजूद रहे।

# कार में लालबत्ती, हूटर और काली फिल्म लगाने पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**▸ चालक गिरफ्तार**
**▸ वाहन पर लिखा था मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स स्पोर्ट्स, भारत सरकार**

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

टाटा सफारी में लालबत्ती और हूटर और काली फिल्म लगाना भारी पड गया। कोतवाली देहात में धोखाधड़ी समेत गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यातायात पुलिस टीम बंजारी मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक टाटा सफारी सिल्वर रंग यूपी 32 एफएफ 5987 को रोका गया। वाहन पर लाल-नीली बत्ती, हूटर, काली फ़िल्म तथा वाहन पर Ministry of Youth affairs & Sports Government of India लिखा स्टीकर लगा हुआ था। वाहन चालक से कागजात मांगने पर प्रपत्र न दिखाकर पुलिस पर दबाव बनाने के उद्देश्य से चालक रौब दिखाने लगा ।वाहन पर लाल नीली बत्ती, हूटर, भारत सरकार का स्टीकर लगाने के प्राधिकार के बारे में पूछा गया तो कोई प्रपत्र नही दिखा सका।

कोतवाली देहात में धारा 419, 420, 506, 188 में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली देहात में खड़ा कराया गया। चालक के विरुद्ध शान्ति भंग की कार्यवाही की गई।

# भगवान राम के फ्लैक्स बोर्ड लगे वाहन से हो रहा कूड़े का उठान

**▸ जिम्मेदार बने अनजान, फोटो वायरल होने पर हटवाया फ्लैक्स बोर्ड**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत रिसिया में एक तरफ भगवान श्री राम और दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के फोटो लगे फ्लैक्स बोर्ड से ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा कूड़ा उठान करवाया जा रहा है। इसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो बोर्ड को हटवा दिया गया है।जिले के नगर पंचायत रिसिया में आए दिन विवाद होता रहता है। अब एक नया मामला सामने आया है। नगर पंचायत के कूड़ा वाहन में कूड़ा उठान करवाया जा रहा है। लेकिन वाहन के अगले हिस्से में छत पर भगवान राम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोस्टर लगे फ्लैक्स बोर्ड को भी लगा दिया गया। इसकी





जानकारी होते ही बहु संख्यक समाज के लोगों में नाराजगी फैल गई। सभी ने वीडियो और फोटो बनाकर वायरल करते हुए इसे नगर पंचायत प्रशासन की संवेदनहीनता बताया।

इस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष पति रामू लाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि किसी के मन को ठेस पहुंचाने का कोई मामला नहीं था। बल्कि एक स्थान पर रखे बोर्ड को लाया गया था।

इस मामले में प्रशासक एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व में फ्लैक्स बोर्ड उतारा गया था। वह वहीं रखा था, जिसे सफाई कर्मी उठाकर लाए थे। उसे हटवा दिया गया है।

### कूड़ा वाहन में नहीं है छत, फ्लैक्स बोर्ड से बनाया

नगर पंचायत रिसिया में चल रही कूड़ा उठाने की वाहन पर छत नही है जिससे फ्लैक्स बोर्ड से वाहन की छत को बनाया। लेकिन फ्लैक्स बोर्ड में छापा भगवान राम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर को अनदेखा कर दिया और उसे कूड़ा उठाने वाली टैक्टर के छत पर लगा दिया। लेकिन जिम्मेदार कुछ और ही बता रहे हैं।

### डीएम ने आठ लोगों का शस्त्र लाइसेंस किया निरस्त

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन हर कार्रवाई करने में लगा हुआ है। इसी क्रम में डीएम ने आठ लोगों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया है। इससे अन्य लाइसेंस धारी में हड़कंप मच गया है। जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी चल रही है।लोकसभा चुनाव में कोई अप्रिय घटना न हों, इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की ओर से सभी कदम उठाए जा रहे हैं। अब जिला निर्वाचन अधिकारी ने शस्त्र लाइसेंसधारी के विरुद्ध चाबुक चलाया है। उन्होंने बताया कि आठ लोगों के लाइसेंस को निरस्त किया गया है। इनमें कुछ लोगों पर केस दर्ज है तो कुछ के खिलाफ पुलिस की ओर से गलत रिपोर्ट आई है। ऐसे में सुरक्षा को देखते हुए सभी आठ लोगों के लाइसेंस निरस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि अन्य लाइसेंस की जांच भी स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से की जा रही है। डीएम की इस कार्यवाई से अन्य लाइसेंस धारियों में हड़कंप मच गया है।

# बाइक सवार युवक की हादसे में मौत

**▸ अपने भाई को श्रावस्ती छोड़कर वापस घर जा रहा था बाइक सवार**

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

नानपारा कोतवाली क्षेत्र के जगरामपुरवा गांव निवासी एक युवक अपने भाई को श्रावस्ती में छोड़कर वापस बाइक से रात में अपने घर आ रहा था। चीनी मिल के पास बाइक सवार हादसे का शिकार हो गया। जिला अस्पताल में रात एक बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जिले के कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम जगरामपुरवा निवासी रामनरेश वर्मा पुत्र मेवालाल का भाई श्रावस्ती में स्थित एक कॉलेज में मेडिकल की पढ़ाई करता है। जिस पर रामनरेश अपने भाई को मंगलवार को बाइक से श्रावस्ती छोड़ने गया था। इसके बाद वह रात में ही बाइक से घर के लिए रवाना हुआ। रात 10:00 बजे बाइक सवार रामनरेश नानपारा बहराइच मार्ग पर श्रावस्ती सहकारी चीनी मिल के निकट पहुंचा। तभी बाइक सवार अज्ञात कारणों से हादसे का शिकार हो गया।आसपास के लोगों की मदद से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में रात एक बजे इलाज के दौरान राम नरेश की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई कामेश कुमार वर्मा ने बताया कि अज्ञात वाहन या अन्य कारण से हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि इसी दो मार्च को मृतक की शादी भी हुई थी।

# केबिल लगाने को लेकर विवाद, मारपीट में महिला की मौत

**▸ केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के ग्राम पंचायत एरिया निवासी एक महिला अपने दीवार से केबल का तार खिंचवा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी ने तार खींचे जाने का विरोध करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिससे महिला की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत एरिया निवासी कलमावती उर्फ राम कुमारी (55) पत्नी सांवली मंगलवार शाम को बिजली के खंभे



से अपने मकान तक तार खिंचवा रही थी। महिला अपने मकान के दीवाल से होकर तार निकलवा रही थी। तभी पड़ोसी राहुल और उसके परिवार के लोगों ने महिला को अपने ही दीवार से उसके तरफ तार न खींचे जाने से मना किया। इस पर महिला ने अपने मकान में तार खींचे जाने की बात कहते हुए विरोध को गलत बताया। आरोप है कि राहुल और अन्य ने इसी मामले को लेकर महिला की पिटाई कर दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। थानाध्यक्ष संतोष सरोज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मारपीट के कुछ देर बाद हुई मौत

एरिया गांव में तार लगाने को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान हाथापाई हुई। इसके कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। जिस पर परिवार के लोग हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा और केस दर्ज किया जायेगा।

**संतोष कुमार सरोज थानाध्यक्ष**

### मानक विहीन सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बलहा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लगदिहा के मजरा लोधनपुरवा में डामर रोड बन रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से साढ़े चार किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिस पर सरकार की ओर से 32 लाख रूपये का बजट जारी किया गया है। लेकिन सड़क निर्माण में ठेकेदार और अधिकारियों की ओर से मानकों की जमकर अनदेखी जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण बिना पत्थर और बजडी के करवाया जा रही है। जिससे एक तरफ सड़क बन रहा है तो दूसरी तरफ उजड़ रही है। इससे नाराज लोगों ने बुधवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

# वार्षिकोत्सव समारोह में पुरस्कार पाकर खुशी से चहके मेधावी

**▸ छात्रों ने सामूहिक प्रस्तुति व समूह नृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रम किए प्रस्तुत**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड जरवल के आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय तप्पेसिपाह में वार्षिकोत्सव, अंकपत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत वार्षिक परीक्षा में सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे मेधावी छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बीईओ अरविंद बहादुर सिंह व विशिष्ट अतिथि वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।





विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव में छात्रों द्वारा विज्ञान आधारित लघु नाटिका पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा छात्रों ने नये सत्र में स्कूल में दाखिले हेतु नामांकन आधारित स्कूल चलो एकांकी, अंग्रेजी कविता पर सामूहिक प्रस्तुति व समूह नृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी के द्वारा 1000 रूपये नगद पुरस्कार तथा परीक्षा के मेधावी छात्रों को स्टेशनरी, पेन व गिफ्ट आदि देकर सम्मानित किया गया।

मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक सुरेश सरोज ने किया। समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आसिफ अली, जूनियर संघ अध्यक्ष उबैदुर्रहमान, टीचर सेल्फ केयर टीम ब्लॉक संयोजक खलीकुज्मा, एआरपी अब्दुल मोमिन, वन दरोगा शीतला प्रसाद, ग्राम प्रधान उमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान रमेश निषाद आदि ने बच्चों को इसी लगन से आगे पढ़ाई जारी रखने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आयोजक प्रधानाध्यापिका रीता सिंह, शिक्षिका शमसा क़मर, ममता यादव, पूर्णिमा, गरिमा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एम्स में तीमारदार से अभद्रता का वीडियो वायरल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज मे तैनात गार्डों का अभद्रता करते वायरल वीडियो सामने आया है। इसमे एक तीमारदार के साथ कुछ गार्ड अभद्रता करते नजर आ रहे है। वायरल वीडियो आम लोगों के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की सत्ययता की पुष्टि नहीं करता है।

मरीज को दिखाने आए कुछ लोगों की माने तो थोड़ी सी बात पर तैनात गार्ड आग बबूला हो गए। पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए जेल भिजवाने की धमकी देने लगे। लोगों की माने तो इसके पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन एम्स प्रशासन द्वारा मामलों को संज्ञान में न लेने के चलते तैनात गार्डो का मनोबल बढ़ता जा रहा है।



### रायबरेली एम्स प्रशासन ने चार गार्ड्स को किया बर्खास्त, एजेंसी को दी चेतावनी

तीमारदार से अभद्रता के मामले में एम्स प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित चार सुरक्षा गार्डों को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही संबंधित एजेंसी पर जुर्माना और करार समाप्त करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को एम्स में तैनात उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम के सुरक्षा गार्डों द्वारा तीमारदार से अभद्रता करने का वीडियो वायरल होने पर एम्स प्रशासन ने इस मामले में कड़ा रुख अख्तियार किया।

> अतिरिक्त मेडिसिन अधीक्षक डाक्टर सुयश सिंह ने बताया कि यूपी पीएस कल्याण निगम के गार्ड द्वारा तीमारदार से अभद्रता का वायरल वीडियो की जांच की गई, जिसमें सत्यता उजागर हुई। एम्स प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से आरोपित सुरक्षा गार्डों की सेवा समाप्त करने के निर्देश दे दिए। साथ ही यूपी पूर्व सैनिक कल्याण निगम को चेतावनी दी गई है कि उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए सुरक्षा गार्ड द्वारा भविष्य में किसी प्रकार का अमानवीय व्यवहार किया जाता है तो उनके ऊपर जुर्माना संग करार समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डाक्टर सुयश सिंह**
> (अतिरिक्त मेडिसिन अधीक्षक)

## हाईटेक ड्रोन कैमरा के निगरानी में पूरा शहर



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सामान्य लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से कराए जाने हेतु संपूर्ण लोकसभा क्षेत्रों की निगरानी ड्रोन कैमरे के माध्यम से कराई जा रही है। शहर कोतवाली पुलिस ने इस प्रक्रिया को पुलिस अधीक्षक परिसर से शुरुआत की है और ड्रोन कैमरा शहर के विभिन्न नुक्कड़ों पर निगरानी रख रहा है। शहर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि किसी भी प्रकार की गतिविधियों को देखने के लिए ड्रोन कैमरा मदद करेगा और अराजक तत्वों पर नकेल कसने के लिए न कारगर साबित होगा बल्कि अचार संहिता को उल्लंघन करने वाले भी कैमरे की निगरानी में आ जायेंगे।

## अराजकतत्वों ने जंगल में लगाई आग चपेट में आए हजारों सागौन के पेड़

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अराजक तत्वों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। यहाँ शहर की सीमा से लगे वन विभाग के जंगल में किसी ने आग लगा दी। आग लगने की घटना में हज़ारों सागौन के पेड़ उसकी चपेट में आ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे फायरकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद तड़के तक आग पर काबू पा सके। मामला भदोखर थाना इलाके के शारदा नहर रिंग रोड का है। यहाँ शहर की सीमा से लगा वन विभाग का जंगल स्थित है। इसमें लाखों सागौन के पेड़ लगे हैं। इसके किनारे किनारे मूंज की झाड़ियां हैं। देर रात अराजक तत्वों ने इन्ही मूँज की झाड़ियों में किसी ने आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और सागौन के पेड़ धू धू कर जलने लगे। सूचना पाकर थाना भदोखर प्रभारी शिवाकांत पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फायर कर्मियों के साथ मिलकर आग पर सुबह होते होते किसी तरह काबू पाया।



## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला शव

**खीरों (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र खीरों नई बाजार में बुधवार को सुबह 6 बजे गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में 15 वर्षीय किशोर का नीम के पेड़ से लटकता मिला शव। परिजनों ने जताई हत्या आसंका सूचना पर पहुंची खीरो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। गांव निवासी श्यामू बहेलिया का 15 वर्षीय पुत्र अखिलेश देर रात खाना खाने के बाद घर के बाहर पड़ी चारपाई पर सोने चला गया था। जब सुबह घर वालों की नींद खुली अखिलेश चारपाई पर नहीं था। जब सुबह ग्रामीण नित्य क्रिया करने गए थे तो देखा गांव के बाहर नीम के पेड़ से अखिलेश का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से शव लटकता मिला ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों वा पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही पिता श्यामू का कहना है मेरे पुत्र ने आत्महत्या नहीं की है किसी ने उसकी हत्या की है। वही इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है इस संबंध में खीरो थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा की हत्या है कि आत्महत्या।

### मजदूरी न आने से मजदूरों के सामने संकट बरकरार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मनरेगा का पैसा न आने से मजदूरों में हताशा ग्राम पंचायत गढ़ी पोखरनी के मजदूर दिनेश यादव निवासी भुजिहा ग्राम सभा पोखरनी सर्वेश कुमार निवासी भुजिया ग्राम सभा पोखरनी ने बताया कि जनवरी माह के बाद से अभी तक महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कानून के तहत जो हम लोगों ने कार्य ग्राम पंचायत में किया था उसका पैसा नहीं आया मजदूरों ने बताया कि 4 फरवरी तक तो पैसा आ गया लेकिन उसके बाद का पैसा ना आने की वजह से हम सभी लोगों के ऊपर भारी दिक्कत और परेशानी है होली का त्यौहार भी किसी तरह निपटाया गया दूसरे लोगों से पैसा लेकर त्यौहार मनाया वही इस समय बच्चों के स्कूल खुल गए हैं और नए सत्र की शुरुआत हो गई है कापी किताब सहित अन्य तमाम तरह की सामग्रियों की जरूरत है अगर पैसा नहीं आएगा तो हम लोग बच्चों को कैसे पढ़ाएंगे।

### ड्राइवर ने लूट की घटना की दी तहरीर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुदौली मोड पर ड्राइवर के साथ हुई लूट की घटना में ड्राइवर ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की लगाई गुहारवा जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि प्रार्थी शिव प्रकाश पुत्र शिव शंकर यादव निवासी भटपुरा थाना निगोहा की मानी जाए तो उनका कहना है कि दिनांक 2 अप्रैल 2024 को वह अपनी गाड़ी संख्या यूपी 33 एटी 3792 से लखनऊ से इलाहाबाद जा रहे थे तभी बच्चू पुत्र अनिल, अमर दुबे पुत्र मन्नू दुबे, अजीत पुत्र छोटेलाल, पुरुषोत्तम पुत्र बुधई ने सुदौली मोड के पास गाड़ी रोक कर मुझसे मारपीट की एवं 18500 रुपए छीन लिए तत्पश्चात मैंने घटना के संबंध में बछरावां थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है इस संबंध में जब संवाददाता ने प्रार्थी से दूरभाष के माध्यम से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि संबंध में बछरावा थाने पर पहुंचकर बड़े साहब को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में लगी आग

**खीरों (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बाबू खेड़ा मजरे धुराई गांव में गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से लगी आग। आग लगने से आस पास हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग लगने से करीब डेढ़ बीघा गेहूं जलकर हुआ खाक। गांव निवासी गंगा राम पुत्र मैकू 15 विसुवा व राज नारायण पुत्र भागीरथ पासी के 15 बिसुवा गेहूं की फसल में बुधवार समय करीब 2 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई।आग लगने से आस पास हड़कंप मच गया।पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।जब करीब डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी ग्राम प्रधान द्वारा हल्का लेख पाल को सूचना दी गई।



### लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए किया प्रेरित




**सरीला (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के बंगरा गांव में सहायक विकास अधिकारी ने स्कूली बच्चों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शपथ दिलाई और लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। सहायक विकास अधिकारी(आईएसबी) राम मनोहर सोनी ने रैली निकालते हुए कहा कि मतदान महादान है। इसमें हर मतदाता को वढ़ चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिये। रैली में मतदान जागरूकता के स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे स्कूली बच्चों ने गांव की गली और सड़कों से रैली निकाली तथा लोगों को अधिक से अधिक मतदान के करने के लिये जागरूक किया। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) श्याम सुन्दर सोनकर ने बताया कि क्षेत्र के मंगरौल गांव में भी मतदाता जागरूक रैली का आयोजन किया गया है। इस मौके पर स्वास्थ्य, बाल विकास विभाग सहित सचिव व ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## भीषण सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल, ट्रक में लगी आग



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बछरावां विकासखंड की बन्नावा ग्राम सभा के पास बांदा बहराइच राजमार्ग पर बछरावां की तरफ से आ रहे हैं ट्रक में पीछे से बाइक की भिडंत हो जाने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वही मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे आ जाने से ट्रक में आग लग गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मिथिलेश पुत्र रामनरेश उम्र लगभग 35 वर्ष बछरावां से अपने घर जा रहा था। तभी अनियंत्रित होकर बांदा की ओर जा रहे ट्रक में मोटरसाइकिल की पीछे से भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शइयो के अनुसार लगभग 200 मी तक फंसी भी रही। इस कारण मोटरसाइकिल में आग भी लग गई आग लगने से मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई व ट्रक के आठ पहिए जलकर खाक हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर मौके पर एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया जहां पर चिकित्सक गण नायक पांडे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया।

## अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चंदापुर चौकी इंचार्ज रवि पवार ने पकड़ा अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त हुआ गिरफ्तार। अभियुक्त दुर्विजय सिंह पुत्र राजकरण सिंह निवासी ग्राम संतोषपुर मंजरे जनई को कसरैला पुल हनुमान मंदिर से पुलिस ने गिरफ्तार किया वहीं उसकी जामा तलाशी में 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुई जिसके विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 171 2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बाबत अभियुक्त के कब्जे से 315 अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुई जिसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

# गांव की गलियों से निकलकर राजनीति के शिखर की ओर अग्रसर आलोक यादव

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गांव की गलियों से निकलकर राजनीति के शिखर की ओर अग्रसर होना हर किसी के लिए आसान नहीं होता फर्श से अर्श तक पहुंचाने के लिए लोगों की जिंदगियां बीत जाती है लेकिन तब भी शिखर तक पहुंचाना आसान नहीं हो पता है कहा जाता है कि राजनीति सहित किसी भी क्षेत्र में यदि अपना कद बढ़ाना है तो उसके लिए निष्ठा संघर्ष सेवा समर्पण का होना बहुत जरूरी है राजनीति के शिखर पर पहुंचने के लिए जनता और पार्टी के लिए समर्पित होना आपकी सफलता का पहला कदम माना जाता है हम बात कर रहे हैं डलमऊ क्षेत्र के छोटे से गांव सराय दिलावर के रहने वाले एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के रूप में जनता के बीच लोकप्रिय आलोक यादव उर्फ विक्की की अपने छात्र जीवन से ही राजनीति के प्रति विशेष लगाव के चलते उन्होंने इस क्षेत्र को अपना करियर बना लिया और राजनीति में पूरी तरह सक्रिय हो गए समाजवादी पार्टी की विचारधारा के प्रति विशेष निष्ठा एवं लगाव रखने के चलते पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा समाजवादी युवजन सभा का ब्लॉक अध्यक्ष डलमऊ बनाया गया सफल कार्यकाल के बाद पार्टी ने आलोक यादव पर पुनः भरोसा हुए उन्हें युवजन सभा का जिला उपाध्यक्ष रायबरेली मनोनीत किया पार्टी के प्रति आलोक यादव उर्फ विक्की की निष्ठा सेवा समर्पण को देखते हुए पार्टी मुखिया अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा जिला संगठन से प्रदेश कार्यकारिणी में अति महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी गई और आलोक यादव विक्की को युवजन सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया गांव की गलियों से निकलकर पहले क्षेत्र फिर जिला और अब प्रदेश स्तर की राजनीतिक गलियारों मैं पहचान बना रहे हैं लगातार राजनीति की बुलंदियों की ओर अग्रसर होने वाले आलोक यादव उर्फ विक्की को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय जनता ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।



## पर्यावरणीय संतुलन को साधते गायब हो गए गरीबों की अजीविका चलाने वाले महुआ के पेड़

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आज जहाँ चारों ओर कीकर के पेड़ नज़र आते हैं वहीं कालांतर में आम व महुआ के विशालकाय पेड़ हुआ करते थे यह पेड़ जहाँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल देते थे वहीं तमाम घरों की जीविका इन्हीं पर निर्भर थी एक समय आम के बौरों की मादक गंध से वातावरण सुगंधित हो जाता था तभी महुआ मे भी कूचें परिलक्षित होकर अपने फूलों को जमीन पर चादर की तरह बिछा देती थी इन्हीं फूलों से तरह तरह के पकवान बनाए जाते थे इनके खत्म होते ही आम, आम आदमी सहारे की लाठी की तरह खड़ा हो जाता था इधर आमों के साथ महुआ के फलों की सब्जी गरीबों का सालन बन जाती साथ जामुन और गूलर खाकर गरीब का पोषण हो जाया करता था किन्तु आज विकास ने बहुत सारे पेड़ों को निगल लिया है जनसंख्या वृद्धि ने जमीन का रकबा कम कर दिया है जिससे किसान भी बड़े एवं देशी की जगह व्यवसायिक पेड़ों को तव्वजो दे रहा है वहीं सरकार के द्वारा भी जो वृक्षारोपण किया जाता है उनमें भी इन वृक्षों को नहीं के बराबर तरजीह मिलती है ऐसे में महुआ जैसे अन्य सभी तरह के पेड़ अतीत के गर्भ में समाते दिखाई पड़ते हैं शायद आगामी सरकारें इस दिशा में भी कुछ कार्य करें इसी उम्मीद में आम आदमी आशा की डोर पकड़े दिखाई देता है।



## 800 ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** 800 ग्राम नाजायज गांजा के साथ एक हुआ गिरफ्तार महराजगंज कोतवाली पुलिस ने नाजायज गांजा के साथ अहमद हुसैन पुत्र पीर मोहम्मद निवासी ग्राम खैरहना थाना महराजगंज जिला रायबरेली को 800 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया सुबह 9~45 पर अहमद हुसैन को 800 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 170 / 2024 धारा 8/0 एनडीपीएस एक्ट बाबत अभियुक्त के कब्जे से 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ।



## धर्म छुपाकर विधवा से बनाया शारीरिक सम्बन्ध धर्म परिवर्तन न करने पर कर रहा ब्लैकमेल

### ▶ पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में लव जिहाद का एक मामला सामने आया है। एक बच्चे की विधवा मां को प्रेम जाल में फंसा कर दूसरे धर्म के युवक ने शारीरिक संबंध बनाया। अब वह उसे अश्लील वीडियो बनाकर उसके जरिये ब्लैकमेल कर रहा है और धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची एक महिला ने बताया कि वह मथुरा की रहने वाली है। एक साल पहले उसके पति का देहान्त हो गया था। मोबाइल फोन के जरिये उसकी जान पहचान आरोपी युवक से हुई। उसके बाद अच्छे दिनों के सपने दिखाकर युवक ने उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये। आधार कार्ड के जरिये युवक की पहचान उसे हुई जिसमें वह कल्लू यादव बनकर पीड़िता से बात करता था। आरोपी का असली नाम मोहम्मद अंसार है और वह रायबरेली के डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर धरावा का रहने वाला है। उसके बाद युवक उसे धमकाता रहा कि अगर उसने धर्म परिवर्तन नहीं किया तो वह उसके अश्लील वीडियो को वायरल कर देगा। पीड़ित ने बताया कि वह अपने मासूम बच्चे को लेकर अब दर दर की ठोकरें खा रही है। बुधवार को एसपी अभिषेक अग्रवाल से मिलकर पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है।



## प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव और परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय वशालतनगर मे परीक्षा फल वितरण एवं वार्षिक उत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया ।प्रधानाध्यापक महताब खान ने कहा कि हमारे बच्चे हमारे देश का भविष्य है उनकी आगे की शिक्षा रुकनी नहीं चाहिए अनेकों तरह की योजनाएं चलाई जा रही है और बच्चों को कापी किताबें और शिक्षा दी जा रही है मिशन शक्ति के तहत बेटियों को जागरूक किया गया है। प्रथम स्थान लाने वाले छात्र को प्रधानाचार्य ने अमित कुमार को गोल्ड मेडल से नवाजा।

सरिता सोनकर सहायक अध्यापिका ने विवान को मेडल देकर सम्मानित किया स्कूल के अध्यापिका रीता देवी ने सभी बच्चों को कापी पेंशल वितरित किया साथ ही स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से अपील किया कि स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नामांकन करना सुनिश्चित करें।



### दो दिन पूर्व लापता छह वर्षीय बालिका का शव झाड़ियों में मिलने से हड़कंप

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया जलालपुर में दो दिन पूर्व लापता छः वर्षीय बालिका का शव गांव के किनारे झाड़ियो में पाया गया। जानकारी के अनुसार पकरिया जलालपुर निवासी अनूप कुमार भार्गव की 6 वर्षीय पुत्री अंशू 2 अप्रैल को शाम 4 बजे से अपने घर के बाहर खेलते समय कहीं लापता हो गई थी 3 अप्रैल शाम के समय करीब सात बजे बालिका का शव गांव के किनारे झाड़ियो में पाया गया। शव मिलने की सूचना पर मितौली पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा वा अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह ने पकरिया जलाल पुर जाकर घटना का निरीक्षण कर पुलिस को घटना का शीघ्र अनावरण की जाने के निर्देश दिए गए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए ऊंचाहार, सलोन और सरेनी के सेक्टर मजिस्ट्रेटो के साथ बचत भवन में बैठक की। बैठक का उद्देश्य मतदान बूथों पर हुई तैयारियो की समीक्षा करना था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जो भी कमियां रह गई है उसे समय रहते ठीक करा ली जाए। बूथों पर बिजली,पानी,शौचालय, फर्नीचर और सेड की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने कहा कि शौचालय नियमित रूप से क्रियाशील होने चाहिए और उनकी साफ सफाई भी समय से कराई जाए। यह सुनिश्चित करा लिया जाए की बूथों पर चार्जिंग पॉइंट भली भांति क्रियाशील हो। मतदान बूथों पर खिड़की, दरवाजे और प्रवेशद्वार व्यवस्थित कर लिया जाए। मतदान केंद्रों को जाने वाले रास्तों को चिन्हित कर उसकी मरम्मत करा ली जाए। रूट चार्ट को आपस में साझा कर लिया जाए। जिन भी प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन में मतदान केंद्र बने हैं वहां यह देख लिया जाए कि मतदान कर्मियो के बैठने, प्रकाश और पंखों की व्यवस्था हो।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी,नगर मजिस्ट्रेट बाबूराम, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अतिरिक्त सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।




# एक साथ तीन बच्चों के शव गांव पहुंचने पर चारों तरफ चितकार

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

एक साथ तीन बच्चों की मौत ने पूरे गांव को हिलाकर रख दिया है। पीएम के बाद शव गांव पहुंचते ही अपने बच्चों के मासूम चेहरे को देख कर हर किसी के आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे,किसी ने सोचा भी नही था कि भ्रमण के लिए गई बस मौत का काल भी बन जाएगी।

बच्चों की मौत की सूचना पाकर जो जहां पर था, सुनते ही हरक्का ग्राम पंचायत के मदरहा व पर्वतपुर की ओर दौड़ पड़ा। मृतक बच्चें कामिनी एवं शुभी मिश्रा और मान्शी के चेहरे को निहार करके कोई भी अपना आंसू नहीं रोक पा रहा था। पीड़ित परिवारों के घरों में सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र थी। परिवार के माता-पिता एवं अन्य की चीख-पुकार,क्रंदन से हर किसी का कलेजा फट रहा था। जनप्रतिनिधि व अधिकारी पीड़ित स्वजनों को ढांढस बंधा रहे थे।

मंगलवार को लखनऊ स्थित चिड़ियाघर गए बच्चों ने सोचा भी नहीं होगा कि वे जिस बस से भ्रमण के लिए जा रहे हैं। उसी बस से उनकी मौत हो जाएगी।

भ्रमण के लिए जाने वाले बच्चे सुबह तैयार होकर स्कूल पहुंचे। वहां से छह शिक्षकों के संग में बस पर सवार होकर चिड़ियाघर पहुंचे, जहां मनोरंजन उपरान्त शाम को वापस घर आ रहें थे। तभी देवा थाना क्षेत्र के सलारपुर के पास बाइक को बचाने में अनियंत्रित होकर बस पलट गई। हादसे में तीन बच्चों ने दम तोड़ दिया। डेढ़ दर्जन से अधिक विद्यार्थी घायल हुए हैं।

हादसे के वक्त 42 विद्यार्थी, दो चालक परिचालक,छह शिक्षक सवार थे। उधर तीनों बच्चों का देर रात्रि में पोस्टमार्टम कर शव गांव लाया गया तो अपने बच्चें को मृत देख कर परिजन छाती पीट-पीटकर रोने लगे। ये मंजर देख कर वहां पर जुटे हुए लोग भी आंसू नहीं रोक पा रहे थे।

### बुधवार को किया गया अंतिम संस्कार

पहला अंतिम संस्कार मदरहा निवासी जगत नारायण की बेटी कामिनी वर्मा का गांव में हुआ। तो पर्वतपुर निवासी राजकुमार मिश्रा की बेटी शुभी का और विनोद की बेटी मान्शी का अंतिम संस्कार घाघरा नदी के छोर पर एक साथ ही किया गया।

### बंद रहा स्कूल, शिक्षा विभाग का स्टाफ भी मौजूद

अंतिम संस्कार में जहां बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय क्षेत्रीय शिक्षक के साथ मौजूद रहे। वहीं हरक्का पंचायत का विद्यालय भी बंद रहा।

### छावनी में तब्दील हुआ गांव, डटे रहे अधिकारी

देर रात्रि को बच्चों के शव पहुंचने के बाद में डीएम सतेंद्र कुमार झा,कप्तान दिनेश कुमार सिंह गांव पहुंच परिजनों को सांत्वना दी। सुबह से पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया था।अंतिम संस्कार तक पुलिस बल मौजूद रहा।वहीं एसडीएम पवन कुमार सहित तहसील के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### मजदूरी से जीवनयापन करता है परिवार

मृतक तीनों बच्चों के परिजन खेती किसानी कर तो संग में गांव में मजदूरी कर किसी तरह जीवनयापन करते हैं। इसलिए अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में न पढ़ा करके सरकारी स्कूल में शिक्षा दिलाते थे।

## आईडीटीआर में ड्राइविंग लाइसेंस का कार्य आठ अप्रैल से किया जाएगा सम्पादित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्य व जिलाधिकारी/अध्यक्षा, इंस्टीट्यूट मैनेजमेन्ट कमेटी (आईएमसी), रायबरेली के आदेश के अनुपालन में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च (आईडीटीआर) हरचन्दपुर, रायबरेली के संचालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है कि आईडीटीआर पर सभी प्रकार के ड्राइविंग लाइसेन्स का कार्य 08 अप्रैल 2024 (दिन सोमवार) से सम्पादित किया जायेगा।

आई डी टी आर रायबरेली के आटोमेटिक टेस्टिंग ट्रैक पर रायबरेली जनपद के सभी प्रकार के ड्राइविंग लाइसेंस हेतु ड्राइविंग टेस्टिंग का कार्य, ड्राइविंग टेस्ट हेतु आने वाले आवेदकों के आवेदन पत्र की जांच एवं फोटो हस्ताक्षर/Capturing सम्बन्धित कार्य भी आईडीटीआर, रायबरेली में ही किया जायेगा। प्रोजेक्ट गवर्निंग बोर्ड की बैठक 18 मई 2022 में स्थिर किये गये मत के अनुसार जनपद रायबरेली के पड़ोसी जनपद यथा-फतेहपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अमेठी, उन्नाव, बाराबंकी तथा लखनऊ के मध्यम/भारी वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस के टेस्टिंग का कार्य भी आईडीटीआर, रायबरेली से ही भविष्य में किया जायेगा। यह जानकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रायबरेली आर.के. सरोज द्वारा दी गई है।



### प्रधानाचार्या के सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** शिक्षक का सेवा कार्य कभी नहीं समाप्त होता । वह सेवा निवृत्ति के पश्चात भी समाज में संचालित शैक्षिक गतिविधियों को अपने व्यक्तित्व से प्रभावित करता रहता है। उक्त विचार मुख्य अतिथि के रूप में पधारे संयुक्त सचिव नमामि गंगे डॉ ए के सिंह प्रियदर्शी ने राजकीय हाई स्कूल असदामऊ बेलहरी बाराबंकी की प्रधानाचार्या श्रीमती विनीता वर्मा के विदाई समारोह में व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि व भारतीय भूगर्भ सेवा के वैज्ञानिक विक्रम सिंह के कहा कि प्रधानाचार्या के रूप में दी गई सेवाओं के लिए भारत का भविष्य सदैव आपका आभारी रहेगा। विशिष्ट अतिथि द्वितीय व उप सचिव सचिवालय प्रशासन डॉ उमेश आदित्य ने कहा कि नारी बच्चे की सबसे प्रथम व सबसे बड़ी शिक्षिका होती है। आपने नारी व प्रधानाचार्या दोनों दायित्वों को ठीक से निभाया। समाज की ओर से आपको धन्यवाद। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ अनुपम आनंद ने सभी अतिथियों का स्वागत - अभिनंदन किया। समस्त स्टाफ ने सेवा निवृत्त प्रधानाचार्या को केक काटने से लेकर अनेक उपहार भेंट कर ससम्मान विदाई दी। अपनी विदाई के अवसर पर श्रीमती वर्मा ने कहा कि मैं अपनी सरकारी सेवा से बहुत संतुष्ट रही। मैंने स्टाफ को परिवारीजन के रूप मानकर काम लिया। सभी का सहयोग बहुत अच्छा रहा। विज्ञान शिक्षिका श्रीमती गौसिया बानो, अंग्रेजी शिक्षिका सुश्री सावित्री वर्मा, सामाजिक विज्ञान शिक्षिका श्रीमती ज्योती त्रिपाठी, लिपिक श्रीमती सावित्री देवी वर्मा तथा डॉ अम्बरीष अम्बर ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर रोहित वर्मा, श्रीमती ऋचा वर्मा, श्रीमती प्राची वर्मा तथा अंशुमान की गरिमामई उपस्थिति रही।

## बेशर्म चीन की बेहयाई !

अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन 2003 से ही अनर्गल दावे ठोकते आ रहा है और भारत के अभिन्न अंग को अपना भौगोलिक हिस्सा बताने की हिमाकत करता आ रहा है। भारत सरकार ने हर बार इसका माकूल जवाब देने की कोशिश की है परन्तु चीन अपनी हरकतों से बाज आने का नाम नहीं लेता। यह अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के नाम बदल कर उनका चीनीकरण करना चाहता है और दुनिया को बताना चाहता है कि ये इलाके उसकी क्षेत्रीय संस्कृति के अंग रहे हैं। हकीकत तो यह है कि अरुणाचल से लगा तिब्बत भी चीन का सांस्कृतिक हिस्सा नहीं है क्योंकि यहां की बौद्ध संस्कृति सदियों से भारतीय समन्वित संस्कृति का हिस्सा रही है। कैलाश मानसरोवर झील इसी तिब्बत में स्थित है जिसकी तीर्थ यात्रा पर हजारों भारतीय हर वर्ष जाते हैं परन्तु 2003 में भारत की तत्कालीन वाजपेयी सरकार से एक ऐतिहासिक गलती हुई कि इसने तिब्बत को चीन का स्वायत्तशासी अंग स्वीकार कर लिया जबकि इससे पहले तक भारत का रुख तिब्बत के बारे में अलग था और यह इसे स्वायत्तशासी स्वतन्त्र देश के रूप में मान्यता देता था जिसकी निर्वासित सरकार भारत के हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर में ही बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के नेतृत्व में काम करती थी। 2003 में वाजपेयी सरकार ने जब तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार किया तो बदले में चीन ने सिक्किम प्रान्त को भारत का हिस्सा स्वीकार कर लिया मगर इसके तुरन्त बाद अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकना शुरू कर दिया। इस वर्ष चीन ने अपना एक मानचित्र प्रकाशित किया जिसमें पूरे अरुणाचल को चीन का हिस्सा दिखाया गया। इसे लेकर तब भारत की संसद में बहुत शोर–शराबा हुआ और वाजपेयी सरकार ने चीन को कड़ा विरोध पत्र लिखा लेकिन इसके बाद 2004 में जब केन्द्र में सत्ता बदल हुआ और डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार काबिज हुई तो उसके तुरन्त बाद अरुणाचल को चीन ने पुन: अनर्गल दावे करने शुरू कर दिये और इस राज्य में भारत सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों पर आपत्ति उठानी शुरू कर दी तथा भारतीय नेताओं के अरुणाचल दौरों का भी विरोध करना शुरू किया जिसका भारत की ओर से कड़ा जवाब दिया गया और कहा गया कि अरुणाचल प्रदेश सांस्कृतिक व ऐतिहासिक रूप से हमेशा से भारत का ही अंग रहा है जिस पर चीन का दावा पूरी तरह गलत व बनावटी है और यह उसकी विस्तारवादी सोच का नतीजा है परन्तु 2003 में जब वाजपेयी सरकार ने तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार किया था तो दोनों देशों के बीच एक सैद्धांतिक समझौता हुआ था कि भारत व चीन के बीच सीमा विवाद को निपटाने के लिए एक उच्च स्तरीय कार्यदल का गठन किया जायेगा जिसमें भारत की ओर से इसके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार होंगे और चीन की ओर से उनके समकक्ष मन्त्री होंगे। भारत में सरकार एक सतत् प्रक्रिया होती है अत: 2004 में केन्द्र में मनमोहन सरकार के गठित हो जाने पर इस समझौते पर अमल शुरू हुआ और कार्यदल ने अपना काम करना शुरू कर दिया। 2005 में गठित इस कार्यदल की अभी तक 29 बैठकें हो चुकी हैं मगर नतीजा ढाक के तीन पात रहा है। मगर मनमोहन सरकार में रक्षामन्त्री व विदेश मन्त्री रहे स्व. प्रणव मुखर्जी ने बहुत दूरदर्शिता का परिचय देते हुए चीन को इस फार्मूले पर सहमत कर लिया था कि दोनों देशों के सीमा क्षेत्रों में जो स्थान जिस देश की प्रशासनिक व्यवस्था के तहत चल रहा हो वह उसी का अंग माना जायेगा।

# नकारात्मक विज्ञापन का गवाह बन सकता है 2024 का चुनाव

**कल्याणी शंकर**

2024 भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ, मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका जैसे 64 देशों में चुनावी वर्ष है। दुनिया भर में राजनीतिक विज्ञापन बढ़ रहा है। राजनीतिक दल और उम्मीदवार अक्सर खुद को बेहतर और अपने विरोधियों को कमजोर दिखाने के लिए नकारात्मक अभियानों का इस्तेमाल करते हैं। 1828 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बाद से पार्टियों ने नकारात्मक प्रचार का उपयोग किया है। इतिहासकारों का कहना है कि जॉनक्विंसी एडम्सखएंड्रयूजैक्सन प्रतियोगिता सबसे घटिया थी।

1964 में, लिंडनजॉनसन ने डेजी विज्ञापन सहित रेडियो विज्ञापनों का उपयोग करके अपने प्रतिद्वंद्वी बैरी गोल्डवाटर को बदनाम किया। डोनाल्ड ट्रम्प ने एक विज्ञापन प्रसारित किया जिसमें उनकी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन को 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति अभियान के दौरान सार्वजनिक रूप से गिरते हुए दिखाया गया था। 2020 के चुनाव में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप और जो बाइडेन नकारात्मक प्रचार में लगे हुए हैं। ट्रम्प ने बाइडेन की मानसिक क्षमताओं की आलोचना की, जबकि बाइडेन ने ट्रम्प के कोविड-19 से निपटने में घटिया कार्यनिष्पादन और उनके चरित्र पर हमला किया। 2024 में भी नकारात्मक विज्ञापन जारी रहेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी ने 2019 यूके आम चुनाव के दौरान जेरेमीकॉर्बिन को एक महत्वपूर्ण सुरक्षा खतरे के रूप में चित्रित किया। 2021 के जर्मन संघीय चुनाव में, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते समय हँसते हुए आर्मिनलाशेट की छवियों का उपयोग करके उन पर निशाना साधा। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय परिदृश्य पर उभरने के बाद से, चुनाव अभियान के दौरान प्रौद्योगिकी का उपयोग और विज्ञापन खर्च में भारी वृद्धि हुई है। नेताओं को अब खुद को प्रस्तुत करने, प्रभावी ढंग से संवाद करने और प्रभावी भाषण देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। बसपा प्रमुख मायावती को बताया गया कि उन्हें क्या पहनना है।

क्षेत्रीय नेताओं ने विदेशी एजेंसियों को भी नियुक्त किया है। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन को मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए जींस और टी-शर्ट पहनने को कहा गया। दिवंगत कांग्रेस नेता राजीव गांधी 1989 का चुनाव गली-गली में शोर है, राजीव गांधी चोर है जैसे शत्रुतापूर्ण प्रचार नारों के कारण हार गये। बोफोर्स घोटाले ने उन्हें पद से हटा दिया क्योंकि विपक्षी दलों ने उन्हें हथियार बनाने वाली कंपनी से रिश्वत लेने के रूप में पेश करने का



**क्षेत्रीय नेताओं ने विदेशी एजेंसियों को भी नियुक्त किया है। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन को मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए जींस और टी-शर्ट पहनने को कहा गया। दिवंगत कांग्रेस नेता राजीव गांधी 1989 का चुनाव गली-गली में शोर है, राजीव गांधी चोर है जैसे शत्रुतापूर्ण प्रचार नारों के कारण हार गये।**

माहौल बनाया था। पहले मारो, जोर से मारो और मारते रहो दृष्टिकोण अपनाने वाले उम्मीदवार व्यक्तिगत हमलों और डर की रणनीति में शामिल होते हैं। दस साल के शासन के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सभी समस्याओं के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराना बंद नहीं किया है।

चुनाव आयोग उम्मीदवारों के खर्च को सीमित करता है, लेकिन कई राजनीतिक दल और उम्मीदवार तय राशि से कहीं ज्यादा खर्च करते हैं। वे मतदाताओं का समर्थन जीतने के लिए फोन, नकदी और अवास्तविक वायदे जैसे रिश्वत की पेशकश करते हैं। तमिलनाडु के एक स्वतंत्र उम्मीदवार ने प्रत्येक गृहिणी को चंद्रमा की यात्रा और एक रोबोट देने का भी वादा किया, लेकिन वह जीत नहीं सके। भारत के 2024 के लोक सभा चुनावों के लिए विज्ञापन की लागत 2000 करोड़ रुपये से 13000 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। अनुमान है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार विज्ञापन पर .14.4अरब (12 खरब रुपये) से अधिक खर्च कर सकते हैं, जो 2019 के चुनावों के दौरान खर्च की गई राशि से दोगुना है।

राजनीतिक उम्मीदवार अपने अभियान के लिए धन कहां से प्राप्त करते हैं? आमतौर पर, कुछ धनी उम्मीदवार स्व-वित्तपोषण करते हैं, जबकि पार्टी दूसरों के लिए खर्च करती है। पार्टियों की कोई खर्च सीमा नहीं है। हालांकि, समय के साथ काला धन भी मैदान में आ गया है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पारदर्शिता की कमी के कारण चुनाव बांड पर प्रतिबंध लगा दिया है। भाजपा को कुल बेचे गये बांड का 57फीसदी मिला, जिसकी कीमत 1.1 अरब डॉलर थी, जबकि कांग्रेस को केवल 10फीसदी मिला, जिसका मूल्य 1880 लाख डॉलर था।हालांकि पार्टियां सत्ता में आने के लिए कोई भी तरीका अपनाती हैं, लेकिन कुछ अभियान सफल होते हैं जबकि अन्य विफल हो जाते हैं। किसी नकारात्मक अभियान विज्ञापन की प्रभावशलिता उसकी सामग्री, संदर्भ और दर्शकों की विशेषताओं पर निर्भर करती है।

प्रधानमंत्री वाजपेयी का 2004 का श्इंडिया शाइनिंगश करोड़ों रुपये का अभियान एक असफल अभियान का उत्कृष्ट उदाहरण है। कांग्रेस का 2019 का श्चौकीदार चोर हैश् अभियान का नारा विफल रहा, और राफेल घोटाले पर राहुल गांधी का मोदी पर हमला भी सफल नहीं हुआ। हालांकि, 2004 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का श्आम आदमीश् अभियान सफल रहा। 2014 में नरेंद्र मोदी ने खुद को एक राष्ट्रीय ब्रांड के रूप में पेश करके खुद को एक मजबूत राष्ट्रवादी नेता में बदल लिया। उन्होंने 3डी रैलियों, चाय पे चर्चा, साक्षात्कार और अभियान यात्राओं सहित जनसमूह को संगठित करने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया। यूट्यूब ने राजनीतिक दलों को 30-सेकंड के टीवी विज्ञापनों और लंबे ऑनलाइन वीडियो का उपयोग करके विज्ञापन देने में सफलतापूर्वक सक्षम बनाया है। संक्षेप में, वह कांग्रेस को कोसने से मतदाताओं को आकर्षित करने में सफल रहे। आम आदमी पार्टी, एक नई राजनीतिक पार्टी, 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरी। उन्होंने मोहल्ला अभियान, सोशल मीडिया और आप प्रमुख केजरीवाल वाले रेडियो विज्ञापन का इस्तेमाल किया।

आज यह पार्टी पंजाब और दिल्ली दोनों जगह सत्ता में है। 2019 के राजनीतिक अभियान में सभी दलों ने नकारात्मक रणनीति का इस्तेमाल किया। विपक्ष ने भाजपा के हिंदुत्व से प्रेरित कार्यक्रमों की आलोचना की। फिर भी, भगवा पार्टी बढ़ी हुई सीटों के साथ सत्ता में वापस आ गई। मोदी 2024 में 400 से अधिक सीटें जीतने की आकांक्षा रखते हैं। पिछले साल, भाजपा ने मोदी के प्रचार का एक एआई-जनरेटेड वीडियो तैयार किया था। कांग्रेस पार्टी ने फुटेज का मजाक उड़ाया और जवाबी कार्रवाई के लिए अपनी डिजिटल छवि का इस्तेमाल किया।

## विचार

# सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव को पिलाया कानून का काढ़ा

**डॉ. दीपक पाचपोर**

मीडिया के ही नहीं, अमूनन सभी तरह के सवालों से बचकर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एक तमिल न्यूज चौनल को साक्षात्कार देकर सभी को चौंका दिया। लोग आश्चर्यचकित इसलिये तो हैं ही कि मोदी ने मीडिया से बात की, इस बात से कहीं अधिक चकित हैं कि उन्होंने ऐसी योजना पर अपनी पीठ थपथपाई है जिसे देश के सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया है।

कायदे से ऐसी योजना पर तो किसी भी देश के पीएम को शर्मिंदगी होनी चाहिये और देश से माफी मांगनी चाहिये थी कि उन्होंने ऐसी योजना लाई जिसके बारे में न्यायपालिका का सर्वोच्च मंच ऐसा मानता है। बहरहाल, अपने दस वर्षीय कार्यकाल की समापन बेला में खड़े मोदी की केवल इस बात के लिये तारीफ नहीं करनी चाहिये कि उन्होंने एक विवादास्पद योजना इलेक्टोरल बॉन्ड्स पर बात की है क्योंकि अब तक देश ने उनके आम खाने के तरीके, जेब में बटुवा रखने या न रखने, 18-18 घंटे काम करने के बावजूद न थकने का रहस्योद्घाटन करने, पसीने से चेहरे को चमकाने का राज बताने या फिर मगरमच्छ पकड़कर घर ले आने जैसे अपने हैरतअंगेज कारनामे बतलाते हुए ही देखा-सुना है। अपवादस्वरूप सुप्रीम कोर्ट के दबाव में मणिपुर की घटना पर कुछ मिनटों का बयान या



अमेरिका की मीडिया कांफ्रेंस में पत्रकार बिरादरी से एकमात्र सवाल लेने वाले मोदी अगर किसी ज्वलंत विषय पर लम्बी बात करते हैं तो स्वाभाविकतरू उसके मायने समझने की जरूरत है। मोदी के साक्षात्कार की कुछ बातें जो रेखांकित किये जाने योग्य हैं, उनमें से पहला तो उनका यह कहना कि जो लोग आज इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर नाच रहे हैं वे कल पछताएंगे। सवाल यह है कि उनका इशारा किसकी ओर है? क्या सुप्रीम कोर्ट की ओर उनका संकेत है या फिर उसे चेतावनी?

ऐसा इसलिये क्योंकि इस योजना से भाजपा को छोड़कर कोई भी नाच नहीं रहा था। विपक्षी दलों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सभी नाराज थे, सो उनमें से किसी के नाचने का सवाल ही नहीं। उल्टे, इसे लेकर लोगों की चिंता यही थी कि यह योजना काले धन को सफेद करने तथा अपने कारोबार के लिये शासकीय कृपा पाने का माध्यम बन गई थी। अब तो इस बाबत जो जानकारियां सामने आ रही हैं वे भी यही बतलाती हैं कि योजना एक तरह से सरकारी वसूली का तंत्र बन गया था। फिर, इसमें पैसा इकट्ठा करने के लिये जांच एजेंसियों को भी

**सुप्रीम कोर्ट के मांगने पर भारतीय स्टेट बैंक ने चार माह का समय मांगा था। फटकार पड़ने पर वही जानकारी दो-तीन दिनों में ही उपलब्ध हो गई और केन्द्रीय चुनाव आयोग ने उसे अपनी वेबसाइट पर डाल भी दिया। यह अलग बात है कि अब एक से बढ़कर एक किस्से सामने आ रहे हैं जिनसे पता चलता है कि कैसे उद्योगपतियों एवं कारोबारियों को जांच एजेंसियों के माध्यम से धमकाकर या जेलों का डर दिखलाकर उनसे चंदा लिया गया। यह भी पता चलता है कि जिन लोगों ने भाजपा को चंदा दिया उन्हें ठेके या छूटें दी गयीं।**

लगा दिया गया था। यह भी आश्चर्य की बात है कि अगर चुनावी बॉन्ड्स की यह ऐसी ही शानदार योजना थी तो उसका विवरण देने में आनाकानी क्यों की जा रही थी?

सुप्रीम कोर्ट के मांगने पर भारतीय स्टेट बैंक ने चार माह का समय मांगा था। फटकार पड़ने पर वही जानकारी दो-तीन दिनों में ही उपलब्ध हो गई और केन्द्रीय चुनाव आयोग ने उसे अपनी वेबसाइट पर डाल भी दिया। यह अलग बात है कि अब एक से बढ़कर एक किस्से सामने आ रहे हैं जिनसे पता चलता है कि कैसे उद्योगपतियों एवं कारोबारियों को जांच एजेंसियों के माध्यम से धमकाकर या जेलों का डर दिखलाकर उनसे चंदा लिया गया। यह भी पता चलता है कि जिन लोगों ने भाजपा को चंदा दिया उन्हें ठेके या छूटें दी गयीं। उसी साक्षात्कार में मोदी का दावा था कि श्इस योजना के कारण आज चंदे के स्रोत पता चले हैं जबकि पहले की सरकारों में पता ही नहीं चलता था कि किनसे सियासी दलों को चंदा मिलता था।श् मोदी का अगर ऐसा पुनीत उद्देश्य था तो आखिर स्टेट बैंक के साथ व्यवसायिक महासंघों को क्या आपत्ति थी कि उन लोगों की जानकारी न दी जाये जिन्होंने ये बॉन्ड्स खरीदे हैं।

अगर मोदी पारदर्शिता के इतने ही हिमायती हैं तो वे क्या वे पीएम केयर फंड की भी सारी जानकारी को सार्वजनिक करेंगे? लोग इस बात को कैसे भूल सकते हैं कि इसी सरकार ने चुनावी फंड्स की ही तरह केयर फंड सम्बन्धी जानकारी को भी लोगों से अछूता रखने के प्रावधान कर रखे हैं। वैसे अब तो सूचना के अधिकार और उसके साथ संस्थाओं के अधिकारियों को इतना कमजोर कर दिया गया है कि कोई सामान्य सी जानकारी लेने में भी पापड़ बेलने पड़ते हैं। यह भी नहीं भूलना चाहिये कि चुनावी बॉन्ड्स खरीदकर राजनीतिक दलों को आर्थिक मदद देने वालों के बाबत यानी धन के स्रोत जो पता चले हैं उसका श्रेय मोदी या उनकी सरकार को नहीं वरन उच्चतम न्यायालय को जाता है जिसने सम्बन्धित पक्षों के कान पकड़कर उनसे जानकारी ली और जनता तक उसके पहुंचने के प्रबन्ध किये हैं। इंटरव्यू में मोदी से पूछा गया कि क्या उन्हें इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना लाने का पछतावा है और भाजपा को इससे शर्मसार होना पड़ा है? मोदी कहते हैं कि आखिर मैंने ऐसा क्या किया है कि जिसका मुझे पछतावा हो या जिसके चलते भाजपा को शर्मिंदगी उठानी पड़े? उनके इस जवाब से स्पष्ट हो जाता है कि मोदी न तो पारदर्शिता के प्रति गम्भीर हैं, न उन्हें लोकतांत्रिक तकाजों का एहसास है, न वे नैतिकता के हिमायती हैं और न ही चुनावी सुधार में उनकी दिलचस्पी है। अब तो साफ तौर पर यह भी सामने आ गया है कि सरकारी जांच एजेंसियों और निर्वाचन आयोग के बल पर भाजपा न सिर्फ मालामाल हुई है बल्कि उनके बल पर उसने बड़ी संख्या में दलबदल करा कर देश भर में राजनैतिक अराजकता फैलाई है। निर्वाचित विरोधी दलों की राज्य सरकारों को ऑपरेशन लोटस के नाम पर गिराने या अल्पमत होने के बाद भी अपनी सरकारें बनाने वाले मोदी चाहे इसी साक्षात्कार में कहते रहें कि सरकार अपनी एजेंसियों को कभी निर्देशित नहीं करती, पर अब हर कोई जानता है कि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया यानी कि चुनाव ही गहन संदेहों के घेरे में है। उसका आयोजन करने वाले केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की कार्यपद्धति पर भी कई सवालिया निशान हैं।

## कांग्रेस को टैक्स राहत

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि राष्ट्रीय चुनावों में विपक्षी दलों को मुकाबले में चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ कितने समान अवसर मिलते हैं। हाल के दिनों में पार्टी के बकाया कर मामले में कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि उसके खाते सील होने के चलते उसे चुनाव लड़ने में दिक्कत हो रही है। वह अपने प्रत्याशियों को हवाई टिकट नहीं दे पा रही है। यह भी कि वह बड़ी चुनावी रैलियां नहीं कर पा रही है। आरोपों की तार्किकता और देश में सबसे लंबे समय तक राज करने वाली पार्टी का वित्तीय प्रबंधन अपनी जगह है, लेकिन किसी भी मुकाबले का नैतिक नियम यही है कि चुनावी मुकाबले में हर राजनीतिक दल को बराबर का अवसर दिया जाए। बहरहाल, अब केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को वचन दिया है कि जुलाई तक आयकर विभाग कांग्रेस से बकाया तीन हजार पांच सौ करोड़ से अधिक के कर वसूलने के बाबत कोई भी कठोर कदम उठाने से परहेज करेगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में कुछ ही हफ्ते बाकी रह गये हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को राहत देने के चलते यह प्रकरण कर मामलों के राजनीतिकरण के बाबत प्रासंगिक प्रश्न भी उठाता है। यही वजह है कि कांग्रेस समेत विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल 'कर आतंकवाद' के जरिये राजनीतिक लाभ उठाने के लिये राज्यतंत्र का दुरुपयोग कर रहा है। यह प्रकरण इन्हीं आरोपों की कड़ी को विस्तार देता है। निश्चित रूप से, बार-बार आयकर विभाग की चेतावनी और ठीक चुनाव से पहले कांग्रेस के फंड पर रोक कई सवालों को जन्म देती है। जो किसी भी स्वतंत्र लोकतंत्र की पारदर्शी व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाता है क्योंकि ऐन चुनाव के वक्त पार्टी फंड पर रोक लगाने से कोई भी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार अभियान में पंगु हो जाता है। जो किसी भी लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत कदापि नहीं कहा जा सकता।

बहरहाल, चुनाव के कुछ समय बाद तक आयकर बकाया मामले में कांग्रेस के खिलाफ आयकर विभाग द्वारा कोई कार्रवाई न करने का वायदा निश्चित रूप से कांग्रेस को तात्कालिक वित्तीय दबाव से कुछ राहत जरूर देगा। लेकिन यह कदम कर कानून प्रवर्तन में निष्पक्षता और पारदर्शिता की अंतर्निहित चिंताओं का समाधान प्रदान नहीं करता है। निश्चित रूप से ऐसे मामलों में निष्पक्ष रूप से निर्णय लेने में न्यायपालिका की भूमिका कानून के शासन को स्थापित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी आरोप-प्रत्यारोप वाले राजनीतिक परिदृश्य में बीते रविवार को दिल्ली में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ रैली' हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों को देश के जनमानस के सामने रखती है। विपक्षी नेताओं का आरोप रहा है कि असहमति की आवाज को दबाने के लिये सत्तारूढ़ दल सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहा है। नेताओं ने विपक्षी नेता अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को राजनीतिक दुराग्रह से की गई कार्रवाई के रूप में दर्शाया है।

## कविता



**चल नई शुरुआत कर।**
जो गुजरा सो गुजरा,
चल नई शुरुआत कर...

कुछ नये ख्वाब बुन,
हाँ कुछ तो नई बात कर।
सूरज से नजरें मिला ले,
कैद कर ले रात को,
हवाओं से लिपटकर,
हाँ चूम ले बरसात को.।
आँखे झील तुम्हारी है
मन दरिया है तूफानी है
बरसे जो धूप बरस जाए,
जर्रे-जर्रे में पानी है....

माना कि आज धुआं है
कल ख्वाब इनमें आएगा
चिंगारी खुद में जिंदा रख,
तो वक्त भी टकराएगा।
दहके अंगारों पर कदम रख
है तू सिकंदर आज का,
तेरे पंख का आकाश क्या
है अंत क्या परवाज का।

**प्रज्ञेन्द**



## राशिफल

**मेष:-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा। बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

**वृषभ:-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**मिथुन:-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**कर्क :-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंह:-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

**कन्या:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुला:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिक:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनु:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**मकर:-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है।

**कुंभ:-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा।

**मीन:-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातरूकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा। कार्यालय का वातावरण अनुकूल होगा।

# युवा आगे आएंगे तभी होगा राष्ट्र-समाज का कल्याण

**अरुण कुमार दीक्षित**

राजनीति में युवाओं की अहम भूमिका है। युवा अपने विचारों से हर क्षेत्र को प्रभावित करते हैं। वे जिस विचार की ओर अग्रसर होते हैं, समाज उससे प्रभावित होता ही है। आज दुनिया में सर्वाधिक मांग युवाओं की है। भारत की राजनीति में सबसे अधिक मांग युवा विचारों के साथ युवाओं की ही रहती है।भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को युवाओं ने ही धार दी थी। युवाओं के आकर्षण का केंद्र राजनीति है। वह राजनीति उन्हें आकर्षित करती है।

भारत की राजनीति ने युवा मन को निराश किया है। राजनीति युवाओं में विराट लक्ष्य नहीं देखती। राजनीतिक दलों से जुड़े युवा कभी इस दल तो कभी उस दल के हाईकमान का जयघोष करते हैं। ऐसा कर वे एक तरह से अपने ही श्रम-समय का नुकसान करते हैं। युवा सपने देखते हैं और सफल होते हैं। विफल भी होते हैं। टूटते हैं। आज युवा बेरोजगारी से टकरा रहे हैं। युवाओं पर पढ़ाई के साथ परिवार वालों का भी दबाव होता है कि कुछ कर दिखाना है। अनेक युवा भारतीय राजनीति में आए। उन्होंने लगातार समाज के वंचितों के लिए काम किया। समाचार पत्र निकाले। समाज-राष्ट्र की समस्याओं के समाधान को अपने जीवन का मिशन बनाया। बड़े राजनेता बने। पत्रकार बने ।अधिकारी बने। ऐसे युवाओं की बड़ी संख्या है कि वह पहले प्रशासनिक अधिकारी बने। बाद में सीधे राजनीति में कूदे । कुछ को सरकारों ने ही पुरस्कृत किया। कुछ आजीवन संघर्षरत रहे। सरकारों ने युवा नीति को लेकर अब तक क्या किया, यह भी समझना आवश्यक है।

भारत में पहली बार युवानीति सन् 1988 में संसद के दोनों सदनों में रखी गई। युवा मामलों और खेल विभाग को इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई। उद्देश्य था कि युवा नीति उनके व्यक्तित्व व कार्य क्षमता को मजबूत बनाए। वर्ष 2003में फिर युवा राष्ट्रनीति

**भारत की राजनीति ने युवा मन को निराश किया है। राजनीति युवाओं में विराट लक्ष्य नहीं देखती। राजनीतिक दलों से जुड़े युवा कभी इस दल तो कभी उस दल के हाईकमान का जयघोष करते हैं। ऐसा कर वे एक तरह से अपने ही श्रम-समय का नुकसान करते हैं। युवा सपने देखते हैं और सफल होते हैं। विफल भी होते हैं। टूटते हैं। आज युवा बेरोजगारी से टकरा रहे हैं। युवाओं पर पढ़ाई के साथ परिवार वालों का भी दबाव होता है कि कुछ कर दिखाना है। अनेक युवा भारतीय राजनीति में आए। उन्होंने लगातार समाज के वंचितों के लिए काम किया। समाचार पत्र निकाले। समाज-राष्ट्र की समस्याओं के समाधान को अपने जीवन का मिशन बनाया। बड़े राजनेता बने। पत्रकार बने। अधिकारी बने। ऐसे युवाओं की बड़ी संख्या है कि वह पहले प्रशासनिक अधिकारी बने।**

पर चर्चा हुई। 2003 में 13 से 35 वर्ष के आयु के व्यक्ति को युवा के रूप में परिभाषित किया गया। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार ने युवाओं के समग्र विकास की वचनबद्धता दोहराई। वर्ष 2023 मे केंद्र सरकार ने युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह शिक्षा व्यावसायिक कौशल सिखाती है।समग्र विकास में सहायक है। इस नीति का उद्देश्य युवाओं को आत्मविश्वास से मजबूत करना है। उन्हें आर्थिक मजबूती देनी है और उन्हें शारीरिक और मानसिक स्तर पर सबल बनाना है। उनका समग्र विकास करना है। युवा नेतृत्व एवं विकास स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल आदि के विषय वर्ष 2023 से 2032 का मसौदा है और यह मसौदा वर्तमान में युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधीन विचाराधीन है। केंद्र सरकार ने मसौदा नीति पर सुझाव मांगे हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ की दृष्टि में युवावस्था को सामान्यतः परिवर्तन के तौर पर माना जाता है। युवा वयस्कता की सामाजिक कसौटियों, रोजगार, परिवार और एक उत्पादक नागरिक के रूप में प्रयास कर रहे हैं। युवा परिवर्तन के प्रतिनिधि हैं। युवा शब्द के लिए अंग्रेजी में एक शब्द है जियोंग। इसका अर्थ युवा, युवक नया है, वहीं संस्कृत का शब्द युवान है। इसका अर्थ युवा-युवक है। भारतीय राजनीति को महात्मा गांधी, डॉ. राम मनोहर लोहिया और अंबेडकर तीनों नेताओं ने सबसे अधिक प्रभावित किया है। तीनों महापुरुषों की भिन्न-भिन्न विचारधारा चलीं। युवा गांधी दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया से डरबन जाते समय रेल में रंगभेद का शिकार हुए। गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में इंडियन ओपिनियन अखबार निकाला । भारतीयों की ज्वलंत समस्याओं को उठाया। पूरी दुनिया में रंगभेद के विरुद्ध वातावरण बनाने में जुटे रहे। गांधी भारत आए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

## संवेदनशील स्थलों पर संयुक्त रूप से किया गया पैदल गश्त

# एसपी ने मतदान के लिए किया जागरुक

महोबा, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के साथ-साथ जिले में पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का पालन शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराया जा रहा है।

एसपी अपर्णा गुप्ता ने एसपी सत्यम, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे व प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह व केंद्रीय पुलिस बल के साथ शहर के क्षेत्रांतर्गत विभिन्न संवेदनशील मिश्रित आबादी, मोहल्ले, ग्रामों, वल्नरेबिल, क्रिटिकल ग्रामों, मतदेय स्थलों पर संयुक्त रूप से फ्लैगमार्च कर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों, अराजकतत्वों को भी चेक करते हुए सख्त हिदायत दी गयी। इस दौरान थानाक्षेत्र की जनता से वार्ता कर संवाद स्थापित किया गया एवं आगामी लोकसभा चुनाव के सम्बंध में निर्वाचन आयोग के आदेशों-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में जनता से निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई।

बता दें कि एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जिले में लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है और लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की जा रही है।

# सभी मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया ईवीएम व वीपी पैट का प्रशिक्षण

▸ डीएम सहित अन्य अधिकारी व मास्टर ट्रेनर्स रहे मौजूद

महोबा, समृद्धि न्यूज।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने हेतु समस्त मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान समस्त मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचन एवं प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग के दिन किसी भी मतदान केंद्र पर कोई समस्या न आए और पोलिंग बूथों की वेब कास्टिंग कराई जाए। पोलिंग की पूरी प्रक्रिया को अच्छे तरीके से समझ ले और अपने-अपने सेक्टर की जिम्मेदारी को निभाएं, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा संवेदनशील बूथों का भ्रमण कर लें। समस्त कार्मिक प्रशिक्षण के समय ईवीएम के बारे में अच्छे ढंग से सीख लें और अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए निर्वाचन को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराये। जो भी बुकलेट दी जाये इसका अध्ययन अच्छे ढंग से कर ले, जिससे निर्वाचन के दिन किसी भी प्रकार की समस्या न हो। प्रशिक्षण के समय सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया कि शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन को संपन्न कराये। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा तथा समस्त मास्टर ट्रेनर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट, चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

▸ कबरई कस्बे के मुहाल किदवईनगर की घटना

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पति अपने बच्चों को जबरन लेने परिजनों के साथ आया तो सास ने विरोध किया। इस पर सभी ने महिला के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर दी। पीड़िता ने सूचना कबरई थाने में दी पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध धारा 452, 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबरई कस्बे के मुहाल किदवईनगर निवासी जयदेवी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुत्री पूजा सिंह की शादी ग्राम छोटा कछार थाना सुमेरपुर जिला हमीरपुर निवासी अरुण कुमार के साथ हुई थी। जिसके दो जुड़वा बच्चे 6 वर्षीय अयांश व आन्या है। ससुरालियों की प्रताड़ना से पूजा अपने दोनों बच्चों सहित पिछले 8 माह से मायके में ही रह रही है। जिसका दहेज उत्पीड़न व मेंटीनेंस का मुकदमा भी न्यायालय महोबा में विचाराधीन है।

21 मार्च को तारीख उसकी पुत्री व उसके पति गए थे। जहां तारीख करने के बाद पुत्री महोबा में ही रुक गई थी। शाम करीब 5 बजे कार में सवार होकर उसकी पुत्री का ससुर देवराज सिंह गौतम, पति अरुण कुमार उन्हीं के परिवार के लोग उसके घर के अंदर घुस आए और जबरन बच्चे अयांश व आन्या को उठाकर ले जाने लगे। जयदेवी के विरोध करने पर लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। उसकी चीखने चिल्लाने पर ये लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। बड़ी मुश्किल से वह बच्चों को उनसे छुटा पाई। ये लोग कभी भी कोई घटना को अंजाम दे सकते है। थाना कबरई में इसकी सूचना दी पर सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर उसने एसपी को सारी बात बताई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कबरई थाना पुलिस ने अरुण कुमार, उसके पिता देवराज, मनीष सिंह व जीतू सिंह के विरुद्ध धारा 452, 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### नकदी व जेवर लेकर रफूचक्कर हुई किशोरी

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** एक किशोरी अपने घर से 20 हजार की नकदी और जेवरात लेकर भाग निकली। उसका कोई पता न चलने पर बहन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा। जिले के कस्बा कबरई के एक मुहाल की रहने वाली युवती ने थाना कबरई पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 31 मार्च की सुबह करीब 3 बजे उसकी 17 वर्षीय बहन किसी को बिना बताए कहीं चली गई। उसकी काफी खोजबीन की पर कोई पता नहीं चल सका। युवती ने बताया कि वह अपने साथ 20 हजार की नकदी व मंगलसूत्र सहित अन्य सोने चांदी के जेवरात ले गई। पुलिस ने धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा। इस घटना को लेकर परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है।

### दबंगों ने युवक पर हमला कर किया घायल

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिमरिया निवासी सुबोध सिंह परिहार का पुत्र मार्तंड सिंह परिहार अपने खेतों में कृषि कार्य कर रहा था। उपरोक्त के खेत में सिंचाई पाइपों के ऊपर से गांव के दबंगों ने टैक्टर निकालने को लेकर विवाद हो जाने से दबंगों ने लाठी डंडों से मार्तंड सिंह के ऊपर कर बुरी तरह घायल कर दिया है। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस आनन फानन घायल को सीएचसी लेकर पहुंची जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर कनिष्क माहुर ने घायल का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। वहीं घायल के परिजनों ने दबंगो के खिलाफ थाना में तहरीर देने के बात कही है। पुलिस उक्त दबंगों की खोज बीन में लग गई है।

### आर्म्स एक्ट मामले में दोषी को साढ़े तीन वर्ष की कैद

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** आर्म्स एक्ट के 26 साल पुराने मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निहारिका जायसवाल की अदालत ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दोषी को साढ़े तीन साल की कैद व 1200 रुपये का अर्थदंड लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी पवन वाजपेयी ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के गौरा देवी मोहल्ला निवासी दोषी विनोद कुमार को पुलिस ने 10 फरवरी 1997 को गस्त के दौरान कालपी चौराहा के पास से तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी विनोद निषाद को साढ़े तीन वर्ष की जेल व 1200 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### मादक पदार्थ तस्करी मामले में दोषी को नौ माह की सजा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** मादक पदार्थ की तस्करी करने के डेढ़ साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय मनोज कुमार शासन की अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी को नौ माह की कैद व पांच हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण भदौरिया ने बताया कि कुरारा थाना पुलिस ने तीन जून 2022 को मादक पदार्थ की तस्करी करते दोषी रिंकू सैनी निवासी झलोखर को एक किलो 200 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा था। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोषी रिंकू सैनी को नौ माह का कारावास व पांच हजार अर्थदंड से दंडित किया है।

### घायल अधेड़ को सीएचसी में कराया भर्ती

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ युवक को गंभीर हालत में एंबुलेंस 108 से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड के इचौली गांव के निकट रेलवे ट्रैक के पास देवेंद्र (55) पुत्र रामचरन बांदा निवासी लावारिस अवस्था में पड़ा होने की सूचना रेलवे कर्मचारियों ने एंबुलेंस सेवा 108 को जानकारी दी। बताया कि लावारिस अवस्था में एक अंधेड़ घायल पड़ा हुआ है। आनन-फानन में पहुंची एंबुलेंस ने तत्काल कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल अपने निकट संबंधी लोगों की जानकारी देने में असमर्थ दिखाई दे रहा था। इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों ने संबंधित कोतवाली को प्राथमिक सूचना भेजकर जानकारी दी है।

### नशे की हालत में युवक ने अपने ही घर को किया आग के हवाले

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शराब के नशे में युवक ने अपने ही घर में आग लगा ली। जिसे देख घर व पड़ोसियों ने हड़कंप मच गया। आग बढ़ाने की संभावनाओं को देखते हुए पड़ोसियों में आनन फानन में आग बुझाने का प्रयास करते हुए आग पर काबू पाया। जिससे किसी बड़ी अनहोनी घटना टल गई। कोतवाली क्षेत्र के तिंदुही ग्राम पंचायत के डेरा किशनचंद निवासी राजेंद्र पुत्र गोरेलाल शराब के नशे का आदि है। बुधवार को नशे की हालत में उसने अपने ही घर को आग के हवाले कर दिया। यह मंजर देख परिजनों में चीख पुकार मच गई और शोर सराबा देख पड़ोसी भी एकत्रित हो गए। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण करना शुरू कर दिया। जिस पर परिजनों ने पड़ोसियों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए। तभी किसी ने अग्निशमन को भी सूचना देकर बुलाने का प्रयास किया। लेकिन फायर ब्रिगेड पहुंचने के पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। जिससे एक बड़ी अनहोनी घटना टल गई।

### आदर्श स्कूल इकदिल में अभिभावक गोष्ठी कल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मोहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन 5 अप्रैल दिन शुक्रबार को प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नये शिक्षा सत्र में शिक्षा व्यवस्था को अधिक बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों के साथ विचार विमर्श किया जायेगा द्य उन्होंने समस्त अभिभावक बंधुओं से अभिभावक गोष्ठी में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# आपरेशन मुस्कान : दो बच्चियों को परिजनों से मिलाया

महोबा, समृद्धि न्यूज।




▸ जिले के थाना चरखारी पुलिस ने किया सराहनीय कार्य
▸ परिवार में लौटी खुशियां, परिवारीजनों ने पुलिस के प्रति जताया आभार

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की पहल ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है और इसका असर दिखाई दे रहा है। अभियान के तहत थाना चरखारी में बने महिला हेल्पडेस्क पुलिस टीम ने रास्ता भटक गई 02 बच्चियों को उनके परिजनों से मिलाने में सफलता हासिल कर अपने मानवीय कार्यों का परिचय दिया है।

थाना चरखारी पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि 10 वर्षीय कु. सखी व 16 वर्षीय कु. हरकुंवर पुत्रीगण हरीराम निवासीगण ग्राम पिपरा थाना घरगापुर जिला टीकमगढ मप्र की निवासनी है जो अपने जीजा जयहिंद निवासी ग्राम बेगांव के घर जा रही थी जो अपना रास्ता भटक गयी थी। प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस टीम ने मौके पर जाकर दोनों बच्चियों को अपनी अभिरक्षा में लिया व थाना कार्यालय लाया गया। बच्चियों से म.का. रिचा उपाध्याय द्वारा वार्ता की गयी तो बालिकाओं द्वारा बताये गये उनके निवासित स्थान के संबंधित थाने में सम्पर्क कर दोनो बच्चियों के परिवारीजनों को सूचित किया गया। इस प्रकार बच्चियों के पिता हरीराम पुत्र बलुआ सौर व परिवारीजन थाना चरखारी आये। थाना चरखारी की पुलिस टीम ने आवश्यक कार्यवाही कर बच्चियों को उनके परिवारीजनों के साथ रुखसत किया। गुमशुदा बच्चियों एवं उसके परिवारीजनों ने भावुक होकर पुलिस के प्रति आभार प्रकट किया है।

## शस्त्र अधिनियम के अभियोग में अभियुक्त को सजा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** शस्त्र अधिनियम के अभियोग में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने अभियुक्त को सजा सुनाई है। पुलिस महानिदेशक, उप्र द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कंविक्शन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम महोबा द्वारा शस्त्र अधिनियम के अभियोग में परीक्षणोपरांत नामित अभियुक्त को जेल में बितायी गयी अवधि व 5000 रुपए के के अर्थदंड से दंडित किया गया है।बता दें कि थाना कबरई में पंजीकृत अभियोग धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम से संबंधित अभियुक्त सूरज उर्फ करण पुत्र जमुना प्रजापति निवासी छानीकला थाना कबरई को सजा सुनाकर दंडित किया गय है।

# युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

राठ, समृद्धि न्यूज।



कोतवाली के टूंका गांव में स्थित पहाड़ों के बीच में बने गड्ढे में 20 दिन पुराना एक युवक का शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव गड्ढे से बाहर निकला कर शव ग्रह में रखवा दिया है। अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

बुधवार की शाम करीब चार बजे टूंका गांव में स्थित पहाड़ों के बीच बने तालानुमा गड्ढे में एक करीब 25 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाल उमेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव तालाब नुमा गड्ढे के किनारे पड़ा था। जिसे बाहर निकलवाया गया है। बताया कि युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष लग रही है। मृतक का शव 20 से 25 दिन पुराना लग रहा है। शव पुराना होने के कारण उसका हुलिया समझ में नहीं आ रहा है। बताया कि शव से बदबू उठ रही है। शरीर पर काला जींस का पेंट भूरे कलर की चेकदार शर्ट पहने हुए हैं। आसपास तस्दीक कराया गया तो कोई जानकारी नहीं मिली है। बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर कार्रवाई की जा रही है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय नदेहरा में समय से नहीं खुलता ताला

सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।




जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से परिषदीय विद्यालय सुबह 7:30 बजे से संचालित होना है लेकिन नदेहरा का विद्यालय 8:00 बजे के बाद खुलता है। यह दावा किसी दूसरे का नहीं बल्कि विद्यालय की सहायक शिक्षक है। जिसने बंद विद्यालय के फोटो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करके स्कूल समय पर नहीं खुलने का दावा किया जबकि प्रधानाध्यापक ने सहायक शिक्षक को मानसिक बीमार बताया है।

बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय नदेहरा के बंद होने का फोटो वीडियो सहायक शिक्षक प्रवीण कुमार खरे ने सोशल मीडिया में वायरल करके दावा किया कि विद्यालय शासनादेश के अनुसार नहीं बल्कि प्रधानाध्यापक की मर्जी से खुलता है और बंद होता है। जबकि प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार दीक्षित का दावा है कि विद्यालय समय पर खुला था। महज कार्यालय बंद था क्योंकि उसमें निर्माण कार्य चल रहा है। सहायक शिक्षक मानसिक रूप से बीमार है। इनका उपचार चल रहा है।

## मासूम बच्ची को ट्रक ने कुचला, मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के पेट्रोल पंप के पास मां के साथ बड़ी बहन को स्कूल बस तक छोड़ने आई तीन साल की मासूम बच्ची को तेज रफ्तार ट्रक कुचलते हुए निकल गया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। बच्ची के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मौदहा ब्लॉक के लेवा गांव के प्राइमरी स्कूल के शिक्षक अशोक वर्मा का परिवार सुमेरपुर कस्बे में रहता है। अशोक की दो पुत्रियां छह वर्षीय श्रेया और तीन वर्षीय आर्या थी। श्रेया करखे के एमडीएस स्कूल में पढ़ती है, जबकि आर्या का अभी एडमीशन नहीं हुआ था। बुधवार सुबह श्रेया को स्कूल बस तक छोड़ने के लिए आर्या मां के साथ आई थी। श्रेया को बस तक छोड़ने के लिए मां उषा व आर्या हाईवे पर पहुंची। श्रेया की बस छूटते ही पीछे से आपा तेज रफ्तार ट्रक आर्या को कुचलते हुए निकल गया। मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो आपके शहर से गई। मां घटना देखकर गश खाकर गिर पड़ी। शोर-शराबे की वजह से भीड लग गई। । पुलिस भी पहुंच गई। ट्रक को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से पकड़कर फैक्ट्री एरिया चौकी में खड़ा करा लिया गया है।

# सांसद ने की क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधानों के साथ बैठक

चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।



चरखारी के शुक्ला गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं प्रत्यासी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने चरखारी ब्लॉक के सभी प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों से मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योगी जी के कुशल शासन के बदौलत भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील की एवं सभी जनप्रतिनिधियों से सहयोग मांगा पुष्पेंद्र सिंह चंदेल वर्ष 2014 में भाजपा के टिकट पर इस लोकसभा सीट पर प्रत्याशी थे। यह चुनाव उन्होंने भारी मतों से जीता था। भाजपा के कद्दावर नेता पुष्पेंद्र सिंह को पार्टी ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में दोबारा मैदान में उतारा था। तब उन्होंने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की थी। स्थानीय मुद्दों को हमेशा संसद में उठाकर यहां के लोगों को लाभ दिलाने के साथ वह अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग भी संसद में उठा चुके हैं। क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने वाले पुष्पेंद्र सिंह चंदेल दो बार से लगातार सांसद हैं। अब एक बार फिर वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी हाईकमान की ओर से पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इस कार्यक्रम के मौके पर सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, भारतीय जनता पार्टी महोबा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष चकपानी त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख सीमा कुशवाहा, क्षेत्र पंचायत सदस्य मंडल मीडिया प्रभारी देवी सिंह राजावत, प्रधान जगदेव पटेल, नंदराम सेन प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य मीरा देवी, मंडल अध्यक्ष पंकज शुक्ला, पूर्व महामंत्री महेंद्र गुरुदेव, मनोज राजपूत, दयाल सिंह परिहार, राजबहादुर सिंह परमार सहित प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं भाजपा के समस्त कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# पुलिस की प्रताड़ना से परेशान अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

राठ, समृद्धि न्यूज।

▸ गैंगस्टर एक्ट का आरोपी था मृतक, परिजनों में मचा कोहराम

क्षेत्र के मुस्कुरा थाना अंतर्गत पहाड़ी भिटारी गांव में गैंगस्टर एक्ट के आरोपी 54 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति ने गांव के बाहर खेतों में लगे आम के पेड़ में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया।

मृतक के परिजनों ने उरई पुलिस पर मृतक को प्रताड़ित करने और बिना किसी वारंट के घर में दबिश देकर तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि उरई पुलिस की प्रताड़ना से परेशान से उसने आत्महत्या की है। वहीं घटना की जानकारी लगते ही मृतक अधेड़ के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राठ क्षेत्र के मुस्करा थाना अंतर्गत पहाड़ी भिटारी गाँव के निवासी रमेश पुत्र सिद्धगोपाल ने गांव के बाहर खेतों में लगे आम के पेड़ में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक रमेशचंद्र अपनी दो बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी और पशुपालन आदि कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया कि बीते वर्ष उरई पुलिस ने मृतक रमेश चंद्र के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए हुए जेल भेज दिया था। जिसके कुछ महीने जेल में रहने के बाद वह जमानत पर बाहर आ गया था। बताया कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता का हवाला देते हुए उरई पुलिस की टीम ने बीते सोमवार की रात्रि को रमेश चंद्र के घर में दविश देते हुए तोड़फोड़ कर दी थी। बताया कि इसके बाद कल मंगलवार को रमेश चंद्र उरई कोर्ट में हाजिर होने के लिए गया हुआ था लेकिन पुलिस ने उसके कागजात न्यायालय में नहीं भेजे थे जिसकी वजह से वह कोर्ट में हजार नहीं हो सका और वापस अपने घर पहाड़ी भिटारी लौट आया। जिसके बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जो कि अपने पीछे इकलौते पुत्र दिलीप और पत्नी कुसुम के अलावा पुत्री पिंकी आरती और भारती सहित दामाद भूपेंद्र विश्वकर्मा को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में मुस्करा थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

# पर्यटन टीम ने पातालेश्वर मंदिर का सर्वे कर तैयार की रिपोर्ट




हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

मुख्यालय के एतिहासिक धरोहर पातालेश्वर मंदिर परिसर में इंटर लॉकिंग का जीर्णोद्धार कार्य कराने व पार्क का निर्माण कराने की मांग को लेकर बुधवार को पुरातत्व विभाग की चार सदस्यीय टीम ने सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

बताते चलें कि मुख्यालय के वार्ड संख्या 21 की सभासद सुशीला सिंह गौर के प्रतिनिधि बउआ ठाकुर ने पर्यटन मंत्री को नगर के बहु प्रसिद्ध पातालेश्वर मंदिर प्रांगण में जीर्णोद्वार सुंदरीकरण हेतु पत्र भेजा था। जिसमें मंदिर में पाताल लोक से भगवान महादेव के शिवलिंग का उदय हुआ था। जिससे इस मंदिर प्रांगण का नाम पातालेश्वर रखा गया था। मंदिर प्रांगण में दूर दूर से भक्त दर्शन करने आते है। उन्होंने पत्र में यह भी दर्शाया कि मंदिर प्रांगण की वर्तमान स्थिति बहुत दयनीय हो चुकी है। क्योंकि लगभग पांच वर्ष पूर्व इंटरलॉकिंग का कार्य कराया गया था।जो वर्तमान में पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुका है। प्रतिनिधि बऊआ ठाकुर ने पत्र में लिखा था कि पर्यटन की दृष्टि से इसका जीर्णोधार करवाया जाए। जिससे प्राचीन पातालेश्वर मंदिर की स्थिति में एक अलौकिक सौंदर्य हो जाए।प्रांगण बहुत विशाल है बच्चो के मनोरंजन हेतु प्रांगण में झूले लगाये जाने से आगंतुक बच्चों का मनोरंजन हो सकेगा। सभासद प्रतिनिधि ने बताया कि मंदिर प्रांगण में यात्री शेड,वाटर कूलर,हेवी कूड़ेदान,प्रांगण में जो कुआ है उसका कवर,दर्शनार्थियों के लिए बैठने हेतु बेंच,प्रांगण के प्रकाश व्यवस्था हेतु 10 हेवी सोलर लाइट शाइन बोर्ड आदि कार्य प्रस्तावित है। जिसकी लागत 60 लाख रुपए है। वहीं पर्यटन व पुरातत्व अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने सभासद प्रतिनिधि के पत्र को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को चार सदस्यीय टीम भेज कर सर्वे कराने की प्रक्रिया शुरू करायी।वहीं प्रतिनिधि ने टीम को मंदिर के विकास से संबंधित कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। जिससे टीम ने विकास कार्यों की रिपोर्ट तैयार कर आश्वासन दिया कि मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार कार्यों को प्राथमिकता से कराया जाएगा।

# अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल करने पर हुई गिरफ्तारी

इटावा, समृद्धि न्यूज।



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में सोशल मीडिया सेल इटावा एवं थाना सैफई पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत सोशल मीडिया सैल इटावा द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतर्क निगरानी रखी जा रही थी, इसी दौरान एक युवक का 3 अवैध तमंचों के साथ वायरल फोटो प्राप्त हुआ जिसके संबंध में इलैक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर जानकारी प्राप्त कर थाना सैफई को अवगत कराया गया।

थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत रकुइया नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी धर्मेश पुत्र सतीश चन्द्र निवासी नगला केहरी टेढ़ थाना सैफई को नगला केहरी टेढ़ तिराहे के पास से अवैध तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

पकडे गये आरोपी से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि सैफई में कोहिनूर और भौकाल नाम के 2 गैंग ग्रुप चलते हैं जिनमें से वह कोहिनूर ग्रुप का सदस्य है। ये दोनों ग्रुप लोगों में भय व्याप्त करने के लिये अवैध तमंचो का प्रयोग करते है। इस सफलता में यशोदा रानी प्रभारी मीडिया सेल इटावा, का. अभय शुक्ला, का. राहुल प्रजापति, का. अमन चौधरी, का. शैलेन्द्र यादव, का. नीरज पाल, का. विशाल चौधरी, बलराम मिश्रा प्रभारी थाना सैफई, उ.नि. पवन कुमार शर्मा, का. गौरव देशवाल, का. अंकित चौहान का सराहनीय योगदान रहा।

# हर बच्चा पांच लोगों को मतदान करने के लिए करे जागरूक : सीडीओ

इटावा, समृद्धि न्यूज।




जिला प्रशासन जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर मुमकिन प्रयास कर रहा है जिसके लिए विभिन्न जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी के चलते जनपद के पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया जिसमें व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सीडीओ अजय कुमार गौतम ने मंच से बच्चों को बताया मतदान करना क्यों आवश्यक है। इटावा संसदीय सीट पर 13 मई को मतदान किया जाएगा सभी लोगों को मतदान करने की यह रस्म निभानी है। जिनके वोट बन चुके हैं वह अवश्य ही मतदान करें और जिनके उम्र पूरी हो गई है उनके वोटर कार्ड नहीं बने हैं तो वह लोग ऑनलाइन आवेदन कर अपने वोटर कार्ड बीएलओ से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा मतदान वाले दिन सभी बच्चे अपनी गली मोहल्ला में जाकर लोगों से मतदान करने की अपील करें और हर बच्चा कम से कम पांच लोगों से मतदान करने के लिए जागरूक करें। मतदान वाले दिन सभी बच्चे अपनी गली मोहल्ले में काम से कम तीन बार लोगों के बीच जाएं और मतदान करने के लिए अपील करें लोगों से कहें पहले मतदान करें उसके बाद कोई अन्य कार्य करें।

# पुरवार महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**



होली मिलन समारोह में शामिल पुरवार-पोरवाल समाज के लोग।

अखिल भारतीय पुरवार-पोरवाल महासभा के द्वारा नगर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह एवं होली मिलन समारोह पूरे धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सभा की महिला पदाधिकारी और बच्चों की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इस दौरान नगर इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें आलोक पुरवार को नगर अध्यक्ष, राकेश कुमार गुप्ता को महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता को नगर कोषाध्यक्ष, विकास गुप्ता एवं ऑडिटर पद पर प्रदीप पुरवार' को पद एवं गोपनीयता की शपथ राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पुरवार कानपुर के द्वारा कराई गई इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा नगर इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव कुमार पुरवार एवं उपाध्यक्ष क्रमशः अरविंद पुरवार, राकेश कुमार गुप्ता, रामकिशुन पोरवाल, लालजी पुरवार गोविंद पोरवाल एवं नगर संगठन मंत्री पद पर नवीन कुमार गुप्ता एवं सह मंत्री जितेंद्र पुरवार व सांस्कृतिक मंत्री अश्विनी कुमार पुरवार एवं नगर युवा अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ कराई गई। इसके अलावा कार्यकारिणी के विशिष्ट सदस्यों को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इसी क्रम में राष्ट्रीय महिला महामंत्री के द्वारा नगर महिला अध्यक्ष के पद पर रेखा लखन पोरवाल, महिला महामंत्री के पद पर सुमन पुरवा, महिला कोषाध्यक्ष के पद पर रेखा मनीष पोरवाल व वरिष्ठ उपाध्यक्ष किरन पुरवार एवं रूबी पोरवाल व उपाध्यक्ष पद पर रंजना, ज्योति, रुपाली पुरवार, सुधा एवं महिला संगठन मंत्री पद पर मीरा पुरवार एवं सुनीता पोरवाल इसी क्रम में सांस्कृतिक मंत्री पद पर मंजू पुरवार एवं श्रुति पुरवार, मीडिया प्रभारी शिखा पुरवार एवं विशिष्ट कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ज्योति को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी एवं संरक्षक सदस्य महिला मनोरमा पोरवाल द्वारा महिला इकाई का पूर्ण सहयोग किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आलोक पुरवार (इटौरा) के द्वारा जिला कार्यकारिणी के विस्तार में लखन गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष एवं राहुल नाथ पुरवार को जिला ऑडिटर नियुक्त किया गया।

# मंदिर के पास खुले शराब ठेके का लोगों ने किया विरोध



**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

नए वित्तीय वर्ष में देशी शराब की दुकान का स्थान बदला जा रहा है। मंदिर व ज्वैलरी शॉप के पास खोले गए शराब ठेके को लेकर स्थानीय निवासियों ने विरोध जताकर शराब ठेका दूसरी जगह पर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। लोगों के विरोध के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार, कोतवाली पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। नए वित्तीय वर्ष में देशी शराब की दुकान खोली जानी है। नगर के छोटी माता मंदिर के पीछे कुछ ही दूरी पर शराब का ठेका खोला जा रहा है। पास में ही फुटकर सब्जी मंडी, अस्पताल, रामजानकी मंदिर व सामने ज्वैलरी शॉप की दुकान भी है। ऐसे स्थान पर शराब का ठेका खोले जाने को लेकर आसपास के लोगों और भक्तों में आक्रोश पनप रहा है। तीन दिन पूर्व विशाल अग्रवाल, उमाशंकर सोनी, अतुल सोनी, कपिल कुमार, माता प्रसाद आदि ने शराब के ठेके को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग को लेकर तीन दिन पूर्व एसडीएम को शिकायती पत्र भी दिया था। इसके बाद भी बुधवार को उपरोक्त स्थान पर शराब का ठेका खोलकर बिक्री भी शुरू दी। जिस पर मोहल्ले के लोगों के साथ ही तमाम भक्त मौके पर पहुंच गए और शराब का ठेका बंद कराने की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही तहसीलदार एसके मिश्रा, चौकी प्रभारी दामोदर सिंह, एसआई रमेशचंद्र पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। लोगों ने बताया कि मंदिरों व अस्पताल के पास खुलने जा रही शराब की दुकान से आसपास का माहौल खराब होगा। धार्मिक आयोजनों के दौरान आने वाले लोगों को दिक्कत होगी। उन्होंने अधिकारियों से शराब ठेके को किसी दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की। जिस पर तहसीलदार ने उनकी मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने एवं नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मौके पर धर्मेंद्र सोनी, कमलेश, दीपक, रामनारायण सोनी, अशोक कुमार, नंदराम, रोहित, अमन आदि मौजूद रहे।

## सीडीओ से कुठौंदा बुजुर्ग में गौशाला खुलवाने की ग्रामीणों ने की मांग

**जालौन (उरई)।** ग्रामीण ने गांव में गोशाला निर्माण कराने की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की थी। इस शिकायत का उचित निस्तारण न होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर गांव में शीघ्र ही गोशाला का निर्माण कराने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंद बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में गोशाला का निर्माण नहीं हुआ है। गोशाला का निर्माण न होने से गांव के अन्ना गोवंश खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर जाते हैं। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। पूर्व में गाटा संख्या 457 पर गोशाला खोलने के लिए एसडीएम की ओर से आदेश भी हो चुका है।

# मंडी गेट पर ओवरलोड ट्रक पकड़े जाने से हुई समस्या




**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**

विगत कई दिनों से मंडी गेट पर खड़ा खराब ट्रक दुर्घटना का कारण बन सकता है। क्षेत्र के किसानों एवं गल्ला व्यापारियों ने हटाए जाने की मांग की है।

विदित हो कि गत दिनों उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल ने हाईवे पर बालू से भरा ओवरलोड ट्रक पकड़ा था जिसे वह गल्ला मण्डी परिसर में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराने लाए थे लेकिन वह ट्रक मण्डी गेट पर ही खराब हो गया था और तब से वही खड़ा है जिससे ट्रेक्टर ट्राली में अपनी उपज लेकर गल्ला मण्डी आने वाले किसानों को अंदर आने जाने में भारी परेशानी हो रही है। गल्ला

**व्यापारियों व किसानों ने मंडी गेट से ट्रक को हटाये जाने की उठायी मांग**

व्यापार मण्डल के अध्यक्ष गौतम सिंह यादव, रोशन पाल, बिन्नी वाजपेई, सुनील सिंह, माजिद अन्सारी सहित अन्य व्यापारियों मण्डी समिति के अध्यक्ष एसडीएम कालपी से मण्डी के प्रवेश द्वार पर खड़े ट्रक की वजह से दुर्घटना की आशंका जाहिर कर उसे हटाये जाने की मांग की है। मण्डी सचिव आनन्द गुप्ता के मुताबिक उक्त ट्रक काफी खराब हो गया था।

लेकिन पुलिस अभिरक्षा के वजह से उसमे काम नही हो पा रहा था लेकिन ट्रक मालिक अब खनिज विभाग से उसे रिलीज करा कर ले आया है और मरम्मतीकरण का काम भी शुरू हो गया है और शीघ्र ही वह गेट से हट जाएगा।



## भूसा घर में लगी आग, एक लाख का नुकसान

**जालौन (उरई)।** मंगलवार की रात अज्ञात कारणों से भूसा घर में आग लग गयी। आग लगने के कारण भूसाघर में रखा भूसा व गेहूं जलकर राख हो गया। आग लगने के कारण किसान का लगभग 1 लाख का नुकसान हो गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी सुनील कुमार पांचाल पुत्र झल्लू के रिहायशी मकान के साथ एक पशुशाला भी है। मंगलवार को देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आग लगने के कारण पशुशाला में बने भूसाघर में रखा गेहूं का भूसा, अनाज के साथ गृहस्थी का सामान जल गया।ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना अग्निशमन केन्द्र व पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस व अग्निशमन के कर्मचारी मौके पर पहुंच गये। दमकल ने डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझती तब तक पशुशाला में रखा भूसा व घर गृहस्थी का लगभग 1 लाख का सामान जल कर राख हो गया है। गनीमत रही कि आग से पशुओं को नुकसान नहीं हुआ ।पीड़ित किसान ने प्रशासन से आर्थिक मदद दिलाये जाने की मांग की है।

# आग से निकल रहा विषैला धुंआ बना मुसीबत का सबब

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**



कचड़े में लगी आग से उठता विषैला धुंआ।

कालपी (जालौन)। दुर्गा मन्दिर के पास कचड़े में सुलग रही आग उक्त क्षेत्र की जनता के लिए मुसीबत बनी है। उससे निकलना वाला धुंआ उक्त क्षेत्र के वातावरण को भी प्रदूषित कर रहा है। मालूम हो कि जिला प्रशासन द्वारा दुर्गा मंदिर के पास हाईवे के बीचों बीच पार्क बनाया है जहा सुबह शाम बूढ़े बच्चे, तथा महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में लोग आते हैं जहा पेड पौधों के साथ पालिका परिषद ने लोगों की कसरत के लिए जिम भी स्थापित की गई है। लेकिन हाईवे के दोनों पुलो के बीच पड़ी खाली जगह में नगर पालिका परिषद द्वारा नगर का कचडा डाला जा रहा है लेकिन उक्त कचड़े में बिगत कई दिनों से आग सुलग रही है लेकिन पालिका परिषद के जिम्मेदारों द्वारा उसके प्रति संवेदनशीलता न बरतने के कारण उक्त भडकती ही जा रही है आलम यह है कि कचड़े में लगी आग से बिषैला धुंआ बढ़ता ही जा रहा है और उल्टी हवा चलने पर वह हाईवे के साथ लोगों के घरों तक भी पहुंच जाता है।

सड़क के आसपास बसे मुहल्ला महमूदपुरा एवं हरीगंज निवासियों की माने तो कचड़े में आग लगने से निकल रही दुर्गन्ध ने लोगों को परेशान कर दिया है आलम यह है कि इस प्रदूषण की वजह से लोग परेशान है। इंदिरा नगर निवासी अमर सिंह निषाद ऐडवोकेट, दुर्गा मंदिर के पुजारी राजेन्द्र द्विवेदी, लखन लाल, दीपक, रामबाबू निषाद आदि के अनुसार कचड़े से निकल रहा धुंआ उनके घरों तक भी पहुंच रहा जिससे परेशानी बढ़ रही है आलम यह है बड़ी संख्या में लोगों ने धुंआ की वजह उधर सुबह सबेरे टहलना बंद कर दिया है। लोगों ने पालिका परिषद के जिम्मेदारों से मांग की है कचड़े मे धधक रही आग को बुझाया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### मौसम बदलते ही मच्छरों का आतंक शुरू

**उतरौला,बलरामपुर।** मौसम बदलते ही सुरु हो गया मच्छरों का प्रकोप, मच्छरों के गुनगुनाहट से लोगों की नीद उड़ गई है, ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी अन्य मच्छर जनित संक्रामक रोगों के फैलने का भय सता रहा है, इसके लिए सरकार ने भी कमर कस लिया है गांवो मे मच्छरों से बचाने के लिए साफ, सफ़ाई, का विशेष ध्यान दिया जा रहा है, मच्छरों के आतंक को निष्प्रभावित करने के लिए एंटी लारवा, डीडीटी का छिड़काव व फागिंग आदि का आदेश दिया गया है। हालाकि ऐसा फरमान हर वर्ष होता है किंतु सच्चाई इससे भिन्न है क्योंकि गत वर्ष के विषय में कुछ लोगों से एंटी लारवा, फागिंग के जानकारी लिया तो लोग सिरे से नकार गए कि मेरे गांव में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। देखना ऐ है कि क्या इस बार हर गांव में फागिंग, या मच्छरों से बचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कोई उपाय किए जा रहे हैं या फिर सिर्फ कागजों तक ही दावा किया जाएगा।

### सिविल बार संघ चुनाव में जांच में एक नामांकन पत्र खारिज

**दुद्धी, सोनभद्र।** सिविल बार एसोसिएशन चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन पत्रों की जाँच की गई। जाँच में एक पर्चा निरस्त कर दिया गया। निरस्त का कारण विधि व्यवसाय में उम्र कम होना बताया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी/एल्डर कमेटी चेयरमैन ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि बुधवार को नामांकन पत्रों की जाँच की गई, जाँच में कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए आवेदित पंकज कुमार का पर्चा निरस्त कर दिया गया हैं क्योंकि विधि व्यवसाय में उम्र कम पायी गई।उन्होंने बताया कि अब अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा सचिव पद के लिए चुनाव होगा।अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकबला विष्णुकांत तिवारी, शिवशंकर प्रसाद एवं प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के बीच होने की संभावना हैं।वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु अरविन्द कुमार यादव व महेंद्र जायसवाल में सीधा मुकाबला होने की संभावना हैं। सचिव पद पर राजेंद्र प्रसाद व अनूप श्रीवास्तव के बीच मुकाबले के आसार है। इसके अलावा शेष पदों पर निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय माना जा रहा हैं। निर्विरोध निर्वाचन में उपाध्यक्ष पद हेतु संजय कुमार यादव,कोषाध्यक्ष पद के लिए राकेश कुमार, गर्वनिंग काउंसिल वरिष्ठ पद हेतु नागेंद्र नाथ, गर्वनिंग काउन्सिल पद हेतु अनुराग त्रिपाठी, आदर्श कुमार,राकेश कुमार, भीम कुमार तथा अभिनय कुमार शामिल हैं।

### सेवानिवृत्ति पर कनिष्ठ सहायक को दी गई विदाई

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** जिले के बंदोबस्त चकबंदी विभाग में तैनात सेवानिवृत्ति हुए कनिष्ठ सहायक राकेश सिंह का विदाई समारोह का आयोजन किया गया।यह विदाई समारोह बतौर मुख्य अतिथि डीडीसी (उप संचालक चकबंदी) सोमनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने सेवानिवृत हुए श्री सिंह का फूल माला पहनाकर और राम मंदिर मॉडल देकर स्वागत किया। अपने सम्मान से अभिभूत कनिष्ठ सहायक श्री सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहाकि हमारे सेवा काल के दौरान आप लोगों का सहयोग तथा स्नेह बना रहा, इसलिए आप सभी लोगों का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि सेवा काल के दौरान यदि मुझ से कोई त्रुटि हुई हो तो आप सभी अपना समझ कर क्षमा करिएगा।इतना कहकर श्री सिंह भावुक हो गए तथा विदाई समारोह में मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की आंखें नम हो गई।

## बीआरसी दुद्धी में संपन्न हुआ शिक्षक विदाई समारोह

**दुद्धी सोनभद्र।** बुधवार को बीआरसी,दुद्धी में सेवानिवृत हो रहे वरिष्ठ शिक्षकों का विदाई समारोह धूमधाम से भावुक पलों के बीच मनाया गया।इस सत्र में सेवानिवृत हो रहे प्रधानाध्यापक श्री रामदास जी, श्रीमती पावित्री मिश्रा जी एवं शिक्षामित्र श्रीमती मीरा रावत जी ने बारी बारी से ब्लॉक दुद्धी में बिताए अपने यादगार संस्मरण सुनाए।उन्होंने कहा कि दुद्धी हमेशा उनके यादों में रहेगा।यहां से जो प्यार व सम्मान मिला व अविस्मरणीय रहेगा।मुख्य अतिथि बीएसए सोनभद्र श्री नवीन कुमार पाठक एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी,दुद्धी श्री महेंद्र मौर्या ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम के प्रारंभ होने की घोषणा की।श्री पाठक ने कहा कि शिक्षक ही ऐसा पद है जिसे राष्ट्र निर्माता का दर्जा मिला है अर्थात आप छोटे छोटे बच्चों के व्यक्तित्व का जैसा निर्माण करते हैं वैसा ही देश का भविष्य बनता है।

# मतदान करने को निकाली गई जागरूकता रैली




**सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में आज विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जनपद के करमा विकास खण्ड में आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार के निर्देशन में गत चुनावो में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले समस्त चिन्हांकित बूथों हेतु मतदाता जागरूकता अभियान संचालित कराने क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक आर पी यादव की अगुवाई में बुधवार को चंद्रगुप्त मौर्य इंटरमीडिएट कॉलेज मधुपुर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला विद्यालय निरीक्षक एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वय द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया गया जिसमे छात्र-छात्राओं द्वारा जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए विस्तारित ध्वनि यंत्रों के माध्यम से गीतों एवं नारों का प्रयोग किया गया तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधक दयाशंकर सिंह सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई। आज के इस आयोजन में जनपद के दोनों स्वीप नोडल शिक्षक अनिल पासवान (प्रवक्ता राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज ) एवं आनंद त्रिपाठी सहित सैकड़ो की संख्या में जनमानस ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को पूर्णता प्रदान की।

इसी क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज अनपरा परिसर में आयोजित प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में मतदान हेतु छात्राओं को शपथ दिलाई गई। विकास खंड चतरा के राजकीय बालिका हाई स्कूल में शिक्षिका शिखा वर्मा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता हेतु छात्र-छात्राओं में कविता पाठ का भी आयोजन किया गया। विकासखंड करमा के हंस वाहिनी इंटर कॉलेज कसया कला में भी प्रार्थना सभा के दौरान छात्राओं को मतदान हेतु जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

## गरीबों की मदद करना सबसे बड़ी सेवा: राशिद महमूद



**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज**

गरीबों व असहायों की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। हर सामर्थ्यवान व्यक्ति को गरीबों और असहायों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। यह बातें क्षेत्र में गरीब जरूरतमंद परिवारों की मदद करने के दौरान युवा समाजसेवी राशिद महमूद लबी ने कहीं। जरुरतमंदों की मदद करते समय वह तो लाभार्थी की फोटो लेते हैं और न ही सोशल मीडिया पर इसका गुणगान करते हैं।

समाजसेवी राशिद महमूद खान लबी ने कहा कि माहे रमजान व ईद त्यौहार के दृष्टिगत लोगों की सेवा के लिए हर संभव मदद करने की कोशिश कर रहा हूं। अपनी मुहिम को जारी रखते हुए बुधवार को भी युवा समाजसेवी राशिद महमूद ने क्षेत्र के कई गरीब परिवारों के घरों तक राशन व ईद का सामान पहुंचाया। और किसी को भी इसकी फोटो खींचने की इजाजत नहीं दी। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते हैं कि किसी गरीब की मदद करते समय फोटो खींचने पर उसकी आंखों में शर्मिंदगी या हीनभावना उत्पन्न हो। राशिद महमूद ने बताया कि अपनी क्षमतानुसार जरुरतमंद परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनकी मदद कर रहा हूं। साथ ही उन्होंने हर हैसियतमंद से अपील किया कि ईद से पहले जितना हो सके गरीबों की मदद करें।

# कृष्ण-रूक्मिणी विवाह कथा सुन श्रोता हुए हर्षित

**सहजनवा गोरखपुर,समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र सहजनवा के घघसरा नगर पंचायत डुमरी गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का रशापन भक्त जनों को कराया जा रहा है जिसमे सप्तम दिवस में अयोध्या धाम से पधारे आचार्य विजय नाथ महाराज ने कृष्ण रूक्मिणी विवाह का वर्णन किया। इस दौरान वहा मौजूद भक्त जनों के मनोहारी झांकी भी निकाली गई। आचार्य विजय नाथ ने बताया कि भीष्मक की पुत्री भगवती रूक्मिणी भगवान कृष्ण को अपना पति मान बैठी थी।परंतु उनके पांचों भाई कृष्ण को पसंद नहीं करते थे। और वे सब अपनी बहन का विवाह दमघोष नंदन शिशुपाल से तय कर दिए। रूक्मिणी को पता चला तो एक पत्र लिखकर पण्डित जी से द्वारिका भेजवाया और भगवान कृष्ण कुंदनपुर आए और रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण गले में वरमाला डाल दिया, कृष्ण रूक्मिणी का हरण कर द्वारिका चले आए और द्वारिका में ही मंगल उत्सव मनाया गया। शिशुपाल रोता रह गया।इसलिए कहते हैं आप लक्ष्मी पिता बन सकते , लक्ष्मी पुत्र बन सकते हैं, लक्ष्मी पति नही जो लक्ष्मी पति बनने की चेष्टा करता है उसे शिशुपाल की तरह रोना पड़ता हैं इस अवसर पर रामदरस मिश्र, अजय द्विवेदी, नागेश्वर चौबे, धर्मेंद्र चौबे,सोनू, देव,मारुति, नारायण, सुशीला देवी, मंजू,पुष्पा , समीक्षा, श्रद्धा, हर्षिता, अर्पिता,मोनिका ,सुमन इत्यादि श्रद्धालू सब कथा सुन झूम उठे।

# सीएमओ के निरीक्षण में फार्मासिस्ट अनुपस्थित, मांगा स्पष्टीकरण

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को अधोहस्ताक्षरी द्वारा राबर्ट्सगंज ब्लाक के प्रास्वा केन्द्र ककराही के अन्तर्गत वीएचएसएनडी सत्रों का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम प्रातः 11:45 बजे उपकेन्द्र गुरूपरासी के वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। सत्र में एएनएम उषा देवी, प्रातः 9:00 से यू-विन पोर्टल पर सत्र में लाग-इन कर चुकी थीं। आशा कार्यकत्री गांव में गर्भवती और बच्चों को लाने गयी थीं। आगंनबाड़ी जीरा देवी अनुपस्थित थी। सत्र स्थल पर सीएचओ प्रीति कमारी सिकिल सेल की जांच किया जा रहा था तथा एनएनएम को टीकाकरण कार्यों में सहयोग दिया जा रहा था। कुल 07 गर्भवतियों का टीकाकरण हो चुका था। मेरे निरीक्षण अवधि तक कोई भी बच्चा टीकाकरण के लिए नहीं आया था। यू-विन पोर्टल पर चेक करने पर 03 लोगों का टीकाकरण अपडेट प्रदर्शित हो रहा था।

ईजी पिल्स को छोड़कर, सत्र स्थल पर समस्त लाजिस्टक उपलब्ध थे। इसके पश्चात् दोपहर 12:00 बजे, प्राथमिक स्वा0केन्द्र, गुरुपरासी का निरीक्षण किया गया। उपस्थिति रजिस्टर के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि फार्मासिस्ट राजेश कुमार दो दिन से अनुपस्थित थे। स्टाफ द्वारा बताया गया कि वह दो दिन का प्रतिकर अवकाश लिये हैं। दो दिन के प्रतिकर अवकाश लेने के कारण उनसे स्पष्टीकरण लिये जाने के निर्देश दिये गये। सुभाष यादव, एलए भी तीन दिन से अनुपस्थित पाये गये। जिनका वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, ककराही को दिये जाते हैं। अपराह्न 12:27 बजे आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपकेन्द्र राजपुर पर चल रहे वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। वहां एएमएम उर्मिला जायसवाल कार्य कर रहीं थी।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैने अपने बड़े पुत्र अभिषेक वर्मा व पुत्रवधू श्वेता वर्मा तथा पौत्र यश वर्मा उम्र 1 वर्ष के गलत क्रियाकलापों के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन सभी के द्वारा किये गये कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**रमा वर्मा पत्नी देवेन्द्र वर्मा निवासी गनीपुर जोगपुर नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

# मोटोरोला ने टू कलर कैमरा व डिस्प्ले के साथ लॉन्च किया एज 50 प्रो फोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**




भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज अपने नए प्रीमियम स्मार्टफोन मोटोरोला एज 50 प्रो के भारत में ग्लोबल फर्स्ट लॉन्च की मेजबानी की। यह फोन मोटोरोला के एज फ्रेंचाइजी का सबसे नया एडिशन है। यह स्मार्टफोन बुद्धिमत्ता और कला के मिश्रण का बेहतर उदाहरण है और प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचाने के लिए तैयार है। इस स्मार्टफोन में दुनिया का पहला और एकमात्र एआई पावर्ड प्रो.ग्रेड कैमरा दिया गया है जो पैनटोन1 द्वारा मान्य वास्तविक रंगों और मानव त्वचा टोन की विशाल रेंज के साथ आता है। इस पैनटोन द्वारा मान्य स्मार्टफोन में दुनिया का पहला और एकमात्र टू कलर डिस्प्ले भी दिया गया है। मोटोरोला एज 50 प्रो एक खूबसूरती से तैयार किए गए संतुलित डिजाइन में पेश किया गया है। यह फोन मूनलाइट पर्ल फिनिश में दुनिया के पहले हस्तनिर्मित डिजाइन में आता है। इटली में बनाया गया ये डिजाइन फोन के पिछले हिस्से में देखने को मिलता है। इसके अलावा इस फोन में एक शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 7 जेन 3 प्रोसेसर भी है।

# हम सुधरेंगे,जग सुधरेगा की भावना करें आत्मसात: डॉ. तिवारी

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



शहर के प्रतिष्ठित एसएसवी इंटर कॉलेज में बुधवार को शिक्षा विभाग व जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर बुधवार को बाल विवाह पर रोक सहित संचारी रोगों के रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता शपथ ली और आयोजित प्रतियोगिताओं में शामिल हुए। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने प्रार्थना सभा में बाल विवाह पर रोक संबंधी विचार प्रस्तुत किया।छात्रों को जागरुक करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि समाज में अशिक्षित लोगों की ओर से तमाम प्रकार की भ्रांतियां फैला दी गई हैं जिससे आज के छात्र व युवा वर्ग भ्रमित होकर अपने वर्तमान को बिगाड़ दे रहे हैं और इससे उनका भविष्य भी खराब हो रहा है।इसलिए विद्यार्थियों को समय समय पर शासन व विभाग की ओर से जारी निर्देशों से परिचित करा के जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने सभी को अपने आस पड़ोस,घर परिवार को भी जागरुक करते रहने के लिए प्रेरित किया जिससे एक सुंदर समाज की स्थापना हो सके। उन्होंने कहा कि जब हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा की भावना को आत्मसात करना होगा।इसके पश्चात विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य डॉ तिवारी ने चयनित छात्रों को पुरस्कृत किया।इस दौरान विद्यालय के उप प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार तिवारी,शिक्षक सुरेंद्र देव तिवारी,डॉ.अशोक गौतम, वारिज नयन शर्मा,जयेंद्र पाठक, अरुण कुमार दुबे,अक्षितेश्वर प्रसाद दुबे,राजीव शुक्ला,कौशल पटेल,रवि प्रकाश श्रीवास्तव व अनिल मिश्रा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

**आवश्यकता**

स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान, बाराबंकी द्वारा अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं की उत्कृष्ट शिक्षा के लिए निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल(प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्तर) ग्राम छंदवल, शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर जनपद बाराबंकी में निम्नलिखित शिक्षक/ शिक्षिका के रिक्त पदों पर अनुभवी एवं योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं-

1. गणित शिक्षक 01 पद, शैक्षणिक योग्यता-प्रशिक्षित स्नातक (Deled/Bed) अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष
2. संगीत शिक्षक 01 पद शैक्षणिक योग्यता प्रशिक्षित स्नातक एवं संगीत शिक्षण का अनुभव/डिप्लोमा, अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष।
3. अधिकतम देय मानदेय- संगीत शिक्षक पद हेतु रु0 10,000/- गणित शिक्षक पद हेतु रु0 15,000/- प्रतिमाह(अनुदान उपलब्धता के आधार पर)
4. आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल,2024
5. आवेदन पत्र/बॉयोडाटा के साथ समस्त शैक्षिणिक प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्रों की छायाप्रति वाट्सएप नम्बर 9455542543 व ईमेल आईडी child linebbk@gmail.com पर भेज सकते हैं।

**डाक पता-** प्रबंधक, चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल-ग्राम छंदवल, पोस्ट हूँसेपुर, जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश -225405

# चोरों ने पांच लाख के आभूषण व नगदी किए पार

- तिर्वा कस्बे के घनी आबादी वाले अंबतीबाई नगर मोहल्ले में हुई चोरी
- एसपी, सीओ, कोतवाल, फारेंसिक व डॉग स्क्वाड टीम मौके पर पहुंची

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



चोरी के बाद घर में बिखरा पड़े सामान का नजारा

कस्बे के रानी अंबतीबाई मोहल्ले में मंगलवार की मध्य रात्रि 02 बजे के करीब अज्ञात चोरो ने जीने की दीवार तोड़कर घर में घुसकर करीब पांच लाख रूपए के सोने-चांदी के आभूषण व 80 हजार की नगदी चोरी कर ली। बुधवार की सुबह मामले की जानकारी होने पर हड़कम्प मच गया। सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक समेत डॉग स्क्वाड, फारेसिंक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। एसपी ने एक सप्ताह में घटना का पर्दाफाश करने का आश्वासन दिया।

तिर्वा कस्बे की घनी आबादी के मध्य रानी अंबतीबाई नगर मोहल्ले में रिंकू राजपूत पुत्र धनीराम का मकान है। रिंकू व उसकी पत्नी घर में खाना खाने के बाद एक कमरे में सोने चले गए।

कुछ अज्ञात चोरो ने रात्रि दो बजे के करीब उनके जीने की दीवार में सेंध लगा दी। सेंध के जरिए घर के अंदर पहुंच गए। जिस कमरे में पति-पत्नी सो रहे थे। उसकी कुण्डी बाहर से लगा दी। इसके बाद दूसरे कमरे में रखी सेफ का ताला तोड़कर करीब पांच लाख रूपए के सोने-चांदी के आभूषण व 80 हजार की नगदी चुरा ले गए। बुधवार की सुबह दंपति ने किसी तरह से बाहर से लगी कुण्डी को खुलवाया। घर का नजारा देख, उनके होश उड़ गए। मामले की जानकारी तिर्वा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

मोहल्ले के लोगों का आक्रोश देखते हुए पुलिस ने मामले की जानकारी एसपी कन्नौज अमित कुमार आनन्द को दी। सूचना पाकर एसपी अमित कुमार आनन्द, सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई, तिर्वा कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद गंगवार, फारेसिंक व डॉग स्क्वाड टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। एसपी ने तिर्वा कोतवाली प्रभारी को निर्देश देते हुए एक सप्ताह में घटना का खुलासा करने को कहा है।

# रिवोर हैंडपंप में मशीन न लगे होने के कारण किया अनशन




- जिला अध्यक्ष ने अपना समर्थन दिया और अपने समर्थकों के साथ सभासद के अनशन स्थल पर अनशन भी प्रारंभ किया

**छिबरामऊ कन्नौज समृद्धि न्यूज**

वार्ड नम्बर 24 पन्तनगर सभासद प्रदीप चौहान कल से नगर पालिका परिषद में अपनी मां को लेकर अनशन पर बैठे। वार्ड नम्बर 24 पन्तनगर सभासद प्रदीप चौहान ने पूर्व में अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष संबोधित प्रार्थना पत्र दिया जिसमें की अपने वार्ड में लगे फ्रीजर हाल ही में निर्मित सड़क रिवर कराए हुए हैंडपंपों में मशीन ना ना लगी होने के कारण अनशन करने की चेतावनी दी गई समय पूरा होने के बाद कल से नगर पालिका परिषद में सभासद द्वारा अनशन प्रारंभ किया गया अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि ज्यादातर मांगे पूरी हो चुकी है कुछ एक दो मांग बची है जो आचार संहिता के कारण चुनाव बाद में ही पूर्ण हो सकेगी अनशन स्थल पर भारतीय किसान यूनियन किसान के जिला अध्यक्ष राजा शुक्ला ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया और अपने समर्थकों के साथ सभासद के अनशन स्थल पर अनशन भी प्रारंभ किया।

# भाजपा प्रत्याशी ने सपाध्यक्ष पर लगाया आरोप कहा मुझे मारने की दी जा रही है धमकी: सुब्रत पाठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



पत्रकारों को सम्बोधित करते निर्वतमान सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक

इत्रनगरी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान सपा मुखिया की मौजूदगी में मंच से सपा नेता ने अपने सम्बोधन में निर्वतमान भाजपा सांसद के खिलाफ अभद्र टिप्णी के मामले का संज्ञान लेते हुए भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर सपा के ऊपर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव के इशारे पर मुझे जान से मारने की धमकी दी गई और अखिलेश यादव इस मंच पर बैठे तालियां बजा रहे थे, इसलिए मुकदमा अखिलेश यादव पर किया जाना चाहिए क्योंकि उनके ही शह पर इस तरह की धमकी मुझे दी जा रही थी इसके लिए मैं चुनाव आयोग अपील करूंगा। श्री पाठक ने पुलिस के साथ मारपीट के मामले में कहा कि कोई अपने बच्चों के सर पर हाथ रख कर कह दे कि मैंने किसी पुलिस वाले को छुआ भी हो तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। पुलिस वालों द्वारा डंडो में तेल लगाने वाले बयान पर भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बाबा की सरकार है और यहां की पुलिस माफ़ियाओं और गुंडो के आगे हाथ नहीं जोड़ती है वह कार्रवाई करने में विश्वास रखती है। सुब्रत पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक जाति विशेष के लोगों को बढ़ावा देने के लिए राजनीति करती है, लेकिन भाजपा सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। श्री पाठक ने कहा कि जिस प्रकार 2012 के चुनाव में छिबरामऊ से भाजपा के एक कार्यकर्ता नीरज मिश्रा की हत्या सिर्फ इसलिए करवा दी गई थी क्योंकि उसने सपा को बूथ कैपचरिंग करने से रोक दिया था। उसी प्रकार से अखिलेश यादव मेरी हत्या करवा देना चाहते हैं क्योंकि मैं उनके खिलाफ चुनाव लड़ता हूं चुनाव में मैंने उनकी पत्नी को हराया है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश दिवाकर ने कहा कि उनके शाब्दिक हमले से हमारा पूरा बाल्मीकि समाज आहत है और हम इसके लिए अलग से कानून का सहारा लेंगे। कहा कि सदर विधायक और समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री असीम अरुण इस बारे में पहले ही कन्नौज कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के लिए पत्र लिख चुके है। हम भी इस बारे में पुलिस को तहरीर देंगे। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के पति और प्रतिनिधि ओमकार शाक्य तथा हाल ही में सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दिनेश यादव समेत तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे।

## सदर तहसील में 24 घंटे खुला रहेगा कंट्रोल रूम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** लोकसभा निर्वाचन के तहत कन्नौज विधानसभा के मतदाताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए तहसील कार्यालय में डेडिकेटेड कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है।

उक्त जानकारी देते हुए सदर उप जिला मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रहेगा। शिकायत हेल्पलाइन नंबर 9651929977 पर दर्ज कराई जा सकेगी। कंट्रोल रूम पर राजस्व निरीक्षक ब्रजनंदन सिंह व रक्षपाल सिंह प्रथम पाली प्रातः 08 बजे से शाम 04 बजे तक एवं संग्रह अमीन करण सिंह व अजीत (प्रथम) द्वितीय पाली शाम 04 बजे से रात्रि 12 बजे तक तथा संग्रह अमीन मनोज कुमार व देवेश कुमार तृतीय पाली रात्रि 12 बजे से प्रातः 08 बजे तक ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

# बैंक मैनेजर को धमकाने पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

- बैंक मैनेजर ने की शाखा को सुरक्षा प्रदान करने की मांग

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मैनेजर को जान से मारने की धमकी एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित कई आरोपों पर राजेश सिंह चौहान पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के संबंध में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मैनेजर दीपू ने कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई है कि राजेश सिंह चौहान पुत्र नरेंद्र सिंह चौहान निवासी मोहल्ला बस्तीराम ने 27 व 28 मार्च को शाखा से 5 दस्तावेज़ व ऑडिट के दौरान फ़ाइल से 5 पेपर चोरी कर लिए और कुछ ग्राहकों के पेपर शाखा प्रबन्धक के सामने फाड़ दिये। 28 मार्च को शाखा का पूरा वीडियो बनाया गया, हो सकता कि चोरी को अंजाम देने के लिए चोर ग्रुप को इनके द्वारा वीडियो साझा किया जाए जिससे भविष्य में कोई भी दुर्घटना घट सकती है, जबकि आरबीआई के निर्देशानुसार बैंक में वीडियो बनाना प्रतिबंधित है। शाखा प्रबन्धक को धमकी दी गयी है कि अगर लोन नहीं करोगे तो मैं कार से टक्कर मार कर तुमको जान से मार दूंगा और पैसा छीनकर ले जाऊंगा। कोई रोक नहीं सकता और बैंक में आग लगा दूंगा जिससे तुम, तुम्हारा स्टाफ और बैंक जलाकर राख कर दूंगा। अपनी पत्नी को बुलाकर कपड़े फड़वाकर और अपने गार्ड को गवाह बनाकर फर्जी धाराओं जैसे 376 लगवाकर जेल भेजने की भी धमकी दी। शाखा में सभी स्टाफ और ग्राहकों के सामने शाखा प्रबन्धक को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। आए दिन शाखा में सभी स्टाफ को मां बहन की गंदी गंदी गालीगलौच और जान से मारने की धमकी दे रहा है। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर शाखा को कार्य करने नहीं दिया जा रहा है और 1 अप्रैल को शाखा का वार्षिक लेखाबन्दी का नोटिस उसके द्वारा फाड़कर अपने साथ ले जाया गया। आपसे अनुरोध है कि शाखा को सुरक्षा प्रदान करें जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न न हो, इसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए और यदि किसी स्टाफ के जानमाल को कोई हानि होती है तो उसका जिम्मेदार राजेश चौहान होगा।

## खबरें एक नजर में

### तहसील मे 24 घंटे खुला रहेगा कंट्रोल रूम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** लोकसभा चुनाव के लिए छिबरामऊ विधानसभा के मतदाताओ की समस्याओ के निस्तारण के लिए तहसील के आरके कार्यालय मे डेडिकेटिड कंट्रोल रूम बनाया गया है। यह जानकारी देते हुए उप निर्वाचन अधिकारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि कंट्रोल रूम 24घंटे खुला रहेगा। शिकायत हेल्प लाइन नंबर 9235876575 पर दर्ज कराई जा सकेगी। कंट्रोल रूम पर राजस्व निरीक्षक सोवरन लाल की सुबह 8 बजे से शाम 4बजे तक,लेखपाल सुखपाल सिह की शाम 4बजे से रात 12 बजे तक तथा राजस्व निरीक्षक प्रेम कृष्ण मिश्रा की रात 12 से सुबह 8बजे तक डयूटी पर रहेगे।

### बार एसो.छिबरामऊ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बार एसोसिएशन छिबरामऊ का शपथ ग्रहण कार्यक्रम तहसील परिषद स्थित बार सभागार में आज प्रभारी जिला जज की अध्यक्षता में संपन्न होगा। बार एसोसिएशन छिबरामऊ नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह तहसील परिषद स्थित सभागार में प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन सचिव अंकज मिश्रा की मौजूदगी में शपथ ग्रहण कार्यक्रम बाढ़ स्वागत में संपन्न होगा।

### अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद संसार सिंह के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन व तलाश राजा गुप्ता उर्फ राजा बाबू उर्फ सुमित पुत्र शिवशंकर गुप्ता निवासी तालग्राम रोड मोहल्ला हर्ष नगर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**तालग्राम, छिबरामऊ।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्ग निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के कुशल नेतृत्व में ÷मादक पदार्थ/ड्रग्स से सम्बन्धित एवं संलिप्त व्यक्तियों÷ के विरुद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना तालग्राम पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरीश पुत्र मनीराम गिहार निवासी ग्राम निकवा थाना तालग्राम जनपद कन्नौज उम्र करीब 40 वर्ष को मय 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया गया।

# चिकित्सा शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए हुई कार्यशाला

- एनएमसी के निर्देश पर एमबीबीएस स्टूडेंटस को अब नई तकनीकी से पढ़ाएगें प्रोफेसर
- कार्यशाला में दी गई तकनीकी जानकारियां

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



बरेली मेडिकल कॉलेज से आई पर्यवेक्षक डॉ.शालिनी चन्द्रा को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ.सीपी पाल

डॉ.भीमराव रामजी अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक भवन में तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन (बीसीएमी) कार्यशाल का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एक अप्रैल से शुरू हुई। बुधवार को कार्यशाला का समापन किया गया। इस मौके पर कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले चिकित्सा शिक्षकों को प्राचार्य ने शील्ड देकर सम्मानित किया। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा एमबीबीएस स्टूडेंटस के लिए जारी नए पाठ्यक्रमों को पढ़ाने के लिए नई तकनीक के जरिए अध्ययन कराना है। इसके लिए चिकित्सा शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का प्रर्वेक्षण रिजनल सेंटर रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज बरेली से आई प्रो. शालिनी चन्द्रा द्वारा किया गया।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला में फिजियोलॉजी के एचओडी डॉ.अम्बरीश गुप्ता, कम्यूनिटी मेडिसन के एचओडी डॉ.डीएस मार्तोलिया, ईएनटी के एचओडी डॉ.संदीप कौशिक के अलावा डॉ.अनीता ओमहरे, डॉ.मंजू चैधरी, डॉ.शिल्पी सिंह, डॉ.किरण यादव, डॉ.पारूल कमल, डॉ.मेधा मिश्रा, डॉ.रजनीश, डॉ.आकाश व डॉ.शैलेन्द्र ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला के समापन के बाद बुधवार की दोपहर प्राचार्य ने प्रतिभाग करने वाले सभी चिकित्सा शिक्षकों को सम्मानित किया।



## ब्रज के होली गीतों पर झूम उठे श्रोता

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय कंपोजिट विद्यालय में आयोजित वरिष्ठ नागरिक समिति के होली मिलन समारोह में ब्रज के होली गीतों पर श्रोता झूम उठे। इस दौरान सभी ने फूलों से होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी। सेवानिवृत शिक्षक गिरीश चंद्र ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की जबकि समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत सिंह प्रजापति ने आगन्तुकों का तिलक वंदन किया। सभी ने फूलों की होली खेली। गिरीश चंद्र ने ब्रज का होली गीत, भारत सिंह प्रजापति ने देवर भाभी का होली गीत, रामप्रकाश शाक्य बेफिकर ने मधुर रसीला होली गीत और बालिस्टर सिंह यादव ने शिक्षाप्रद गीत प्रस्तुत किया। विनोद कुमार दुबे ने सभी को होली की बधाई दी। इस अवसर पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि समस्त पेंशनर को जिला कोषागार अधिकारी पेंशन शीघ्र वितरित करने की व्यवस्था करें। संचालन कर रहे राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक भारत सिंह ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार जताया।

# 15 रिटायर्ड शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



रिटायर्ड शिक्षक को प्रतीक चिन्ह भेंट करते शिक्षक

बीआरसी सभागार में बुधवार को उमर्दा विकास खण्ड क्षेत्र के पिछले तीन बर्षो में सेवानिवृत्त हुए 15 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सभी को शॉल, रामचरित मानस व एक-एक पौधा सौंपकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उमर्दा के खण्ड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ पाठक ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों से पिछले तीन बर्षों में रिटायर्ड हुए शिक्षक सुशील चन्द्र, अनिल कुमार चतुर्वेदी, कृष्ण कुमार तिवारी, सरनाम सिंह, गयाप्रसाद, शहीन सुल्तान, उपेन्द्र सिंह, सतीश चन्द्र, बसरूद्दीन, उमेश चन्द्र शुक्ला, ऊषा वर्मा, रमेश चन्द्र यादव, ओमकार सिंह व रामनरेश यादव को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। इसके अलावा मौजूद शिक्षक सुरजीत सिंह तोमर ने सभी शिक्षकों को रामचरित मानस भेंट की। हरीपुर्वा प्राथमिक विद्यालय के हेडटीचर प्रदीप राजपूत ने सभी सेवानिवृत शिक्षकों को एक-एक पौधा सौपें। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता। वह जहां भी रहता है, शिक्षा की अलख निरंतर जगाता है। इस मौके पर नीतेश सिंह, प्रमोद यादव, धर्मेंद्र यादव, सुरजीत सिंह, रॉबिन सिंह, अमनदीप, रोहित द्विवेदी, विश्वजीत , श्यामू यादव सहित कई शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# पुलिस व बीएसएफ ने रूट मार्च कर किया भौगोलिक निरीक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्रामीण अंचलों में रूट मार्च करती पुलिस व बीएसएफ

लोक सभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए कोतवाली पुलिस नें बीएसएफ जबानों के साथ रूट मार्च कर ग्रामीण अंचलों का भौगोलिक निरीक्षण किया और लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने लोगों से निर्भीक होकर शांति पूर्ण ढंग से मतदान करनें की अपील की।

बुधवार को बीएसएफके जबानों ने प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा व भारी पुलिस बल के साथ ग्राम सभापुर, तेराजाकेट, विसम्भरपुर, पनगवां, भुढहा सहित अन्य ग्रामीण अंचलों का पैदल मार्च कर भौगोलिक व सामाजिक निरीक्षण किया और 2024 लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक व उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, राजेश प्रताप सिंह, रावेन्द्र सिंह, राहुल कुमार की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीएसएफ के जबानों के साथ भ्रमण कर आम जनमानस को चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने को लेकर सुरक्षा का एहसास दिलाया। जिससे आम जनमानस में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षित संदेश मिले। और चुनाव आयोग की शक्ति का आम जनमानस को एहसास हो सके।

# रमजान में अल्लाह तआला रहमतों की बारिश करता है: ताहिर हुसैन

- पूर्व विधायक व समाजसेवियों ने रोजेदारों को दी त्योहार की मुबारकबाद

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ताहिर हुसैन सिददीकी, अरशद जमाल सिददीकी, शमीम सिददीकी, अहमद हसन, तरीक अहमद तरीक, मकबूल अहमद के फाईल फोटो।

माहे रमजान के अवसर पर नगर के पूर्व विधायक व किसान नेताओं व समाजसेवियों ने नगर व क्षेत्र के रोजेदारों सहित क्षेत्रीय जनता को मुस्लिम धर्म के पवित्र माहे रमजान की मुबारकबाद दी है।

बुधवार को नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित आवास कार्यालय पर पूर्व सपा विधायक पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिददीकी एवं भोजपुर सपा विधानसभा प्रभारी ने अरशद जामल सिददीकी नें कहा कि रमजान माह मे अल्लाह तआला रोजेदारो पर रहमतों व बरकतों की बारिश करता है। इस महीने मे अमीर गरीब सभी को रोजा रखना चाहिये क्योकि रोजा रखने से अल्लाह तआला खुश होता है और रोजदारों को रोजी मे बरकतों की वारिस करता है। इस्माईलपुर स्थित भाकियू टिकैत जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शमीम सिददीकी नें कहा कि रमजान का पवित्र महीना आपको हर तरह की बुराई, ऐब और गलत ख्याल से दूर रहने का हुक्म देता है ये महीना मन की शुद्धि के लिए होता है। युवा उद्योगपति अहमद हसन एवं युवा शायर तरीक अहमद तरीक ने कहा कि हमारे बीच कई जरूरतमंद लोग मौजूद हैं। जिनके पास खाद्य सामग्री व तन ढंकने के लिये कपड़ा तक मौजूद नहीं। अगर इस महीने में इंसान अपनी जरूरतों और ख्वाहिशों को कुछ कम कर लें और यही रकम जरूरतमंदों को दें तो यह उनके लिये बेहद अज्र और ऊपर वाले की मेहरबानी का जरिया बनेगा। भाकियू लोकशक्ति जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद नें कहा कि रमजान के महीनें मे अल्लाह तआला एक नेकी के बदले मे रोजेदारों को सत्तर गुना सबाब देता है। इस महीनें मे लोगों के सभी गुनाह माफ हो जाते है। यह पवित्र माह हम सभी को नेकी की राह पर चलनें के लिये प्रेरित करता है।

# रहमतों व बरकतों का महीना है रमज़ान: इरफान हुसैन



रोजेदार इरफान हुसैन



मो. फैसल हुसैन



मो. कामिल

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

माहे रमज़ान रोजेदारों ने व्यक्त की अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं समधन नगर के मोहल्ला आजाद नगर में मंगलवार को रोजा इफ्तार के दौरान इरफान मैरिज हॉल के प्रबन्धक इरफान हुसैन ने बताया कि पूरे वर्ष के सभी महीनो में माहे रमज़ान महीना हम सब के लिए बड़ी बरकतों व रहमतों का महीना है। अल्लाह तआला इस महीने में जन्नत के दरवाजे खोल देता है और जहांन्नुम के दरवाजे बंद कर देता है और रहमतों की बारिश करता है। इस महीने में एक नेकी के बदलें अल्लाह तआला आखिरत में रोजेदारों को सत्तर गुनाह ज्यादा सबाब देगा रोज़ा इफ्तार के दौरान मो. फैसल हुसैन ने कहा कि अल्लाह तआला का शुक्र और एहसान है। उसने हम सब को यह बरकतों व नेकियों का महीना अता फ़रमाया रोज़े की हालत में झूट बोलने और आंखों की ग़लत निगाहों से देखने से बचना चाहिए जितना ज्यादा हो सके तो पूरा दिन इबादत में ही समय को लगाना चाहिए रोज़ा इफ्तार के वक्त अल्लाह तआला से खूब दुआएं मागे अल्लाह तआला रोज़ा इफ्तार के वक्त की दुआएं कुबूल करता है। रोजेदार मो. कामिल ने कहा कि अल्लाह ने हम सब को यह मुबारक महीना अता फ़रमाया है उसका बहुत बड़ा अहसानो करम है। इस महीने के रोज़े रखने के साथ-साथ अल्लाह तआला को अपने बंदों की इबादत बहुत पसंद हैं।

अल्लाह तआला नौजवानों की इबादत से बहुत खुश होता है। रोजेदारों को रोजा इफ्तार करना बहुत बड़ा और नेक काम होता है।

# डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों व विद्यालयों का किया निरीक्षण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने शमशाबाद क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खामियां पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने के आदेश दिए। आगामी लोकसभा का चुनाव करीब आ रहा। चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके इसके लिए शासन प्रशासन द्वारा आवश्यक करवाई जारी है। इसी के चलते बुधवार को जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा शमशाबाद नगर में स्थित विभिन्न स्कूलों में बनाए गए बूथों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कहीं बूथों पर बिजली की समस्याएं रही, तो कहीं पंखा नजर नहीं आए। इसके साथ ही जिलाधिकारी को और भी तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों तथा विद्यालय के प्रबंधकों प्रधानाचार्य से नाराजगी जताकर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने के आदेश दिए। शमशाबाद नगर में स्थित जूनियर हाईस्कूल का जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने कक्षा 8 के छात्र से कुछ सवालों को पूछा। जिस पर छात्र बंगलें झांकने लगे। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों से भी पूछा, लेकिन शिक्षक भी नहीं बता पाए। जिस पर जिला अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए शिक्षकों की क्लास लगाई। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षा के स्तर में सुधार एवं शिक्षकों की भी शैक्षिक गुणवत्ता का परीक्षण कराए जाने के आदेश दिए।



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारीगण

- कई शिक्षक भी हल नहीं कर पाए जिलाधिकारी द्वारा पूछे गए सवाल
- बीएसए को शिक्षकों की शैक्षिक गुणवत्ता का परीक्षण कराने के दिये आदेश
- मिड-डे-मील भोजन को चखकर परखी गुणवत्ता, की प्रशंसा



बच्चे से सवाल पूछते डीएम



मिड-डे-मील चखते डीएम व एसपी

प्राथमिक विद्यालय में भी पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से जिलाधिकारी ने शिक्षा के साथ ही साथ मिड-डे-मील के संबंध में जानकारी की। डीएम तथा एसपी ने एक ही प्लेट में मिड-डे-मील भोजन का स्वाद चखा। शिक्षण व्यवस्था के साथ-साथ मिड-डे-मील ठीक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने विद्यालय की प्रशंसा की। उधर चंद्र कुमारी ज्वाला शंकर रायजादा बालिका इंटर कॉलेज शमशाबाद में भी बूथों के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहीं कमरों में पंखे नहीं थे, तो कहीं लाइट की व्यवस्था नहीं थी। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए विद्यालय के मैनेजमेंट से तत्काल व्यवस्थाएं सही कराए जाने के आदेश दिए। शिक्षण कार्य में भी अनियमिताएं पाई गईं। कक्षा 6 की एक छात्रा की किताब से एक सवाल पूछा मैं स्वेटर विनती हूँ इस सवाल का छात्राएं अंग्रेजी में अनुवाद नहीं कर सकीं।

जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताकर उक्त विषय से संबंधित शिक्षका से जानकारी की। शिक्षिका भी संतोष जनक जवाब नहीं दे सकी। इस इस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को कड़ी फटकार लगाते हुए शिक्षा का स्तर सुधारने तथा शिक्षिका का शिक्षा से संबंधित परीक्षण कराने की बात कही। जिलाधिकारी द्वारा तीनों विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से सामान्य ज्ञान के संबंध में जानकारी की, तो छात्र छात्राएं बंगलें झांकते नजर आए। जिलाधिकारी द्वारा जब एक छात्रा से पूछा गया कि आपके जिले का नाम क्या है, तो अधिकांश छात्रों का कहना था शमशाबाद, तो किसी ने प्रदेश सही बताया, तो कोई तहसील सही नही बता पाया। कुल मिलाकर जिलाधिकारी को निरीक्षण में बूथों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी खामियां ही खामियां मिलीं। जिसके लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए विभागीय अधिकारियों से शिक्षा का स्तर सुधारने की नसीहत देकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से शिक्षकों की शैक्षिक गुणवत्ता की जांच कराने की बात कही। उन्होंने कहा यदि शिक्षक शिक्षा संबंधी जानकारी के टेस्ट में पास नहीं होता तो आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने एबी इंटर कॉलेज शमशाबाद का भी निरीक्षण किया। सबसे बड़ी बात यह रही निरीक्षण के दौरान विभिन्न बूथों पर अव्यवस्थाएं मिलीं, तो कहीं शिक्षा के क्षेत्र में खामियां मिलीं।

जिसको लेकर जिलाधिकारी का पारा चढ़ा नजर आया। हालांकि निरीक्षण की कार्रवाई के दौरान जहां एक ओर पुलिस विभाग में हड़कंप रहा, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों में भी हड़कंप रहा।

# आगामी चुनाव को लेकर एसडीएम सदर ने की सचिवों के साथ बैठक

## बूथों का भी किया निरीक्षण, व्यवस्थायें दुरुस्त करने के दिये निर्देश



बैठक लेते एसडीएम



गांव के रास्ते का निरीक्षण करते अधिकारीगण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

एसडीएम सदर गजराज सिंह ने सचिवों के साथ विकास खंड परिसर में बैठक कर सचिवों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद बूथों का भी निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को विकास खंड परिसर में एसडीएम सदर गजराज सिंह ने सचिव विनय चौहान, अंजलि प्रजापति, नीरू दीक्षित, अरविंद सिंह, अभय राज सहित सभी को निर्देश दिये कि सभी बूथों पर फोर्स को रोकने के लिए उचित व्यवस्था का प्रबंध किया जाये। बिजली, पंखा, पानी तथा साफ-सफाई दुरुस्त कर ली जाये। जहां पर रैंप नहीं बने हैं उन स्कूलों में रैंप बनवाने के निर्देश दिये तथा पोलिंग बूथ पर पंडाल और 10 कुर्सियों की अतिरिक्त व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। सभी शौचालय आदि की साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके बाद उन्होंने फतेहपुर राव साहब बूथ का निरीक्षण किया। जहां पर गाड़ी जाने की व्यवस्था नहीं दिखी। जिसके लिए खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय को रास्ता साफ करवाने के निर्देश दिए। फिर पोलिंग बूथ जरारी का निरीक्षण किया। जहां नालियों में गंदगी का अंबार दिखाई दिया। सचिव विनय चौहान को तत्काल प्रभाव से साफ -सफाई करवाने के निर्देश दिए तथा संविलियन विद्यालय जरारी में कमरों के अंदर अतिरिक्त पंखे लगवाने के निर्देश दिए। अधूरे पड़े शौचालय को तत्काल प्रभाव से पूर्ण करवाने के तथा साफ -सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद वह भड़ौसा मतदान स्थल पर पहुंचे। जहां मतदान स्थल के बाहर नाली बहती हुई देखी। जिसका पानी रोड पर जा रहा था। जिसके लिए प्रधान व सचिव को तत्काल प्रभाव से नाली सही करवाने का निर्देश दिया। उसके बाद महरुपुर रावी में मतदान स्थल तक गाड़ी न पहुंचने पर प्रधान तथा प्रधान प्रतिनिधि दीपक व पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रमेश चंद्र गिहार से बातचीत की, तो रमेश चंद्र गिहार ने बताया कि यहां तक आने के लिए कोई भी अलग से रास्ता नहीं है। एक रास्ता है जो की आरपी डिग्री कॉलेज के अंदर से होकर आता है। इसके संबंध में मैनेजर से बातचीत की गई, लेकिन उन्होंने रास्ता देने से इन्कार कर दिया। इससे पूर्व में इसका विवाद भी हो चुका है, लेकिन अभी तक उसका कुछ भी हल नहीं निकला। जिसके लिए रमेश चंद्र गिहार ने एसडीएम सदर से गुहार लगाते हुए कहा कि साहब यह रास्ता अगर बन जाए तो आने जाने वालों को काफी आराम हो जाएगी तथा स्कूल के बच्चों और मास्टरों को भी इसे फायदा होगा। बरसात के समय इसमें काफी जल भराव होने के कारण कीचड़ हो जाता है। जिससे बच्चों तथा मास्टरों व अभिभावकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जिस पर एसडीएम सदर ने लेखपाल अभय त्रिवेदी से फोन पर बातचीत की तथा रास्ता निकलवाने की बात कही। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय, सचिव विनय चौहान, अभय राज तथा क्षेत्राधिकार अमृतपुर रविंद्र नाथ राय सहित प्रधान व प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# महिला से छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में याचिका दायर

## टूटी दीवार फांदकर उपरोक्त आरोपी घर में घुस आया और बुरी नियत से उसे सोते हुए दबोच लिया तथा की अश्लील हरकतें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिला ने छेड़छाड़ के मामले में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में याचिका दायर की है। जिसमें कहा है कि पीड़िता सिन्दूरी पत्नी रामसागर निवासी महलई थाना मऊदरवाजा की निवासिनी है। गांव के ही कालू पुत्र रामवकील दबंग व शराबी किस्म का व्यक्ति है।

जो पीड़िता पर बुरी नियत रखता है। पीड़ित गरीब व पति बीमार होने के कारण उसकी कमजोरी का फायदा उठाकर गलत काम करना चाहता है। दिनांक 28 फरवरी को रात्रि के 11 बजे टूटी दीवार फांदकर उपरोक्त आरोपी घर में घुस आया और बुरी नियत से उसे सोते हुए दबोच लिया तथा अश्लील हरकतें करने लगा। मेरे चीखने चिल्लाने पर मुंह दबार जान से मारने की धमकी दी। चीख पुकार पति रामसागर व सास जयदेवी आ गयी। जिन्होंने उक्त कालू से बचाया। कालू जाते समय मेरा सोने का कुंडल तोड़ ले गया। पीड़िता दूसरे दिन घटना की शिकायत करने थाने जा रही थी, उसी समय कालू, अल्लू व मिन्नी व टिन्कू पुत्रगण रामवकील, सदावती पत्नी टिन्कू, कुमकुम पत्नी कालू सभी निवासीगण उपरोक्त एक राय होकर पीड़िता को घेर लिया और जबरिया पकड़कर मेरे घर में बंधक बना लिया। पीड़िता के विरोध करने पर सभी लोगों ने उसे लात-घूसों से मारापीटा। सदावती व कुमकुम ने उसके पेट में लात मारी, गर्भवती होने के कारण उसकी हालत बिगड़ गयी।

पीड़िता के चिल्लाने पर गांव के बहुत से लोग आ गये। जिन्होंने घटना देखी और बचाया। पीड़िता रिपोर्ट दर्ज करो थाने गयी, पर उसकी सुनवाई नहीं हुई। तब उसने पुलिस अधीक्षक को रजिस्ट्री डाक से प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब उसने न्यायालय की शरण ली।

## बाल अपचारी को पाक्सो एक्ट के मामले में सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश ने बाल अपचारी को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते 3 वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के निवासी युवक ने दी गयी तहरीर में बताया की 8 नवम्बर 2021 को समय लगभग 4 बजे मेरी पुत्री 8 वर्षीय घर से घूरा डालने के लिए गयी थी, तभी मेरे गाँव के ही एक बाल अपचारी ने मेरी पुत्री का मुंह दबा लिया और जमीन पर गिराकर दुष्कर्म किया। जिससे लड़की बेहोश हो गयी। मेरी लड़की की हालत नाजुक है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने बाल अपचारी को सात वर्ष के कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड की धनराशि की धनराशि अपचारी के संरक्षक माता पिता द्वारा अदा की जाएगी।

## अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधेड़ ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। थाना मऊदरवाजा के ग्राम रामनगर रमन्ना गुलजारबाग निवासी 55 वर्षीय दीनदयाल शाक्य का शव बुधवार सुबह ग्राम अर्राह पहाड़पुर सड़क के किनारे पड़ा देखा गया। दीनदयाल के मुंह चेहरा एवं पैर में चोट के निशान थे। देव सिंह ने छोटे भाई दीनदयाल का शव मिलने पर थाना पुलिस को जानकारी दी। उन्होंने पुलिस को अवगत कराया की भाई दीनदयाल शराब गांजा पीने के आदी थे। वह बीते दिन सुबह 4 बजे साइकिल से भूसा लेने गए थे। दरोगा नागेंद्र सिंह ने मामले की जांच पड़ताल कर शव का पोस्टमार्टम करवाया। दीनदयाल की साइकिल व रुपए गायब थे। वह हजारों रुपए लेकर भूसा लेने गए थे, लेकिन तलाशी में 250 ही मिले। उनके दोनों बेटे बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं।

# डीएम ने बूथों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



बूथों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नगर स्थित इंटर कालेज के बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-नर्देश दिए। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बुधवार दोपहर नगर के कंपिल कायमगंज मार्ग पर स्थित केएसआर इंटर कालेज में बने पांचों बूथों का निरीक्षण किया। बूथों के अंदर रोशनी कम होने पर अतिरिक्त बल्ब लगाकर पर्याप्त रोशनी कराने के निर्देश दिए। बूथ संख्या 60 न 61 पर बनी रेलिंग पर सपोर्टर लगाने व शौचालय की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आसपास क्षेत्र का भ्रमण कर वहां की व्यवस्था को देखा। उन्होंने लोगों को शांतिपूर्ण एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए आश्वस्त किया। एसपी ने चुनाव को प्रभावित करने वाले अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पूर्व चुनाव में घटित घटनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चुनाव सम्बन्धी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी। इस दौरान उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा, सीओ सतेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पुलिस ने सट्टा पर्ची सहित दो लोगों को पकड़ा

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज थाने में तैनात दरोगा शंकरानंद ने मुखबिर की सूचना पर कमालगंज रामलीला ग्राउंड से दो लड़कों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया। नाम व पता पूछने पर एक ने अपना नाम जितेंद्र भदौरिया पुत्र कैलाश भदौरिया निवासी ग्राम पूरनपुर थाना कमालगंज बताया। दूसरे ने अपना नाम सत्येंद्र राजपूत पुत्र छविनाथ निवासी ग्राम पेंगूपुर थाना कमालगंज बताया। जामा तलाशी लेने पर जितेंद्र सिंह भदौरिया की जेब में 1050 रुपए एवं शर्ट की जेब से 6 सट्टा पर्ची बरामद हुईं। वही सत्येंद्र की तलाशी लेने पर 860 रुपए एवं चार्ट सट्टा पर्ची बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# पत्नी की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के आरोप में पति को आजीवन कारावास

- न्यायालय ने अभियुक्त पर 70 हजार रुपये का ठोंका जुर्माना
- शिक्षिका ममता सागर को भी न्यायालय ने किया तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साक्ष्य एवं गवाहों के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-5 राकेश कुमार सिंह-प्रथम ने पति को पत्नी की हत्या में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा 70 हजार रुपया जुर्माना किया है।

घटनाक्रम के अनुसार अनिल कुमार सागर पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम ककिउली थाना नवाबगंज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिनांक 08.09.2013 को अपने मूल निवास ककिउली से अपने हाल निवास कस्बा नवाबगंज अपनी पत्नी ममता रानी उम्र 42 वर्ष के साथ बाइक बजाज संख्या यू.पी.76एफ5886 से आ रहा था। वीरपुर से नवाबगंज के मध्य नगला झब्बू सिंह के निकट लगभग 7:15 बजे सायं बाइक किनारे खड़ी करके पेशाब करने लगा। उसी समय वीरपुर से नवाबगंज की तरफ तेज रफ्तार से आ रही पिकअप चालक ने उसकी पत्नी ममता रानी के टक्कर मार दी तथा नवाबगंज की ओर तेज गति से चली गयी। अंधेरे में गाड़ी का नंबर नहीं देख सका। अनिल सगर ने घटना की सूचना108 नंबर पर दी। मौके पर पहुंची एंबूलेंस ने महिला को सीएचसी नवाबगंज लायी। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया,



हत्यारोपी अनिल सागर

जबकि साक्ष्यों का सम्यक परिशीलन करने पर पाया गया कि घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी साक्षी नहीं है।

घटना पूरी तरह से परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित है। घटना के सम्बन्ध में पत्रावली पर उपलब्ध अभियोजक साक्ष्यों एवं बचाव साक्ष्यों की सम्यक विवेचना करने पर यह पाया गया कि अभियोजक के द्वारा परिस्थितिजन्य साक्ष्य की जो चैन बनायी गयी है उस चैन की प्रत्येक कड़ियां एक दूसरे से जुड़कर यही साबित करती हैं कि मृतका ममता रानी की मृत्यु वाहन दुर्घटना से नहीं हुई, बल्कि अनिल सगर द्वारा उसकी हत्या दुर्घटना का स्वरुप देकर षडयंत्र के तहत सुनियोजित तरीके से सांस अवरुद्ध करके कारित की गयी थी।

घटना के पीछे जो साक्ष्य प्रकाश में आये उसके अनुसार अनिल सगर ने उपरोक्त घटना शिक्षिका से प्रेम प्रसंग के चलते कारित की थी। बताते हैं कि शिक्षक अनिल सगर तथा शिक्षिका ममता सागर एक ही विद्यालय में शिक्षक थे। उस समय ममता सागर अविवाहित थी। वर्ष 2010 में ममता सागर की शादी सतीशचंद्र के साथ हुई थी। जबकि ममता सागर सतीशचंद्र को पसंद नहीं करती थी। अनिल सागर भी अपनी पत्नी ममता रानी से छुटकारा पाकर ममता सागर से शादी करना चाहता था। जिसके चलते उसने यह घटना षडयंत्र के तहत कारित की। अभियोजक पक्ष परिस्थितिजन्य साक्ष्य के माध्यम से अभियुक्त पर लगाये गये आरोप को युक्तियुक्त संदेह से परे साबित करने में सफल हुआ है। इस प्रकार अनिल सागर पर उपरोक्त दोष सिद्ध होता है। अनिल सगर को धारा-302, 201 आई.पी.सी. के आरोप में दोषी पाते हुए उसे आजीवन कारावास तथा 70 हजार जुर्माना से दण्डित किया गया। वहीं शिक्षिका ममता सागर को विवेचना में पुलिस ने निकाल दिया था, जबकि साक्ष्य व बयानों के आधार पर न्यायालय ने उपरोक्त शिक्षिका को भी तलब किया है।

# पुलिस अधीक्षक सहित आठ के खिलाफ न्यायलय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक सहित आठ लोगों के खिलाफ पीड़िता ने न्यायालय में याचिका दायर की है। थाना कमालगंज के ग्राम बलीपुर निवासी पूजा पुत्री नन्हे सिंह ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र हाथीखाना मछरियाई गली निवासी रहमत उर्फ जहीर मोहम्मद ने अपने घर बुलाकर नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख रुपया ले लिया था। जबकि मेरी नौकरी भी नहीं लगी आरोपी ने मेरा रुपया ठग लिया है। जिसके साक्षी पूर्व प्रधान ओमप्रकाश पुत्र उजागर व अखिलेश पुत्र नन्हे निवासी बलीपुर है। मैंने पुलिस अधीक्षक इत्यादी को रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए रजिस्टर्ड डाक द्वारा पोस्ट किये। आरोपी को गिरफ्तार कर मेरा दो लाख रुपया वसूल लिया गया और मेरे प्रपत्र जब्त अपहरत कर लिये। अभी तक मेरी प्रथम रिपोर्ट भी नहीं लिखी गई। अभियुक्तों ने पुलिस एक्ट एवं पुलिस रेगूलेशन एक्ट के अन्तर्गत अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया है। मेरी उपेक्षा की गई है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर, कोतवाल फतेहगढ़, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर, थाना प्रभारी कमालगंज, महिला इंस्पेक्टर पुलिस लाइन के अलावा रहमत उर्फ जहीर के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर की है।

# नक्श थिएटर ने कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

- कलाकार अपने फन का जौहर दिखाने जायेंगे शिमला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार देर शाम बैठक का आयोजन हुआ।

रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर प्रमुख अमित सक्सेना ने बताया कि आगामी जून माह में संस्था के कलाकार पुनः शिमला में नाटक करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलाकारों को नक्श थिएटर टीशर्ट व पूर्व में हुए कार्यक्रमों के सम्मान पत्रों का वितरण किया गया है। कलाकारो द्वारा हाल में दिल्ली के श्रीरा म सेंटर ऑडिटोरियम, शिमला के गेटी थिएटर, बरेली, बिजनौर के धामपुर, मेला राम नगरिया, फर्रुखाबाद महोत्सव आदि बड़े मंचो पर शानदार प्रस्तुति दी जा चुकी है। सचिव राज गौरव पाण्डेय ने सभी कलाकारों को बधाई दी।

इस अवसर पर नेहा सक्सेना, धीरज मौर्य, विशाल सिंह, सत्या सिंह, अंकित, खुशी, दिलीप, शैली, अंकुश मौर्य, प्रियांश आदि मौजूद रहे।



पुरस्कार प्राप्त करते नक्श थिएटर के कलाकार

# गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी द्वारा किये गये गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महरुपुर रावी निवासी कोमल पत्नी दीपू ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 3 अप्रैल को समय करीब सुबह 11.00 बजे प्रार्थिनी के साथ पड़ोसी मधु पुत्री पेशकार, कोमल पत्नी दीपू, अमन पुत्र हॉकिम, मिथुन पुत्र प्रांशी, रेशमा पत्नी पेशकार पीड़िता के साथ गाली-गलौज किया।

मना करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत की जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# बसपा छोड़ अशोक मौर्या व सचेन्द्र सिंह सच्चू भाजपा में हुए शामिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बसपा नेता अशोक मौर्या एवं सचेन्द्र सिंह उर्फ सच्चू ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। लोकसभा के सह प्रभारी डॉ. सर्वेश कठेरिया की मौजूदगी में बसपा छोड़कर आये कम्पिल नगर पंचायत का चुनाव लड़ चुके अशोक मौर्या व पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल के खास माने जाने वाले सचेन्द्र सिंह उर्फ सच्चू भाजपा में शामिल हो गये। अशोक मौर्या ने बताया कि कम्पिल नगर पंचायत बसपा से चुनाव लड़ा था। मैं दूसरे नम्बर पर रहा था। देश में भाजपा की लहर चल रही है। जिसके तहत अपनी आस्था नरेन्द्र मोदी पर जताते हुए पार्टी में शामिल हुआ हूं। वहीं सचेन्द्र सिंह काफी दिनों से बसपा में घुटन महसूस कर रहे थे। उन्होंने भी बसपा को अलविदा करते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने माला पहनाकर भाजपा की टोपी लगाकर पार्टी में उनका स्वागत किया और सदस्यता दिलायी। इस मौके पर डीएस राठौर, सुनील रावत, संजीव गुप्ता, अभिषेक बाथम, नवनीत पाल, कृष्ण मुरारी राजपूत, शिवांग रस्तोगी, मोनू कठेरिया, विनोद वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते अशोक मौर्या व सचेन्द्र सिंह

## नौ अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा का होगा आयोजन



साध्वी आर्या पंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीराधा बल्लभ धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा श्रीमद् भागत कथा का आयोजन 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक नेकपुर पुल होंडा एजेंसी के पीछे ग्राउंड में होगी। श्रीमद् भागवत कथा व्यास साध्वी आर्या पंडित वृंदावन धाम से आकर प्रवचन करेंगी। कार्यक्रम का प्रसारण सीधे संस्कार टीवी चैनल पर प्रसारित होगा। 9 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ कथा प्रारम्भ होगी।

# प्रा.वि. मदारपुर में स्कूल प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंध समिति की बैठक नवाबगंज की सिंह वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने नवीन सत्र प्रारंभ में हुए बदलाव पर उपस्थित अभिभावकों को बताया कि बच्चों और स्टाफ की उपस्थिति आनलाईन भेजी जाएगी। जिसमें बच्चों की नियमित उपस्थिति अनिवार्य है। स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग नियंत्रण, मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम पूरे माह चलेगा।

बच्चों संख्या कम होने पर दो रसोईयों की संविदा समाप्त की गई। स्कूल में गोदरेज फ्रिज की व्यवस्था शुरू की गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिमा वर्मा, समाजसेवी सूर्य कुमार वर्मा, खेतल सिंह, पेशकार, जयवीर, रामविलास, मुन्ना लाल, भगवत दयाल, उमेश, माताराम, श्रीकृष्ण, ब्रजेश पेंटर, योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल, कमलेश राजपूत, कामिनी, आशा, उमा, मेमवती, जयश्री, विद्या, मोहिनी, सत्यवती सहित दो दर्जन लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को पदाभिहित अधिकारी राजकिशोर शुक्ल ने उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी।




बैठक को सम्बोधित करते प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ला

# महरुपुर सहजू गांव में चुनाव पाठशाला का आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान दिवस 13 मई हेतु मतदान के प्रतिशत को बढ़ाए जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में लगातार स्वीप गतिविधियां संचालित हैं। बुधवार को ग्राम सभा महरूपुर सहजू में गांव के संभ्रांत मतदाताओं को स्वीप टीम के माध्यम से चौपाल लगाकर उनको मतदान का पाठ पढ़ाया गया। जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने मतदाताओं को आगामी 13 मई को अधिक से अधिक मतदान किए जाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनपद के सर्वांगीण विकास हेतु सभी मतदाताओं का मतदान प्रक्रिया में भाग लेना जरूरी है। हम मतदान में हिस्सा लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाए जाने के लिए अपना वोट अवश्य दें तथा सबसे पहले अपने घर फिर परिवार, मोहल्ले और गांव के लोगों को भी वोट करने में सहयोग प्रदान करें। सहायक स्वीप कोऑर्डिनेटर वैभव सोमवंशी ने कहा अपने गांव के विकास के लिए जनपद के विकास के लिए सभी का मतदान प्रक्रिया में भाग लेना बहुत जरूरी है। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा ने महिलाओं को वोट के लिए जागरूक करते हुए उनको प्रेरित किया तथा वोट के महत्व को बताया। अवगत कराया कि विगत चुनाव में महिलाओं की वोटिंग प्रक्रिया में हिस्सेदारी 1000 पुरुषों की तुलना में मात्र 822 महिलाओं की सहभागिता रही थी। इसको बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक महिलाएं अपने घरों से निकले तथा सबसे पहले मतदान करें। इसके बाद ही वह अन्य कार्यों को करें। इस अवसर पर प्रशांत कटियार, मनमोहन सिंह, प्रतीक्षा, फूलवती, रामदेवी, गीता चौहान, श्रीनिवास, पुष्पा देवी, सीमा कटियार, ताविंदा जवी, अमरीन कमर, ममता देवी, सुनीता, नीलम, सुनीता देवी, रेखा, राम सिया, गार्गी देवी कटियार, कुसमा देवी, मंजू देवी, मंजू श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



मतदाताओं को जागरुक करते लोग

# बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के बारे में किया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को होम्योपैथिक विभाग के तत्वाधान में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कड़हर द्वारा कस्बे में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय में समस्त छात्रों को जागरूक किया गया साथ ही उचित खानपान, साफ-सफाई और शारीरिक व्यायाम और योग के महत्व को समझाया गया।

कोई रोग इत्यादि होने पर नजदीक के आयुष विधा (होमियोपैथिक) के सरकारी अस्पतालों में आकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर संबंधित रोगों की औषधिया प्राप्त कर सकते हैं। इन सभी संचारी रोगों से बचाव के एक महत्वपूर्ण तरीके हाथ साफ करने का उचित तरीके का भी सभी बच्चों, अध्यापकों और साथ ही विद्यालय में मिड-डे-मील भोजन बनाने वाली महिला कर्मी को भी सजीव प्रदर्शन करते हुए उन्हे इसी तरीके से स्कूल में खाना बनाने के लिए समझाया गया। इस दौरान होम्योपैथी विभाग से डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखो, पानी जमा न होने दो साथ ही जमा पानी को मिट्टी डालकर बंद कर दो। जिससे संचारी रोगों को पनपने का मौका न मिले।



बच्चों को संचारी रोग के बारे में जानकारी देते स्वास्थ्य कर्मी



लोगों को पत्रक बांटते अश्नील दिवाकर

## अश्नील दिवाकर ने 202 लोगों का सरल एप पर डाटा किया अपलोड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने केंद्र सरकार की योजनाओं के पत्रक बांटकर सरल एप पर अब तक 202 लोगों का डाटा अपलोड किया है। लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए फतेहगढ़ मण्डल के बूथ संख्या 117, 118, 119, 120 व 122 पर पार्टी का प्रचार-प्रसार कर घर-घर पत्रक बांटे। केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। लाभार्थी जन सम्पर्क महायोजना के तहत सरकार की उपलब्धि बतायी। उन्होंने बताया कि पत्रक बांटने के साथ-साथ ऑन लाइन डाटा सरल एप पर नामों की फीडिंग की है। जिसमें 202 लोग फीड किये जा रहे है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की योजना व पक्का मकान, उज्ज्वला गैस योजना, निःशुल्क राशन वितरण, किसानों के खाते में सीधे सब्सिडी पहुंचना आदि योजनाओं की जानकारी दी और पार्टी की नीति-रीति के अनुसार आम जन मानस को जागरुक करते हुए पत्रक बांटे। इस मौके पर उनके समर्थक व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सातनपुर मण्डी में आलू के भाव में आया 100 रुपये कुंटल का उछाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर मण्डी में आलू के भाव में 100 रुपये कुंटल का उछाल रहा। बुधवार को आलू मण्डी में लगभग 40 मोटर आमद रही। हालैंड आलू में 100 रुपये का उछाल रहा। सफेद पुखराज ख्याती आलू 1501 रुपये से 1671 रुपये कुंटल तक बिकवाली हुई। खेतों में आलू की खुदाई का काम समाप्त होने पर है। कुछ गांव में अभी तक आलू डंप करा हुआ लगा है। गड़ाखेरा, चौकी महमदपुर, लुकटपुरा, लगुनावरी, बरखिरिया, देवसनी आदि गांव में किसानों ने आलू डंप कर रखा है। मण्डी में बिक्री के लिए धीरे-धीरे ला रहे है। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि 95 प्रतिशत आलू खेतों से खुद चुका है। 5 प्रतिशत आलू किसानों के पास रह गया है। एक सप्ताह के अंदर आलू की खुदाई पूर्ण रुप से समाप्त हो जायेगी। कुछ किसानों ने अच्छे भाव मिल जाने के लिए कारण अपना आलू डंप कर रखा है। गर्मी बढ़ने के कारण होली के बाद मण्डी में आलू की आमद एक दम आदी हो गयी है। पिछले वर्ष की अपेक्षा आलू किसानों को भाव में अच्छा खासा मुनाफा मिल चुका है। इस बार किसानों को सूदखोर के आगे झुकना नहीं पड़ेगा। आराम से वह उधार ली गई रकम को लौटा सकेंगे।



मण्डी में लगे आलू के पैकेट

# भाकियू ने नवाबगंज थानाध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना प्रभारी के तानाशाही रवैया से नाराज सैकड़ों की संख्या में किसानों ने जिलाध्यक्ष के आवास पर की आपातकालीन बैठक कर थाना प्रभारी के खिलाफ मोर्चा खोला।

कस्बा नवाबगंज मोहम्मदाबाद रोड पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य के आवास पर किसानों ने थाना प्रभारी अमोद कुमार के तानाशाही रवैया से परेशान होकर किसानों ने आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक के दौरान किसानों ने अपनी-अपनी बात रखी। वहीं जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने बताया कि थाना प्रभारी ने अपने तानाशाही रवैया से नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही गांव नवादा निवासी किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं तथा नेताओं के विरुद्ध 2 मार्च को हरिजन एक्ट का मुकदमा लिखा गया था। जिसकी जानकारी होने पर भाकियू जिलाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता थाने पहुंचे तो जिलाध्यक्ष से थाना प्रभारी अमोद कुमार ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और अपना तानाशाही रवैया अपनाते हुए उन्होंने बताया कि वह सभी किसानों के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी कर देंगे। जिससे किसान नाराज दिखे।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि दिनांक 12 अप्रैल को हजारों की संख्या में किसान एकत्र होकर थाने का घेराव करेंगे। किसान अपने घरों के मवेशी लाकर थाने में बंद करेंगे। इस मौके पर भाकियू जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य, महासचिव लक्ष्मी शंकर जोशी, अफरोज मंसूरी, गुड्डू यादव, तुकमान पाल, देवेंद्र चौहान, मुकेश शर्मा, चंद्रपाल सिंह, छविनाथ शाक्य, जगन्नाथ शाक्य आदि मौजूद रहे।




बैठक को सम्बोधित करते लक्ष्मीनारायण जोशी

# बांसुरी पर रामचरित मानस की चौपाई सुन लोग हुए आनंदित

- सोशल मीडिया पर रुद्राक्ष पाठक को मिल रही है बधाईयां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद के रहने वाले रुद्राक्ष पाठक अब परिचय के मोहताज नहीं। उन्होंने अपनी बांसुरी की धुन से लोगों को मंत्रमुग्ध किया है। हारमोनियन की धुन पर रामचरित मानस की चौपाइयों की ध्वनि बांसुरी वादन के जरिए प्रस्तुत की है। पांचाल घाट स्थित गंगा तट पर उन्होंने अपनी बांसुरी बजाकर प्रतिभाग का प्रदर्शन करते हुए आम जन मानस को मंत्रमुग्ध किया है। बांसुरी वादन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रुद्राक्ष पाठक जनपद में छा गये है। हारमोनियम की धुन पर शिक्षक वैभव पाठक ने संगत दी। गंगा तट पर स्नान करने आये हुए लोगों ने बांसुरी सुन चौंक गये। बांसुरी वादन की धुन पर चौपाइयां सुन लोग प्रसन्न हुए और बांसुरी कला का रुद्राक्ष पाठक को बधाई दी। संस्कार भारती संस्था की ओर से उन्हें बधाई दी और फर्रुखाबाद का गौरव होने पर फर्क किया।



बांसुरी बजाते रुद्राक्ष पाठक

## आभा तिवारी बनीं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या

**कोंच (जालौन)।** शिशु कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलिज और सरस्वती शिशु मंदिर में भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत के निर्देश पर प्रशासनिक व्यवस्था मे बदलाव किया गया है। अभी तक प्रधानाचार्य का कार्यभार देख रहे नीरज द्विवेदी को स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलिज जालौन भेजा गया है जबकि इनके स्थान पर अर्चना माहेश्वरी इंटर कॉलिज उरई की प्रधानाचार्या आभा तिवारी को विद्यालय का नया प्रधानाचार्य बनाया गया है, उन्होंने यहां आकर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर शिशु कल्याण समिति के अध्यक्ष ब्रजमोहन तिवारी, संजीव सोनी सरस, आनंद अग्रवाल आदि के अलावा विद्यालय के आचार्य नरेंद्र सिंह, आनंद भारद्वाज, ज्योति गुप्ता, रौली मिश्रा, श्रुति गुप्ता, वंदना, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

# उत्तीर्ण हुये छात्रों को शील्ड व पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

एनएसटी स्कूल जालौन के वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में उत्कृष्ट छात्रों शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि रिजल्ट वितरण में छात्रों को उनकी वर्ष भर की मेहनत का परिणाम मिलता है। जो छात्र रैंक प्राप्त करते हैं स्वभाविक रूप से वह खुश होते हैं। कठिन परिश्रम करके जिन छात्रों ने रैंक प्राप्त की है, उनसे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। शिक्षा से ही उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओ को अतिथियों में शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। निर्देशक जसवंत ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में समय समय पर शिक्षणेत्तर गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इससे छात्रों को मदद मिलती है। इससे पूर्व अतिथियों व प्रबंधक बीएस तोमर द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को अतिथियों द्वारा शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सचिवों ने बैठक कर रखीं समस्यायें

**कोंच (जालौन)।** कोंच ब्लॉक में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिवों ने बुधवार को बैठक कर कार्यों को लेकर आ रहीं समस्यायें सामने रखते हुए इन समस्याओं को दूर किए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत सचिवों की बनी समन्वय समिति की बैठक खंड विकास कार्यालय परिसर में स्थित समिति जिलाध्यक्ष पवन तिवारी के आवास पर हुई जिसमें शामिल हुए ग्राम पंचायत सचिवों ने गौशाला में एकत्रित गौवंशों के लिए भूसा की समस्या, आवास योजना को लेकर बेबसाइट की समस्या सहित अन्य विकास कार्यों में सामने आ रहीं समस्यायें रखते हुए परस्पर विचार विमर्श किया। सचिवों ने तय किया कि इन सभी समस्याओं के निराकरण हेतु खंड विकास अधिकारी के माध्यम से जिले के शीर्ष अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा ताकि समय रहते समस्याओं का निराकरण हो सके।

# स्कूल चलो अभियान रैली में ग्रामीणों को गिनाये शिक्षा के लाभ

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय हरीपुरा में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई। जिसमें बच्चों को स्कूल में दाखिले के लिए प्रेरित किया गया।

स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई स्कूल चलो अभियान रैली को गांव के लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों व शिक्षकों ने नारे लगाकर अभिभावकों को बालक व बालिकाओं को शिक्षा देने के लिए स्कूल में पंजीयन कराने की अपील की और शिक्षा के लाभ गिनाएं। रैली का शुभारंभ प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार ने मां शारदे की पूजा अर्चना से किआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रधानाध्यापक ने कहा कि आज के समय में सभी को शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए। बालक हो अथवा बालिका सभी का पंजीयन स्कूल में कराएं। शिक्षा प्राप्त करके ही तरक्की संभव है। इसलिए अपने बच्चों को शिक्षा अवश्यक दिलाएं। इस मौके पर शैलेंद्र कुमार, शिवेंद्र सिंह, पूनम, अर्चना, अमित, संदीप, रमाकांत दुबे, गौरव, लालजी, ओमनारायण, अरविंद, संतोष कुमारी आदि मौजूद रहे।

# सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर पसरा सन्नाटा

- एसडीएम ने मंडी सचिव को एमएसपी से कम पर गेहूं की खरीद न होने देने के दिए निर्देश

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सरकार द्वारा गेंहूं खरीद हेतु निर्धारित किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए के बजाए किसानों को बाजार भाव रास आ रहा है जिसके चलते सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर सन्नाटा सा पसरा है। यह हालत तब है जब बाजार रेट एमएसपी से कम है। इस स्थिति में सरकार द्वारा खरीद का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसके पूरा होने में संदेह प्रतीत हो रहा है। अभी तक केवल आरएफसी केंद्र पर ही इक्का-दुक्का किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। तहसील क्षेत्र में 10 गेहूं खरीद केंद्र बनाए गए हैं। एक अप्रैल से शुरु हुई गेहू की सरकारी खरीद के तीसरे दिन भी केंद्रों पर सन्नाटा पसरा है जबकि बाजार में किसान अपना गेहू सरकारी रेट से कम पर भी बेचने को राजी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी रेट के मुकाबले खुले बाजार में करीब 50 रुपए कम रेट है। इधर, अभी केवल आरएफसी गेहूं खरीद केंद्र पर एक किसान ने पहुंच कर 23 कुंतल गेहूं की बिक्री की है। बनाए गए 10 सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों में इस बार 2 खरीद केंद्र नवीन गल्ला मंडी के अंदर एफसीआई व आरएफसी बनाए गए हैं जबकि मंडी के बाहर जुझारपुरा सहकारी समिति कोंच व सहकारी क्रय विक्रय समिति कोंच पर गेहू की खरीद के लिए केंद्र बनाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 7 केंद्र कैलिया, दिरावटी, अंडा, पिरौना, नदीगांव, कनासी में बनाए गए हैं। आरएफसी केंद्र प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि अभी ग्राम चमसेना के एक किसान कमलेश कुमार का 23 कुंतल गेहू खरीदा गया है। दूसरे किसान रामसिंह निवासी सिमिरिया आए हैं जिनके गेहूं की तुलाई कराई जा रही है। एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने कहा है कि किसान पंजीकरण कराकर सरकारी खरीद केंद्रों पर ही अपना गेहू बेचें ताकि उन्हें अपनी उपज का अधिकतम मूल्य मिल सके, 24 घंटे के अंदर पैसा भी खातों में पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

# बीजेपी का सामना नहीं कर सकता इंडिया : राजनाथ

समृद्धि न्यूज

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष किया। सिंह ने बुधवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन लोकसभा चुनावों में एनडीए या बीजेपी का सामना नहीं कर सकता क्योंकि देश की जनता मोये मोये कर देगी (चुनाव में लोग विपक्ष को परास्त कर देंगे)।



गाजियाबाद में सात चरण के आम चुनावों के लिए मौजूदा विधायक और भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में प्रचार करते हुए सिंह ने कहा कि विपक्षी गुट लोकसभा चुनावों में एनडीए का मुकाबला करने के लिए संघर्ष करेगा। मंत्री ने कहा, भाजपा से लड़ने और उसे हराने के लिए कई विपक्षी दल एक साथ आए। हालांकि, आप सभी देख सकते हैं कि यह कुछ स्वार्थी विपक्षी नेताओं की सुविधा का गठबंधन है। हालांकि, वे एनडीए का सामना भी नहीं कर सकते, भले ही वे एकजुट। इस देश की जनता इसका भी मोये मोये कर देगी।

वायरल मोये मोये ट्रेंड एक सर्बियाई गाने से शुरू हुआ, जिसने टिकटॉक पर बड़े पैमाने पर लोकप्रियता हासिल की और बाद में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैल गया। हिट गाना मोये मोर, आधिकारिक तौर पर सर्बियाई गायक-गीतकार तेया डोरा द्वारा श्डेजनमश् के नाम से जारी किया गया था। गाने के बोल पीड़ा, निराशा और बुरे सपने की ओर इशारा करते हैं।

हालांकि, भारत में, नेटिजन्स ने गाने को अपने प्रफुल्लित करने वाले इंस्टाग्राम रील्स और मीम्स के साथ अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सेट किया। केंद्रीय मंत्री और गाजियाबाद से मौजूदा भाजपा सांसद जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह के लोकसभा चुनाव के लिए मैदान से हटने के बाद भाजपा ने अतुल गर्ग को गाजियाबाद निर्वाचन क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया। गर्ग वर्तमान में गाजियाबाद से राज्य विधान सभा के सदस्य हैं। सात चरण के चुनाव के दूसरे चरण में गाजियाबाद में 26 अप्रैल को लोकसभा के लिए मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। अधिकारियों के अनुसार, लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना (हापुड़) के पांच विधानसभा क्षेत्रों में फैले गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में 29 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं।

### केंद्र की सत्ता में एनडीए की वापसी नामुमकिन : शिवपाल

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की दिल्ली की सत्ता में वापसी नामुमकिन है। अपने गृह जिले इटावा में चौगुर्जी स्थित आवास पर बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया समूह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बुरी तरह से हरा रहा है जिसके कारण केंद्र में एनडीए की अब वापसी की कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं के इशारे पर विपक्षी राजनेताओं के खिलाफजिस तरीके से ईडी और सीबीआई के सहारे जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है उससे एनडीए गठबंधन के खिलाफबड़े पैमाने पर जनाक्रोश सारे देश में फैला हुआ है यही जनाक्रोश एनडीए गठबंधन को सत्ता से बेदखल करने के लिए पर्याप्त समझा जा रहा है। यादव ने अपने बेटे आदित्य यादव के बदायूं संसदीय सीट से चुनाव मैदान में उतरने के सवाल पर कहा कि बदायूं की जनता ने मांग की है कि युवा नेता चाहिए है। जनता की मांग को सूचीबद्ध करके पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मुख भेज दिया गया है हालांकि फिलहाल बदायूं से वह खुद इंडिया समूह के उम्मीदवार है लेकिन जनता को मांग करने का हक है और जाहिर है कि जनता ने जो मांग की है उस पर अब सपा अध्यक्ष को निर्णय लेना है। उन्होंने कहा कि कुछ रणनीति के हिस्से होते हैं जो अभी नहीं बताये जा सकते हैं रणनीति को रणनीति की तरह ही रहने दे। आदित्य यादव के चुनाव में टिकट मिलने की दशा में खुद के किस सीट पर चुनाव लडने के सवाल पर उन्होने कहा '' हम चुनाव लड़ेगे भी, इसकी चिंता आप लोगो को करने की कोई जरूरत नहीं है।

# हम चुनाव में जीत गए तो ईवीएम खराब और आप जीत गए तो ठीक : रविशंकर प्रसाद

एजेंसी

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब से बीजेपी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने कुछ सवाल दागते हुए आरजेडी और इंडी गठबंधन पर हमला बोला है। बुधवार को राजधानी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि दो-तीन बड़े सवाल हैं। पीएम मोदी जमुई में बिहार दौरे पर आ रहे हैं तो बिहार में विकास का एनडीए का एजेंडा स्पष्ट है। हमने क्या किया है और क्या करने वाले हैं, यह दोनों हम बताएंगे? हमारे प्रधानमंत्री का साफकहना है कि बिना बिहार के विकास के देश का विकास नहीं हो सकता है।



रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री जब बेगूसराय, बेतिया और औरंगाबाद आए थे तो करीब 85 हजार करोड़ की योजनाओं का या तो उद्घाटन किया गया या शिलान्यास किया गया। इंडी गठबंधन से मेरा पहला सवाल यह है कि बिहार में विकास का आपका एजेंडा क्या है? उन्होंने इंडी गठबंधन पर तंज करते हुए कहा कि वैसे आप लोग सत्ता में आने वाले नहीं है, लेकिन जनता को बताने के लिए कुछ तो बोलेंगे? आप या आपके पास वह भी नहीं है? इनका एजेंडा केवल नरेंद्र मोदी का विरोध है। विपक्षी गठबंधन के लोग इस बात का जवाब दें कि आपका विकास के एजेंट में केवल जात के ही लोग हैं या पूरे बिहार के लोग हैं ? यह बात में पूरी गंभीरता से कहना चाहता हूं। लालू प्रसाद के सरकार में एक बात हमने देखी थी कि सड़क वहीं बनती थी जहां उनकी वोटर हुआ करते थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा मैं बिहार के लोगों को बहुत गर्व से कहना चाहता हूं कि अगर 80 करोड़ लोगों को राशन मिला तो सबको राशन मिल रहा है और करोड़ों का टीका लगा तो सबको लगा। अगर हर गांव में बिजली गई तो हर गांव में बिजली गई। अगर ग्रामीण सड़क बन रही है तो हर तरफबन रही है। अगर नेशनल हाईवे बन रहा है तो हर जगह बन रहा है। इसे समावेशी विकास कहते हैं। रविशंकर ने कहा कि हमने अपनी समावेशी विकास में क्या किया? यह बताया और आगे भी करेंगे। आपने क्या किया? यह आप बताएंगे? हां एक बात है कि आप परिवार के लिए खूब कर सकते हैं।

# प्रहार : हार के डर से कांग्रेस को है भागने की आदत : ईरानी

एजेंसी

**भोपाल/पन्ना।** प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनावी मोड में आ गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को पन्ना जिले में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। स्मृति ईरानी ने कहा कि हार के डर से कांग्रेस को भागने की आदत पड़ गई है। चाहे तो अमेठी वालों से पूछ लो। खजुराहो सीट पर भी कांग्रेस हार स्वीकार कर चुकी है। कांग्रेस की हार का सबसे पहला संकेत है कि उन्होंने हमारे प्रदेश अध्यक्ष के सामने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया।

दरअसल, स्मृति ईरानी बुधवार को खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार विष्णु दत्त शर्मा के



नामांकन के मौके पर पन्ना पहुंची थीं। सभा के बाद ईरानी और वीडी शर्मा खुले वाहन में कलेक्ट्रेट के लिए निकले। नामांकन का समय करीब होने और वाहनों की भीड़ के चलते वे रथ से उतरकर कार से कलेक्ट्रेट पहुंचे। वीडी शर्मा ने दोपहर करीब 3 बजे नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा।

इस मौके पर मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, विधायक संजय पाठक और बृजेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी पन्ना में वीडी शर्मा के पक्ष में रोड शो किया।

### बंगाल के मुख्य सचिव को हाईकोर्ट ने किया तलब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के बदले पैसे लेने के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को प्रदेश के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका को तलब किया है। सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा शुरू करने की मंजूरी देने में राज्य सरकार की अनावश्यक देरी पर रिपोर्ट जमा नहीं करने को लेकर उन्हें तलब किया गया है। जब यह मामला न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति गौरांग कंठ की खंडपीठ में सुनवाई के लिए आया, तो सीबीआई के वकील ने राज्य सरकार द्वारा मंजूरी देने में देरी की शिकायत की। इसके बाद डिवीजन बेंच ने मुख्य सचिव गोपालिका को निर्देश दिया कि वह बुधवार को अदालती कार्यवाही के दूसरे भाग में उसके सामने उपस्थित रहें। गत 22 मार्च को उसी डिवीजन बेंच ने बीपी गोपालिका को डेडलाइन बताने का निर्देश दिया था कि कब से राज्य सरकार शिक्षा विभाग से जुड़े गिरफ्तार लोगों के खिलाफ मुकदमा शुरू करेगी।

# महेश शर्मा की नजर लगातार तीसरी जीत पर

समृद्धि न्यूज

**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर सीट से बीजेपी उम्मीदवार महेश शर्मा के नामांकन दाखिल किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और विधायक पंकज सिंह भी मौजूद रहे। नामांकन के बाद उन्होंने कहा कि मैं पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहता हूं, उन्होंने मुझे पांचवीं बार टिकट दिया है, यह मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के स्नेह और प्यार को दर्शाता है। पीएम मोदी के नेतृत्व और सुशासन के तहत जो विकासात्मक कार्य हुए हैं और इसलिए मैं चाहूंगा कि मेरी पार्टी नेतृत्व को विश्वास हो कि हम यह सीट और भी बड़े अंतर से जीतेंगे।

यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यहां इस सीट पर चुनाव पीएम मोदी द्वारा सामाजिक कल्याण और बुनियादी ढांचे में किए गए कार्यों के कारण महेश शर्मा के पक्ष में एकतरफा है। उन्होंने कहा कि यूपी में पीएम मोदी की लहर के साथ गठबंधन



एक फ्लॉप शो है। समाजवादी पार्टी ने जिस तरह से प्रदेश में शासन किया उसे जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। हम राज्य की सभी 80 सीटें जीतेंगे। समाजवादी पार्टी को उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं और पार्टी के लोग चुनाव लड़ने से इनकार कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर लोकसभा/संसदीय क्षेत्र के लिए इस साल चुनाव अप्रैल में होंगे। चरण 2 का मतदान 26 अप्रैल को होना है। 4 जून 2024 में गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के लिए परिणाम की तारीख है। चर्चा के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) ने लोकसभा 2024 चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार चुन लिया है। पार्टी ने गुरुवार को युवा नेता राहुल अवाना की जगह मूल उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नागर को एक बार फिर अपना उम्मीदवार घोषित किया। इस पूरे घटनाक्रम ने पार्टी को 2009 के लोकसभा चुनाव की याद दिला दी, जब उन्हें तीन बार उम्मीदवार का चयन करना पड़ा था। उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा/संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हैं, जिनमें गौतमबुद्धनगर भी शामिल है। गौतमबुद्धनगर के वर्तमान सांसद डॉ. महेश शर्मा हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्धनगर सीट पर बीजेपी के डॉ. महेश शर्मा ने 830812 वोटों के साथ जीत हासिल की थी, जबकि बीएसपी के सतवीर को 493890 वोट मिले थे।

## खबरें एक नजर में

### पीएम पर टिप्पणी में सह प्रभारी को चुनाव आयोग का नोटिस

**देहरादून, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहली जनसभा रुद्रपुर में हुई, जिस पर कांग्रेस को टिप्पणी करना भारी पड़ गया। दरअसल, भाजपा नेताओं पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस की सह प्रभारी दीपिका पांडेय को चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है। दीपिका झारखंड मेहगमा विधानसभा सीट से विधायक हैं और चुनाव संचालन के लिए देहरादून आई हुई हैं। इसी बीच उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता की। आरोप है कि उन्होंने इस बीच प्रधानमंत्री को लेकर व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं, जिसको चुनाव आयोग ने आचार संहिता का उल्लंघन माना है और उन्हें नोटिस जारी किया है। सह प्रभारी को नोटिस जारी होने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सह प्रभारी ने कोई भी ऐसी चीज नहीं कही जिस पर नोटिस दिया जाए। उन्होंने कहा कि अंकिता की माता ने वीआईपी के नाम को लेकर जो बयान दिए हैं, उसके आधार पर ही प्रेस में सवाल किए गए और पूछा गया कि कहीं वीआईपी उसी संगठन का तो नहीं, जिसे प्रधानमंत्री अपना परिवार कहते हैं क्योंकि कई बार प्रधानमंत्री ने खुद कहा है कि भाजपा-आरएसएस के लोग मेरे परिवार हैं। इसी को लेकर बात की गई।

### जलगांव से भाजपा सांसद उन्मेश पाटिल उद्धव गुट में शामिल

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जलगांव क्षेत्र से सांसद उन्मेष पाटिल बुधवार को अपने समर्थकों सहित शिवसेना के उद्धव गुट में शामिल हो गए। उन्मेष पाटिल का स्वागत पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने किया और कहा कि पाटिल के स्वाभिमान का सम्मान किया जाएगा। उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाजपा की प्रवृत्ति 'यूज एंड थ्रो' की है। उन्मेष पाटिल ने जिस तरह भाजपा को आगे बढ़ाया, उसी तरह शिवसेना ने भी भाजपा को आगे बढ़ाया है। इसके बावजूद जिस तरह भाजपा ने शिवसेना को फेंक दिया था, उसी तरह उन्मेष पाटिल को भी फेंक दिया और जलगांव से उम्मीदवारी नहीं दी। उन्मेष पाटिल उनकी पार्टी में उम्मीदवारी मांगने नहीं आए हैं। उनके मान सम्मान और स्वाभिमान की उनकी पार्टी में सम्मान किया जाएगा। उन्मेष पाटिल ने कहा कि उन्होंने बतौर सांसद जलगांव में विकास काम किया था लेकिन भाजपा ने उनके काम का सम्मान नहीं किया और उन्हें उम्मीदवारी नहीं दी। इससे हमारे समर्थक कार्यकर्ता नाराज थे, उनकी नाराजगी दूर करने के लिए उन्होंने भाजपा छोड़ने का निर्णय लेकर शिवसेना के उद्धव गुट में शामिल हुए हैं।

### उत्तरकाशी : गढ़ गांव में घर से साढ़े 26 लाख की नकदी बरामद

**उत्तरकाशी।** लोकसभा चुनाव के दौरान संयुक्त टीम ने ग्राम गढ़ से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की है। टीम ने सटीक जानकारी मिलने पर एक घर में रेड डाली और वहां से 26 लाख 55 हजार 690 की धनराशि जब्त की। बुधवार को आबकारी व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने एक सटीक सूचना के आधार पर ग्राम गढ़ ,थाना पुरोला उत्तरकाशी निवासी बलवीर सिंह पुत्र रामबहादुर के घर पर चेकिंग की तो व्यक्ति के कब्जे से 26,55,690 रुपये की नकदी बरामद की, जिसके बारे में पूछताछ करने पर उस व्यक्ति के संतोषजनक जवाब ना देने पर उक्त धनराशि को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए आयकर विभाग के सुपुर्द किया गया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी के दिशा-निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण तरीके से करवाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस लगातार सक्रिय है।

### वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित हैं और यहां एम्स में उनका उपचार चल रहा है। पिछले छह महीने से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे सुशील ने सोशल मीडिया एक्स पर स्वयं यह जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा अब वह लोगों को अपनी बीमारी के बारे में बताने का सही समय समझते हैं। लोकसभा चुनाव में वह ज्यादा कुछ नहीं कर पाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस बारे में सब कुछ बता दिया है। उन्होंने आगे कहा कि वह देश, बिहार और पार्टी के प्रति समर्पित हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पूर्व उपमुख्यमंत्री गले के कैंसर से पीड़ित हैं तथा दिल्ली एम्स में उनका ईलाज चल रहा है।

### तीन और शव बरामद, 13 हुई मारे गए नक्सलियों की संख्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद आज सुबह तीन और नक्सलियों के शव बरामद हुए है, ऐसे में अब मारे गए नक्सलियों की कुल संख्या 13 हो गई है। बस्तर रेंज पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि लगभग 14 घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से कुल 13 माओवादियों के शव बरामद किए गए, जिनमें 10 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल थीं। जब्त किए गए हथियारों में एक लाइट मशीन गन (एलएमजी), दो राइफल और बड़ी मात्रा में बीजीएल गोले और लॉन्चर शामिल थे। शव बरामद होने के बावजूद मृत नक्सलियों की पहचान अपुष्ट है। हालाँकि, प्रारंभिक आकलन से पता चलता है कि अधिकांश हताहत पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) कंपनी नंबर 02 के हैं। उन्होंने बताया कि कोरचोली जंगल में आज सुबह सर्चिंग के बाद जवानों ने 3 और नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इस प्रकार मुठभेड़ में अब तक 13 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 को आएंगे लोहाघाट

**चंपावत, समृद्धि न्यूज।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 अप्रैल को चंपावत जिले में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। लोहाघाट रामलीला मैदान में होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर पार्टी ने कमर कस ली है। तीन अप्रैल को पार्टी के कार्यालय में जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा की अध्यक्षता और महामंत्री मुकेश कलखुड़िया के संचालन में हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। साथ ही छह अप्रैल को होने वाले भाजपा के 44वें स्थापना दिवस की तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया गया। लोकसभा सीट के सह प्रभारी दीपक महरा की मौजूदगी में हुई बैठक में दस अप्रैल तक के कार्यक्रम तय किए गए। चंपावत जिले की दोनों विधानसभा सीटों के सभी 344 बूथों पर जाकर लाभार्थियों र संपर्क किया जाएगा। पार्टी ने अल्मोड़ा सीट के उम्मीदवार अजय टम्टा को अधिक से अधिक वोटों से जिताने के लिए काम करने का आह्वान किया।

### राजस्थान की राजकीय व निजी स्कूलों में 11 को अवकाश घोषित

**बीकानेर।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने एक आदेश जारी कर 11 अप्रेल को राजकीय व निजी स्कूलों में राजकीय अवकाश घोषित किया है। सार्वजनिक अवकाशों के परिपेक्ष्य में विभागीय शिविरा पंचाग वर्ष 2023-24 के संबंध में प्रदत्त निर्देशों में एतद द्वारा संशोधन किया जाकर महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर यह अवकाश घोषित किया गया है।

### स्टार प्रचारकों से निरुपम का नाम हटाने का प्रस्ताव पारित

**मुंबई।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता संजय निरुपम को स्टार प्रचारकों की सूची से हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि यह प्रस्ताव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पास भेजा जाएगा और वहां इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला किया जाएगा। संजय निरुपम को पार्टी से निकालने प्रक्रिया शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। दादर स्थित तिलक भवन कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को पार्टी के आला नेताओं की बैठक हुई। बैठक में संजय निरुपम के हालिया पार्टी विरोधी व्यक्तव्य को लेकर चर्चा हुई और संजय निरुपम का नाम स्टार प्रचारकों की सूची से हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। दरअसल, महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दल शिवसेना ने मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र से अमोल कीर्तिकर की उम्मीदवारी की घोषणा कर दी थी।

# अमेज ने लॉन्च किया हमेशा रैडी टू परफोर्म

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत के सबसे तेज़ी से विकसित होते उर्जा समाधानों के ब्राण्ड अमेज़ ने बुधवार को लखनऊ में अपने नए ब्राण्ड कैंपेन हमेशा रैडी टू परफोर्म का लॉन्च किया और इन्वर्टर, बैटरियों एवं सोलर प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज का प्रदर्शन किया। यह लॉन्च उपभोक्ताओं को हमेशा अपने सपने साकार करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें उर्जा क उत्कृष्ट समाधान उपलबध कराने की अमेज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमेज ऐसे प्रोडक्ट्स लेकर आता है जिन्हें लम्बे एवं बार-पावर कट, मौसम की चरम परिस्थितियों और फास्ट चार्जिंग फीचर को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

अपने नए कैंपेन हमेशा सरैडी टू परफोर्म के तहत अमेज़ ने पहली ब्राण्ड थीमेटिक एवं प्रोडक्ट फिल्म का अनावरण किया, जो उपभोक्ताओं को सभी सीमाओं को पार करने, चुनौतियों से निपटने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित करती है। विराट कोहली जिन्हें क्रिकेट के मैदान पर बेजोड़ समर्पण एवं निरंतरता के लिए जाना जाता





है, तत्परता एवं सर्वोच्च प्रदर्शन की भावना का प्रतीक हैं। इस फिल्म में विराट को अपनी सभी सीमाओं को पार कर हर दिन और गेम के हर पहलु में बेहतर प्रदर्शन करते हुए तथा धैर्य के साथ तेज स्कोर बनाते हुए दर्शाया गया है। यह कैंपेन निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ भारत के सपनों एवं महत्वाकांक्षाओं को साकार करने तथा उत्कृष्ट उर्जा समाधानों की डिलीवरी के लिए गुणवत्ता एवं इनोवेशन की दिशा में अमेज के प्रयासों की पुष्टि करता है। इस अवसर पर प्रीति बजाज, सीईओ एवं एमडी ने कहा, ''अमेज़ ने उच्च गुणवत्ता के उर्जा प्रभावी उर्जा समाधान उपलब्ध कराकर अपने आप को भारत के भरोसेमंद ब्राण्ड के रूप में स्थापित कर लिया है। सोलर दृष्टिकोण के साथ इनोवेशन, विस्तार पर ध्यान केन्द्रित करते हुए अमेज भारत के उर्जा परिवेश में बदलाव लाने के लिए तत्पर है। हमने अगले 3 सालों में अपने विकास एवं कस्टमर टचपॉइन्ट्स की संख्या को तीन गुना करने का लक्ष्य रखा है। हम निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ विकसित होते भारत के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।' नीलिमा बुर्रा, चीफ़ स्ट्रैटेजी, ट्रांसफोर्मेशन एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर ने कहा, '' हमेशा रैडी टू परफोर्म कैंपेन उपभोक्ताओं को उनके जीवन के हर पहलु में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सक्षम बनाने की अमेज़ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह फिल्म उपभोक्ताओं के रूझानों पर आधारित है और पावर कट की मुश्किलों के बिना भारत को सभी सीमाओं को पार करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करती है।

### वायनाड से राहुल ने भरा पर्चा, कलपेट्टा में रैली करने के बाद चुनाव प्रचार भी किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल किया। वे कलपेट्टा में रैली करने के बाद चुनाव प्रचार करते हुए नामांकन करने पहुंचे थे। नामांकन दाखिल करने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ये लड़ाई लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा,÷ एक तरफ कांग्रेस पार्टी और आईएनडीआईए गठबंधन लोकतंत्र और संविधान के लिए लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ पीएम मोदी, अमित शाह, भाजपा और आरएसएस के लोग संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने में लगे हैं।÷ राहुल गांधी के नामांकन दाखिल करने के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा भी मौजूद रहीं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, आज भाई राहुल गांधी के चुनाव नामांकन के लिए उनके साथ वायनाड, केरल में हूं। कुछ महीने पहले भाजपा सरकार ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता छीनकर जनता की आवाज दबाने की कोशिश की थी, लेकिन संविधान की ताकत ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया।

# करिश्मा कपूर ने कानपुर में शॉपर्स स्टॉप के पहले स्टोर का किया उद्घाटन





समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** भारत में फैशन, सौंदर्य और उपहारों के लिए लोकप्रिय डेस्टिनेशन, शॉपर्स स्टॉप ने कानपुर में अपने पहले स्टोर की शुरुआत की है। स्टोर का उद्घाटन ग्लैमरस और स्टाइल आइकन करिश्मा कपूर ने किया। इस भव्य लॉन्च के साथ, शॉपर्स स्टॉप शहर के उन तमाम ग्राहकों को विशेष और प्रीमियम खरीदारी के अनुभव पेश करेगा, जो फैशन के प्रति विशेष रुझान रखते हैं। इतना ही नहीं, यह स्टोर ग्राहकों को प्रीमियम ब्रैंड्स और सर्वोत्तम अनुभव भी प्रदान करेगा, जो निश्चित ही इसे क्षेत्र के स्मार्ट शॉपर्स के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बना देगा।

कानपुर में स्थित इस नए शॉपर्स स्टॉप स्टोर पर, ग्राहक एक ही स्थान पर कई विकल्पों का आनंद ले सकेंगे, जिसमें 500 से अधिक ब्रैंड्स की पेशकश, लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स, सौंदर्य के शानदार अनुभव तथा घड़ियों, बैग्स और उपहारों की व्यापक रेंज शामिल है। इस स्टोर में ब्यूटी मेकओवर और पर्सनल शॉपर जैसी विशेष सेवाएँ भी शामिल हैं। इस नवीनतम स्टोर पर टिप्पणी करते हुए कवींद्र मिश्रा, कस्टमर केयर एसोसिएट, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ, शॉपर्स स्टॉप लिमिटेड, ने कहा, कानपुर और उत्तर प्रदेश हमारे लिए महत्वपूर्ण बाजार हैं। कानपुर में नए स्टोर की शुरुआत हमारी विस्तार रणनीति के अनुरूप है, जो हमारे देश के सभी ग्राहकों को बेहतर दिखने और आत्मविश्वासी महसूस कराने पर आधारित है।

# लोकसभा चुनाव : बारासात में टीएमसी व भाजपा के बीच कांटे की टक्कर

एजेंसी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद सभी पार्टियों के उम्मीदवार जोर-जोर से प्रचार प्रसार में जुट गए हैं। पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले की बारासात लोकसभा सीट कई मायनों में खास है। भारत-बांग्लादेश की सीमा से सटे इस क्षेत्र के कुछ हिस्से में बांग्लादेश से आए शरणार्थी मतुआ समुदाय के लोग निवास करते हैं जो बड़े पैमाने पर चुनाव परिणाम को प्रभावित करते हैं। इस बार केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना जारी की है जिसका असर चुनाव परिणाम पर देखने को मिलेगा।

एक तरफ यहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ घुसपैठ को बढ़ावा देने और बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों को संरक्षण देने के आरोप हैं। वहीं दूसरी ओर कट मनी, भ्रष्टाचार और विकास नहीं होना भी ममता बनर्जी की पार्टी और सरकार के खिलाफ मुद्दा है। बारासात लोकसभा सीट पर इस बार भी तृणमूल कांग्रेस ने मौजूदा सांसद काकोली घोष दस्तीदार को टिकट दिया है। भाजपा ने उनके खिलाफ स्वप्न मजूमदार को चुनाव मैदान में उतारा है। इन्हीं दोनों के बीच सीधी टक्कर के आसार हैं। फिलहाल इस सीट पर वाममोर्चा या कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार नहीं उतारा गया है। बारासात पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले का एक शहर है। यह बारासात सदर उपखंड का मुख्यालय भी है। यह क्षेत्र कोलकाता के नजदीक है और कोलकाता मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (केएमडीए) द्वारा कवर किए गए क्षेत्र का एक हिस्सा है। बंकिम चंद्र चटर्जी 19वीं सदी के दौरान 24 परगना के डिप्टी मजिस्ट्रेट हुआ करते थे। बारासात संसदीय क्षेत्र के तहत सात विधानसभाएं आती हैं। इनमें हावड़ा, अशोक नगर, राजरहाट न्यू टॉउन, बिधाननगर, मध्यमग्राम और देगंगा शामिल हैं।

# बसपा के देवव्रत त्यागी ने कलेक्ट्रेट में किया नामांकन



समृद्धि न्यूज

**मेरठ।** सपा ने सभी अटकलों को विराम लगाते हुए अंततः विधायक अतुल प्रधान को ही पार्टी ने सिंबल दे दिया। बुधवार को सपा उम्मीदवार अतुल प्रधान और बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी ने अपना नामांकन पत्र जमा कर दिए।

मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ मंगलवार को अपना नामांकन पत्र जमा किया था। बुधवार को सबसे पहले बसपा उम्मीदवार देवव्रत त्यागी ने कलक्ट्रेट जाकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन जमा करने से पूर्व उन्होंने अंबेडकर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद चौधरी चरण सिंह पार्क पहुंच कर चौधरी चरण सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा को नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान उनके साथ बसपा के मंडल कोआर्डिनेटर शाहजहां सैफी, जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह पाल, कर्नल (सेवानिवृत्त) अमरदीप त्यागी, सुनील कुमार, दीपक शर्मा, अनवर, आशाराम त्यागी, सचिन, राहुल, मयंक, अनुभव त्यागी, शेखर गौतम, विजय, उस्मान सैफी, प्रमोद विमल आदि उपस्थित रहे।

### सपा उम्मीदवार अतुल प्रधान ने दाखिल किया पर्चा



सपा में टिकट को लेकर चल रही उहापोह की स्थिति के बीच सपा उम्मीदवार अतुल प्रधान ने लाव-लश्कर के साथ जाकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने भी सबसे पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र दिया। उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी, पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।